निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार, 13 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 88 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1994:** अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति।
**2008:** विश्व की प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने वियतनाम में संयुक्त रूप से इस्पात परिसर के निर्माण के लिए वहाँ की दो प्रमुख कंपनियों के साथ समझौता किया।
**2008:** भारत ने मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) हथियार प्रणाली पिनाक का सफल परीक्षण किया।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गये तीन बड़े फैसले, 18541 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को तीन बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 रुपये खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिसा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगे। कैबिनैट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फ़ेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथः टाटो-दो



हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 700 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ रुपये का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट लेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। इसके असर से कई अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। देश में आईएसएम के तहत अब कुल 10 स्वीकृत परियोजनाएं हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है। इन इलाकों में शामिल हैं- अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे वाणिज्यिक केंद्र। इस परियोजना के बाद मेट्रो नेटवर्क से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (मेडिकल कॉलेज) व प्रमुख पर्यटक आकर्षण, जैसे इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा भी जुड़ जाएंगे। शहर की समृद्ध और ऐतिहासिक खान-पान की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाककला स्थल भी मेट्रो के नए फ़ेज से जुड़ जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 5,801 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-दो जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा।

# सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी पाए गए सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने कहा, 'इस आदेश की प्रति रजिस्ट्री द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में तो बंद नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भेजने का भी निर्देश दिया ताकि इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सभी सदस्य सचिवों को भेजा जा सके और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस बारे में सूचित किया जा सके। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यादव को अपनी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। पीठ ने कहा, '9 मार्च, 2025 के बाद अपीलकर्ता को और अधिक कारावास में नहीं रखा जा सकता। 10 मार्च, 2025 को ही अपीलकर्ता को उसकी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। सुखदेव यादव की याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे तीन सप्ताह के लिए फर्लो पर रिहा करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला के गले से चेन छीना

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** तिलैया थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर एक बुजुर्ग महिला के गले से करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने की चेन की छिन्नतई हुई है। बदमाश कार से आए थे और चेन छीनने के बाद भाग निकले। 65 वर्षीय पीड़िता तारा देवी ने बताया वो अपने घर के बाहर बैठी थीं। एक कार में सवार तीन लोग उनके पास आए। उन्होंने किसी व्यक्ति का पता पूछा। इसके बाद बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीन फरार हो गए।

### हाइवा की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लोयाबाद स्थित एकड़ा चाली धौड़ा के पास दर्दनाक सड़क हादसे में बीसीसीएल के इलेक्ट्रिकल विभाग के कर्मचारी खीरु महतो की मौके पर ही मौत हो गई। खीरु महतो गड़ेरिया के रहने वाले थे तथा मुनीडीह परियोजना में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार वे अपनी बाइक से केंदुआ की ओर दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने ओवरटेक करने के दौरान उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### छत पर पानी डालने गई महिला की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह गांव में मंगलवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। नवनिर्मित मकान की छत पर पानी डालने गई 42 वर्षीय आरती देवी 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार की चपेट में आ गईं। हादसे में आरती देवी बुरी तरह झुलस गईं। परिवार और पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्हें कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### बेहोशी की हालत में मिले युवक की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** खगड़िया जिले के ओपी क्षेत्र में 5 अगस्त को बेहोशी की हालत में मिले सांखू गांव निवासी अरविंद कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद लाश गांव पहुंचते ही परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गांव के नजदीक ही बखरी-खगड़िया सड़क को जाम कर यातायात ठप कर दिया है। सड़क जाम की सूचना पर गंगौर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों ने उसे खदेड़ कर भगा दिया।

### लापता युवक का मिला शव

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन लापता हुए युवक का शव मंगलवार को ठोरा नदी से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान इटाढ़ी निवासी छोटू कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। छोटू 9 अगस्त को अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसी दिन इटाढ़ी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के पिता लक्ष्मण सिंह कुशवाहा का आरोप है कि जमीन के रास्ते के विवाद में पाटीदार श्रीराम और रामबचन कुशवाहा ने उनके बेटे का अपहरण कर हत्या कर दी।

# सपा प्रमुख ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम व समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को रांची पहुंचे। यहां से वो रामगढ़ के नेमरा गए। वहां उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की। इससे पहले अखिलेश यादव ने रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा काम षड्यंत्र और साजिश करना है। एसआइआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को एक साल पहले लाया जा सकता था। एसआइआर के बहाने वे बड़े पैमाने पर जनता के वोटों में हेरफ़ेर करना चाहते हैं। आज वे (चुनाव आयोग) राहुल गांधी से हलफनामा मांग रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लगभग दो साल पहले हटाए गए 18 हजार वोटों के बारे में हलफनामे के



साथ जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर एक भी अधिकारी या जिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो किसी के वोट के साथ छेड़छाड़ नहीं होगी। भाजपा के लोग हकमारी तो करते ही हैं पर अब मतमारी भी कर रहे हैं। ये मतदान का हक भी छीनना चाहते हैं। इधर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का मंगलवार को आठवां दिन है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप 'श्राद्ध कर्म' का विधान पूरा किया। बता दें कि सोमवार को यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नेमरा पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी थी।

# मेला देखकर लौट रही लड़की से दुष्कर्म

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के मेदिनीनगर में सोमवार रात एक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शिवाजी मैदान में लगे डिज्नीलैंड मेला देखकर लौट रही दो लड़कियों में से एक को कुछ युवकों ने स्टेशन रोड से अगवा कर लिया। ओवरब्रिज के पास से लड़की को उठाकर आरोपी सुनसान जगह ले गए। पीड़िता की सहेली ने तुरंत टीओपी टू की पेट्रोलिंग पुलिस को सूचना दी। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों एक बाइक पर सवार थे और गाड़ी के डिवाइडर से टकराने से यह हादसा हुआ। दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक युवक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। तीनों युवक बाइक से साप्ताहिक बाजार से लौट रहे थे और इसी दौरान नाथपुर पंचायत के वनटोली गांव के पास यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान नाथपुर पंचायत के लीलाकेरा गांव निवासी संदीप सिंह (25), नाथपुर खासटोला निवासी विरिया उरांव और लौवाकेरा गांव निवासी बंटी सिंह (24) के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि हादसे के समय बारिश हो रही थी। पुलिस टीम ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। तीनों शव को मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे देवघर के केसरी दंपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के पुरनदाहा निवासी सौरभ केसरी और उनकी पत्नी रजनी केसरी इस वर्ष 15 अगस्त को नई दिल्ली के लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होंगे। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड ने उन्हें आमंत्रित किया है। यह सम्मान उन्हें और उनके परिवार को पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से औषधीय पौधों की खेती और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने में किए जा रहे कार्यों के लिए मिला है। केसरी परिवार की मेहनत और सेवा भावना ने न सिर्फ देवघर बल्कि पूरे झारखंड को गर्व का अवसर दिया है। सौरभ केसरी और उनका परिवार विगत करीब 112 वर्षों से औषधीय पौधों, फसलों और बीजों की खेती को बढ़ावा दे रहा है। कालमेघ, कौंच, वन तुलसी जैसे औषधीय पौधों की खेती के साथ-साथ वे किसानों को इनके बीज, फसल और मार्केटिंग से जुड़े सभी पहलुओं के बारे में जानकारी देते हैं। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के किसान औषधीय पौधों की खेती से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं और पलायन की समस्या में कमी आई है। देवघर की मिट्टी से जुड़ा यह परिवार अपनी जड़ों को संभाले रखते हुए आधुनिक बाजार की जरूरतों को समझकर आगे बढ़ा है। सौरभ और रजनी केसरी ने अपने कार्य को महज पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना। वे मानते हैं कि औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारती है, बल्कि आयुर्वेदिक और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी नई ऊर्जा देती है।

## नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के निरसा थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने सरकारी विद्यालय से मात्र 50 मीटर दूर चल रही नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। फैक्ट्री के मुख्य संचालक विकास साहनी और उसके सहयोगी सुशीलाल मुर्मू हैं। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में सुशीलाल मुर्मू के घर से 820 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद हुआ। टीम को सिग्नेचर, रॉयल स्टैग और मैकडॉनल्ड बी7 ब्रांड की शराब के ढक्कन मिले। इसके अलावा पैकिंग मशीन, रेपर और ब्रांडेड शराब की खाली बोतलें भी जब्त की गईं। पुलिस के पहुंचने से पहले विकास साहनी मौके से फरार हो गया। घर के पीछे बने सरकारी शौचालय से भी कुछ पैकिंग मशीनें बरामद हुईं। उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी के अनुसार, विकास साहनी पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह कानून और समाज की परवाह किए बिना अवैध कारोबार को बढ़ावा देता रहा है। प्रशासन की यह कार्रवाई नकली शराब के खिलाफ सख्त रुख दिखाती है।

**FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT**

**DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY**

**GLOBAL VISION**

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

**भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE**

**JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AIRMAN**

INDIAN AIR FORCE INVITES INDIAN/ GORKHA (A SUBJECT OF NEPAL)MALE CANDIDATESTO APPEAR IN RECRUITMENT RALLY FROM27 AUG 2025 TO 04 SEP 2025 TOJOIN THE IAF AS AIRMEN IN GROUP 'Y' (NON-TECHNICAL) MEDICAL ASSISTANTTRADEFOR INTAKE 01/2026 AT 4 AIRMEN SELECTION CENTRE, NEAR PALTA GATE, AIR FORCE STATION BARRACKPORE, POST- BENGAL ENAMEL 24 PARGANAS (NORTH), WEST BENGAL- 743122

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Venue/ Location | 4 AIRMEN SELECTION CENTRE, NEAR PALTA GATE, AIR FORCE STATION BARRACKPORE, POST- BENGAL ENAMEL 24 PARGANAS (NORTH), WEST BENGAL- 743122 |
| 2. | Marital Status and Date of Birth Block | 2.1. **Medical Assistant (For candidates with 10+2).**Candidate should be unmarried and born between **01 January 2005** and 01 **January** 2009**(both dates inclusive)**.<br>2.2. **Medical Assistant (For candidates with Diploma/ B.Sc in Pharmacy).** Unmarried candidate should be born between**01 January 2002 to 01 January 2007(both dates inclusive).** Marriedcandidate should beborn between **01 January 2002 and 01 January 2005(both dates inclusive)**. |
| 3. | Education Qualification | 3.1. Candidate should have passed **10+2/ Intermediate/ Equivalent Examination**with **Physics**, **Chemistry**, **Biology** and **English** from Education Boards recognised by Central, State and UT,with a minimum of **50% marks in aggregate** and with **50% marks in English**.<br>**OR**<br>Should have passed two years vocational course with non-vocational subjects i.e. Physics, Chemistry, Biology and English from Education Boards recognised by Central, State and UT, with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English.<br>3.2. Candidate should have passed **Intermediate/ 10+2/ Equivalent Examination** with **Physics, Chemistry, Biology and English** with a minimum of **50% marks** in aggregate and **50% marks** in English. **In addition, Diploma/ B.Sc in Pharmacy with minimum 50% marks in aggregate with valid registration from State Pharmacy Council or Pharmacy Council of India (PCI) at the time of enrolment will be mandatory requirement.**<br>**Note-1.** EducationBoards(for 10+2 or equivalent)recognised by Central, State and UT, shall only be permitted.<br>**Note-2.** Exact aggregate percentage of marks before decimal as written in the marks sheet of 10+2/ Intermediate/ Equivalent/ Diploma/ B.Sc in Pharmacy OR calculated as per the rules of concerned Education Board shall only be considered (For example 49.99% should be taken as 49% and not to be rounded off to 50%). |
| 4. | Group & Trade | Airmen in Group 'Y' (Non-Technical) for Medical AssistantTrade only. |
| 5. | Time & Date of Rally | Reporting time at Rally Venue: **6 AM on 27 August 2025, 30 August 2025 and 02 September 2025** (as per details given below at Para 6) & Last time to report **1000 hrs.** |
| 6. | State / Districts Covered | **27 to 28 August 2025 (Only for candidates with 10+2)**.All the districts of States of Odisha, Jharkhand and Sikkim.<br>**30 to 31 August 2025 (Only for candidates with 10+2)**.All the districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Tripura, Meghalaya,Manipur, Mizoram, Nagaland, Chhattisgarh and West Bengal.<br>**02 to 03 September 2025 (Only for candidates with Diploma/ B.Sc in Pharmacy)**.All the districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Tripura, Meghalaya, Manipur, Mizoram, Nagaland, Odisha, Chhattisgarh, West Bengal, Jharkhand and Sikkim. |

FOR DETAILED ADVERTISEMENTLOG ON TO WEB PORTAL **www.airmenselection.cdac.in**

Cbc 10803/11/0014/2526

Scan QR code for detailed information

# 10 बड़ी और 13 छोटी नदियों में उफान से बिहार में हाहाकार



## 17 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित. अलर्ट जारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बड़ी नदियों के बाद छोटी नदियों का कहर शुरू हो गया है। सोमवार की शाम तक 13 छोटी नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गयीं। इसके कारण सात जिलों में स्थिति बिगड़ी है। उधर, दस बड़ी नदियां पहले ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इससे एक दर्जन से अधिक जिलों में बाढ़ का कहर जारी है। जल संसाधन विभाग ने इन नदियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। संबंधिक क्षेत्र के अभियंताओं को सतर्क रहने को कहा गया है।

विभाग के अनुसार इस समय माही, बाया, गंडकी, दाहा, बरही, कारी कोसी, कर्मनाशा, धर्मावती, दुर्गावती, मोहाने, भूतही, चिरैया, घोघा नदियां लाल निशान के पार पहुंच गई हैं। इसके कारण सारण, समस्तीपुर, कटिहार, कैमूर, नालंदा, भागलपुर, बक्सर जिले के बड़े इलाके में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में पानी तेजी से फैल रहा है। इनमें से कई नदियां खतरे के निशान से दो से पांच मीटर तक ऊपर बह रही हैं। यही नहीं इनके जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है।

इसके पहले से गंगा समेत प्रदेश की दस बड़ी नदियां कहर ढा रही हैं। कोसी, बागमती, अधवारा, गंडक, बूढ़ी गंडक, महानंदा, घाघरा, सोन और पुनपुन का जलस्तर पिछले 10 दिनों से लगातार खतरे के निशान से ऊपर है। इसके कारण तटबंधों पर भारी दबाव की स्थिति है। विभाग के अभियंता रात्रिकालीन पेट्रोलिंग कर रहे हैं, जबकि तटबंध सुरक्षाकर्मी 24 घंटे गश्त लगा रहे हैं।

किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में निकट के पंचायतों से भी मदद का अनुरोध किया गया है। उनसे किसी प्रकार के कटाव या रिसाव की स्थिति में तत्काल सूचना देने को कहा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी 3800 किलोमीटर तटबंधों सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर उनकी जानकारी सार्वजनिक की है। कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र के सुरक्षाकर्मी की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन करके हासिल कर सकता है।

### गंगा के जलस्तर में 72 घंटे में एक मीटर की कमी

पटना में गंगा के जलस्तर में पिछले 72 घंटे में एक मीटर की कमी आई है। गंगा का जलस्तर सोमवार को मनेर में 52.61 मीटर था और खतरे का निशान 52.00 मीटर है। दीघाघाट में 50.92 मीटर और खतरे का निशान 50.45 मीटर। गांधीघाट में 49.63 मीटर , खतरे का निशान यहां 48.60 मीटर है। हाथीदह में 42.99 मीटर था खतरे का निशान 41.76 मीटर है। पुनपुन नदी श्रीपालपुर में 51.80 मीटर था,खतरे का निशान 50.60 मीटर है।

### 10 जिलों के 17.62 लाख लोग बाढ़ प्रभावित

बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या 8 से बढ़कर 10 हो गई है। इन दस जिलों के 46 प्रखंडों की 269 ग्राम पंचायतों के 17 लाख 62 लाख लोग बाढ़ प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, वैशाली, भोजपुर, पटना, लखीसराय, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, सारण, खगड़िया और सुपौल बाढ़ प्रभावित जिले हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत दिलाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।विभिन्न जिलों में कुल 321 सामुदायिक रसोई से रोजाना बाढ़ प्रभावित लगभग 3.71 लाख लोगों को भोजन कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त दो राहत शिविर चलाए जा रहे हैं। इनमें लगभग 1306 बाढ़ शारणार्थियों के लिए आवासन, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच अब तक लगभग 54200 पॉलिथीन शीट एवं लगभग 10650 सूखा राशन पैकेट बांटा गया है। बाढ़ प्रभावित जिलों में लोगों के आवागमन में सुविधा के लिए 1186 नावें चलाई जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के लिए एसडीआरएफ की 22 और एनडीआरएफ की 10 टीमों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

| नदी | जिला | खतरे से ऊपर |
|---|---|---|
| माही | सारण | 233 सेमी |
| गंडकी | सारण | 206 सेमी |
| दाहा | सारण | 49 सेमी |
| बाया | समस्तीपुर | 129 सेमी |
| बरही | कटिहार | 01 सेमी |
| कारी कोसी | कटिहार | 9 सेमी |
| कर्मनाशा | कैमूर | 117 सेमी |
| धर्मावती | बक्सर | 92 सेमी |
| दुर्गावती | रोहतास | 26 सेमी |
| मोहाने | नालंदा | 21 सेमी |
| भूतही | नालंदा | 70 सेमी |
| चिरैया | नालंदा | 05 सेमी |
| घोघा | भागलपुर | 493 सेमी |

संक्षिप्त समाचार

## नवादा में एनकाउंटर के दौरान अपराधी को मारी गोली

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार में अपराधियों पर पुलिस का प्रहार जारी है। ऑपरेशन लंगड़ा के तहत बिहार के नवादा जिले में एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक अपराधी घायल हो गया है। घायल अपराधी का नाम निखिल कुमार बताया जा रहा है। अपराधी निखिल कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवादा के हिसुआ थाना क्षेत्र में मंझवे पहाड़ी के पास जिला पुलिस और एसटीएफ एक अपराधी को पकड़ने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और अपराधी निखिल कुमार को पैर में गोली मार दी। निखिल कुमार के बारे में बताया जाता है कि वो दुकान पर हमले और डकैती का आरोपी है। पुलिस ने बताया है कि अपराधियों ने 25 जुलाई को एक इलेक्ट्रॉनिक के दुकान पर फायरिंग की थी। इस दौरान डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। इसी डकैती और फायरिंग में शामिल अपराधी निखिल को पुलिस ने एनकाउंटर में घायल किया है। अपराधी निखिल के बारे में बताया जा रहा है कि वो गयाजी जिले का रहने वाला है। नवादा के एसपी अभिवन धीमान ने बताया कि पुलिस और एसटीएफ की एक टुकड़ी यहां आई थी।

# ट्रैक के नीचे से निकली मिट्टी, नमो भारत ट्रेन बाल-बाल बची,पटना-मोकामा रेलखंड पर टला हादसा



**पटना/बख्तियारपुर, एजेंसी।** पटना मोकामा रेलखंड पर सोमवार की शाम रेल हादसा होते होते बच गया। दरअसल लगातार बारिश की वजह से दानापुर रेल मंडल के टेकाबिगहा स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक के नीचे से मिट्टी निकल रही थी, जिससे ट्रैक आंशिक रूप से धंस गया था। इससे डाउन लाइन पर 3 ट्रेनों का परिचालन लगभग एक घंटे तक बाधित हो गया। ट्रैक के पास से मिट्टी निकलने की सूचना मिलने के बाद मौके पर रेलवे की टीम पहुंची और इसे दुरुस्त किया। शाम साढ़े सात बजे रेलखंड पर इसे दुरुस्त कर ट्रेनों को धीमी गति से गुजरने का कागजी निर्देश जारी किया गया। रेलखंड पर अब रेल परिचालन सुविधा बहाल कर दी गई। रेल सूत्रों के मुताबिक सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे गाड़ी संख्या 94804 पटना जयनगर नमो भारत रैपिड ट्रेन डाउन लाइन से गुज़र रही थी। सेमीहाईस्पीड ट्रेन होने की वजह से अन्य ट्रेनों से इसकी रफ्तार अधिक थी।

ट्रेन टेकाबिगहा स्टेशन के नजदीक पिलर संख्या 503/12 के पास पहुंची ही थी कि पायलट को आंशिक झटका महसूस हुआ। चालक ने गति को नियंत्रित कर तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल को दी। बख्तियारपुर स्टेशन मास्टर को भी ट्रैक की समस्या से अवगत कराया गया। इसी बीच इंजीनियरों की टीम भी मौके पर पहुंची और पटरियों के आसपास की मिट्टी को दुरुस्त किया गया। फिलहाल डाउन लाइन में सभी ट्रेनों को कागजी निर्देश पर धीमी गति से चलाया जा रहा है। मौके पर निगरानी व्यवस्था को और बढ़ा दिया गया है।

### पटना की 3 ट्रेनें हुई प्रभावित

रेलखंड पर अचानक समस्या आने की वजह से रेलवे कंट्रोल से विभिन्न स्टेशनों पर सूचना जारी की गई। इस दौरान कमला गंगा इंटरसिटी करौटा में खड़ी रही। ट्रेन संख्या 63222 पटना-मोकामा मेमू पैसेंजर और 63218 दानापुर- मोकामा मेमू ट्रेन को आधे घंटे तक अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ा रहना पड़ा। इससे यात्रियों को परेशानी हुई।



## इलेक्शन कमीशन को जवाब देंगे, हम राहुल गांधी या तेजस्वी यादव नहीं: विजय सिन्हा

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के डबल एपिक विवाद के बीच पता चला कि डिप्टी सीएम बीजेपी नेता विजय कुमार सिन्हा का दो जगहों पर मतदाता सूची में नाम होने का मामला गरमा गया है। इलेक्शन कमीशन ने नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है। नोटिस के जवाब को लेकर विजय सिन्हा ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत पूरे विपक्ष को निशाने पर ले लिया है। उन्होंने कहा है कि वे आयोग की नोटिस का समय से जवाब जरूर देंगे। चुनाव आयोग ने विजय सिन्हा से मंगलवार तक स्पष्टीकरण की मांग की है।

पटना में पत्रकारों के सवाल पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग का सम्मान करते हैं। यह संवैधानिक संस्था है और जो नोटिस हमें भेजा गया है हम उसका जवाब समय से देंगे। कहा कि हमारा पक्ष साफ है। जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं है। वे लोग सोचें जिनके पास कोई जवाब नहीं है। सबको इन संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए।

विजय सिन्हा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे नहीं है कि संवैधानिक संस्था को लेकर कुछ से कुछ बोलते रहेंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि ये लोग खुद वोट डकैती करना चाह रहे हैं और दूसरों पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं। कहा कि ये लोग अपने परिवार को जैसे भी हो स्थापित करना चाह रहे हैं। इसमें दिक्कत हो रही है तो गुस्से में हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव और राहुल गांधी परिवारवाद के पोषक हैं। यह लोग क्या बोलेंगे। बिहार में फर्जी मतदाता का नाम कटा है तो इस बात को लेकर यह लोग क्यों इतना आक्रोशित हो रहे हैं यह जनता जान रही है। इसीलिए यह लोग दूसरे को वोट की चोरी करने वाला क्या कहेंगे। उन्होंने कहा कि यह लोग तो खुद वोट की डकैती करना चाह रहे थे, जिसे चुनाव आयोग ने रोक दिया है। ये लोग बहाने बनाकर प्रदर्शन करने और सड़क पर उतरने का काम कर रहे हैं। जनता इनकी राजनीति को देख रही है। वोट में सब पता चल जाएगा जब जनता इन्हें पूरी तरह से निकलने का काम करेगी।

# बिहार में घर में सो रही 10 साल की छात्रा को उठा ले गया बदमाश


### थोड़ी ही दूर पर रेप



**वैशाली, एजेंसी।** बिहार में 10 साल की एक छात्रा से हैवानियत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घर में सो रही छात्रा को हैवान उठा कर ले गया और फिर उसके साथ रेप जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

मामला वैशाली जिला का है। वैशाली जिले के बेलसर थाना के चकमारूफ गांव में 10 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि घर में सो रही लड़की को हैवान सोई अवस्था अवस्था मे उठा कर ले गया था। घर से कुछ ही ले जाकर छात्रा के साथ रेप किया गया है। इधर इस सनसनीखेज घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। यह घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है।

## बिहार में अब तक 23 हजार से ज्यादा शिक्षकों का ट्रांसफर, ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर आ रहे आवेदन




**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने बिहार के विभिन्न जिलों के 6 हजार 336 शिक्षकों का पारस्परिक तबादला (म्यूचुअल ट्रांसफर) किया है। इसके पहले दो चरणों में 28 जुलाई तक 17 हजार 242 शिक्षकों का पारस्परिक तबादला किया गया था। इसके बाद 14 दिनों में 6 हजार 336 और शिक्षकों को इसके माध्यम से तबादला मिला। यानी तीन चरणों में ऐसे शिक्षकों की संख्या 23 हजार 578 हो गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि पारस्परिक तबादले के विकल्प अभी खुले हुए हैं। समान कोटि के शिक्षक एक दूसरे की जगह स्थानांतरित किए गए हैं। ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर तबादले के बाद शिक्षकों के नाम दिखने लगे हैं। एक-दूसरे की जगह तबादला किए गए शिक्षकों में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। स्थानांतरण के लिए इन शिक्षकों ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर पारस्परिक तबादले के लिए आवेदन किया था। शिक्षा विभाग ने 26 जून को शिक्षकों को पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा देने संबंधी पत्र जारी किया था।

# टूटेगा मुकेश सहनी का सपना? डिप्टी सीएम पद की दावेदारी पर बोले अब्दुल बारी सिद्दीकी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी हलचल तेज है। बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन काफी सक्रिय है और महागठबंधन में शामिल सभी दल चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। वीआईपी चीफ मुकेश सहनी पिछले कुछ दिनों से लगातार यह भी कहते आ रहे हैं कि इस बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी। इतना ही नहीं मुकेश सहनी ने तो यहां तक कह दिया है कि महागठबंधन की सरकार में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे और वो उपमुख्यमंत्री। हालांकि, राष्ट्रीय जनता दल के एक दिग्गज नेता के हालिया बयान से ऐसा लगता है कहीं मुकेश सहनी का डिप्टी सीएम की दावेदारी का सपना टूट ना जाए। दरअसल जब राजद नेता से वीआईपी चीफ की इस दावेदारी को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कह दिया कि गठबंधन में ऐसी कोई बात ही नहीं हुई है। राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी रविवार को मोतिहारी जिले में मौजूद थे। यहां हरसिद्धी प्रखण्ड क्षेत्र के प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय गायघाट के प्रांगण में मुसहर विकास मंच की ओर से राष्ट्रीय जनता दल मुसहर महाकुंभ सम्मेलन का आयोजन किया गया था। यहां पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि लालू प्रसाद गरीबों के मसीहा हैं। जब कुछ पत्रकारों ने अब्दुल बारी सिद्दीकी से मुकेश सहनी की तरफ से डिप्टी सीएम पद को लेकर दावेदारी किए जाने को लेकर सवाल किया तो राजद नेता ने कहा, 'कौन किसकी दावेदारी कर रहे हैं, इसकी हमको जानकारी नहीं है। मगर जहां तक हमारे गठबंधन का सवाल है तो उस गठबंधन में इस तरह की कोई बात नहीं हुई है।' अब्दुल बारी सिद्दीकी ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं तो राजद के उम्मीदवार को मत देकर तेजस्वी यादव के हाथ को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि पहले बड़े लोग मुसहर जाति से दलितों से छुआछूत की भावना रखते थे। आज लालू प्रसाद ने उनको अधिकार देकर कई मुसहर और दलितों को विधायक बनाया। मंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि हम आपसे राजद के लिए वोट देने का आग्रह कर रहे हैं।

## पटना के स्कूल में तीन बच्चों की बिगड़ी तबीयत 1 की मौत, जहरीली चीज खाने की आशंका



**पटना, एजेंसी।** पटना से सटे धनरुआ में पभेड़ी मोड़ के आवासीय निजी विद्यालय में रविवार शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने हुई। यहां पढ़ने वाले एक ही परिवार के तीन बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इनमें 13 वर्षीय सूरज की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई नीरज (11) और बहन सोनी प्रिया (9) बेलदारीचक के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। सूरज, विजयपुरा गढ़ निवासी सरून का बेटा था। सरून प्रहैदराबाद में नौकरी करते हैं। हादसे के वक्त वे वहीं थे। उन्हें प्रिंसिपल प्रमोद कुमार का फोन आया-आपके बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**परिजनों का संगीन आरोप :** परिजनों का आरोप है कि सूरज की मौत पहले ही हो चुकी थी, लेकिन सच छिपाने के लिए उसे नर्सिंग होम ले जाया गया। गांव के लोग जब अस्पताल पहुंचे तो गुस्से में प्रिंसिपल प्रमोद, उनके बेटे और ड्राइवर को पकड़ लिया। देर रात प्रिंसिपल ने फोन कर 10-12 लोगों को बुला लिया और वे उन्हें जबरन वहां से ले गए। पुलिस का शक-बच्चों ने शायद किसी जहरीली चीज का सेवन कर लिया, जिससे यह हादसा हुआ। पिता की लिखित शिकायत पर उसके खिलाफ केस दर्ज हो गया है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 12-08-2025 21:57 Page 1



# छात्रा की हत्या मामले की जांच में पहुंचे डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के परसा गांव में सोमवार की सुबह हुई छात्रा की गोली मारकर हत्या के मामले ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यह वारदात उस समय हुई, जब पीड़िता कोचिंग से पढ़ाई कर घर लौट रही थी। बताया जाता है कि गांव के पास ही स्थित एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर आरोप है कि उसने प्रेम प्रसंग के विवाद में अपनी प्रेमिका की छोटी बहन को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार दोपहर मिथिला प्रक्षेत्र की डीआईजी डॉ. स्वप्ना गौतम मेश्राम स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं। उनके साथ समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारियों से ली।इसके बाद अधिकारियों ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत पूछताछ की। पीड़ित परिवार ने इस दौरान अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की मांग की।पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मौके पर मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मामला है और इसकी तह तक जाने के लिए हर संभव



प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस बहुत जल्द इस हत्याकांड का खुलासा कर देगी।

पुलिस ने यह भी पुष्टि की है कि पीड़ित परिवार द्वारा पूर्व में थाना में दिए गए एक आवेदन की भी जांच कराई जा रही है। उस आवेदन में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया था, उन्हें मौजूदा घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। यदि जांच में किसी भी पुलिस पदाधिकारी, विशेषकर पूर्व थाना अध्यक्ष की लापरवाही सिद्ध होता है तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ उक्त घटना मामले में हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। एसपी ने कहा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित परिवार को न्याय जल्द दिलाया जाएगा।

# दो बच्चों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## एक बच्ची की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के कलेर थाना अंतर्गत मसदपुर गांव में दो बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वहीं एक बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने को लेकर सदर अस्पताल भेजा। पालीगंज थाना क्षेत्र के खीरी मोड़ गांव के ननिहाल में रह रहे उनके नाना कमलेश ठाकुर का कहना है कि सोमवार की रात्रि दूध पीने से तीन बच्चे की अचानक तबियत बिगड़ गई, जिसे इलाज के लिए पालीगंज अस्पताल में ले गए।

इलाज के क्रम में पांच वर्षीय कुमार एवं तीन वर्षीय मोहित कुमार की मौत हो गई। बच्ची निधि कुमारी गंभीर रूप से बीमार है जिसे पीएमसीएच रेफर किया गया है। बताया जाता है कि पालीगंज थाना क्षेत्र के खीरी मोड़ गांव निवासी रामबाबू महतो के घर से दूध लाकर बच्चों को पिलाया जाता था। दूध पीने के उपरांत तीनों बच्चों की स्थिति बिगड़ने लगी।

मौके पर फूड सेफ्टी विभाग की टीम को बुलाए जाने की प्रक्रिया किया जा रहा है। बताया जाता है मसदपुर गांव निवासी गनौरी ठाकुर के पुत्र मोहन ठाकुर निजी नौकरी करने के लिए सूरत में रहते हैं। ससुराल में साला रितेश ठाकुर का शादी समारोह की तैयारी हो रही थी, तभी उनकी पत्नी मीरा कुमारी और तीन बच्चे पालीगंज थाना क्षेत्र के खीरी मोड़ गांव गए थे।

मृतक के पिता बाहर से नहीं पहुंच पाए हैं। घटना सोमवार की रात्रि करीब 11 बजे की बताई जा रही है। अरवल सदर के विधायक महानंद सिंह ने पहुंचकर पीड़ित स्वजन को ढाढ़स बंधाया।

# अंधविश्वास के नाम पर 60 वर्षीय वृद्ध की हत्या

## चार महिलाओं और एक पुरूष ने दिया घटना को अंजाम



**इमामगंज (गया)।** गया जिले के इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना क्षेत्र के लावावार गांव के पाचकेडिया टोला में सोमवार की सुबह अंधविश्वास के नाम पर 60 वर्षीय वृद्ध की हत्या कर दी गई। आरोप है कि गांव की महिलाओं ने वृद्ध को ओझा-गुणी बताकर रस्सी से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद शव को छुपाने के लिए गांव के पुरुषों की मदद से बोरे में बंद कर मोटरसाइकिल से नदी किनारे झाड़ी में फेंक दिया गया।

घटना की सूचना कुछ देर बाद ग्रामीणों के माध्यम से इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार तक पहुंची। उन्होंने कोठी थाना पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कोठी, इमामगंज, सुहैल, सलैया और मैगरा थानों की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। करीब दस घंटे की

### झाड़ी से बोरे में बंद मिली लाश

तलाश के बाद पुलिस ने नदी किनारे झाड़ियों से बोरे में बंद शव बरामद कर लिया।

थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान मंटू भारती निवासी पाचकेडिया टोला, लावावार के रूप में हुई है। उन्हें गांव की चार महिलाओं और एक पुरुष ने अंधविश्वास के तहत मौत के घाट उतार दिया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल गया भेजा गया है। इस मामले में मुख्य आरोपित सुविया देवी समेत चार महिलाएं और एक पुरुष को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

मृतक की पत्नी बरती देवी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे गांव के लोग उनके पति को घर के दरवाजे से पकड़कर ले गए और गांव में ही पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद शव गायब कर दिया गया।

पति की मौत की खबर सुनते ही बरती देवी, उनकी बेटी और बहू फूट-फूटकर रो पड़ीं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और बाकी आरोपितों की तलाश जारी है।

# बारिश ने विगाड़ा हरी सब्जियों का जायका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अधिक वर्षा का असर हरी सब्जियों के दामों पर पड़ा है। दो माह से हरी सब्जियों का दाम आसमान छू रहा है। दो माह पहले तक सस्ते दाम पर बिकने वाली सब्जी दोगुना से तीन गुणा दाम पर बिक रही है। लोगों को उम्मीद थी कि बारिश में सब्जी का दाम कम हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।बाजार में बैंगन 80 से सौ रुपये किलो बिक रहा है।

सब्जी के बढ़ते दाम ने घर का बजट खराब कर रखा है। सब्जी खरीदने के पहले लोगों के सोचना पड़ रहा है।

दो माह पहले सौ रुपये में थैला सब्जी से भर जाता है। लेकिन अधिक वर्षा होने से सब्जियों के दाम में आग लगा हुई है। क्योंकि बाजार में आने वाले लोकल स्तर पर सब्जियां अधिक पानी होने से नष्ट हो गई है। शिमला मर्च, बैगन, खीरा, धनिया पत्ता, भिंडी के दाम बढ़ने से गृहणियां अधिक परेशान



है।

पहले आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी होती थी। तो कम पैसे में लोग अधिक सब्जियों को घर ले जाते थे। लेकिन अब बाजार में सब्जी लोकल स्तर पर काफी कम आ रहा है।

शहर के केदारनाथ मार्केट सब्जी विक्रेता बलभद्र प्रसाद का कहना है कि अधिक वर्षा होने से हरी सब्जी का दाम आसमान पर पहुंच गया है। क्योंकि मंडी में ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी नहीं आ रहा है। मंडी में सब्जी दूसरे प्रदेश झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश से आ रहा है। ऐसे में सब्जी का दाम में आग लगी है।

# मेला स्पेशल से धरायी 14 बोरियों में भरी शराब

## चार शराब तस्कर धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** ट्रेनों के माध्यम से शराब तस्करी रोकने की दिशा में रविवार की रात बक्सर आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। विभिन्न ट्रेनों की सघन जांच के क्रम में मेला स्पेशल ट्रेन से 14 बोरी शराब लेकर आ रहे चार तस्करों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद चारों को जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में जानकारी देते आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बक्सर से होकर गुजरने वाली तमाम ट्रेनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में 03602 डाउन मेला स्पेशल ट्रेन के बक्सर स्टेशन पर रुकते ही विभिन्न कोचों की जांच शुरू कर दी गई।



इसी क्रम में एक कोच से 14 बोरियों में पैक अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए जब्त कर लिया गया। यात्रियों से पूछताछ के क्रम में चिह्नित करते हुए चार तस्करों को भी दबोच लिया गया जो शराब की खेप लेकर जा रहे थे।

चारों तस्करों की पहचान पटना के गर्दनीबाग निवासी रौशन कुमार, पप्पू कुमार, बेगुसराय के साहेबपुर कमाल निवासी अमन कुमार और पटना के गोपालपुर थाना अंतर्गत रामधनीपुर निवासी रोहित कुमार के रूप में की गई।

शराब से भरी बोरियों का आकलन करने पर कुल 348 लीटर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब पाई गई, जिनका बाजार मूल्य लगभग 1.90 लाख रुपये आंका गया है।

तस्करों से पूछताछ में पता चला कि वे लोग विगत काफी दिनों से ट्रेन के रास्ते यूपी से शराब की तस्करी कर पटना और बेगूसराय ले जाकर उंची कीमतों पर बेचा करते हैं।

# 16 से 20 सितंबर तक चलेगा राजस्व महा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** अंचल अधिकारी बिणा भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अगस्त से 20 सितंबर तक क्षेत्र के सभी 17 पंचायतों में राजस्व महा अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान राजस्व कर्मचारी घर-घर जाकर ऑनलाइन जमाबंदी अभिलेखों में मौजूद त्रुटियों को सुधारेंगे।अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि भूमि रिकॉर्ड में मौजूद पिता का नाम, खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा या अन्य विवरण से जुड़ी गलतियों को मौके पर ही सही किया जा सके। अंचलाधिकारी ने बताया कि सामान्य दिनों में ऐसे सुधार के लिए लोगों को कई बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन इस विशेष अभियान के तहत टीम सीधे आपके घर तक पहुंचेगी, जिससे लोगों का समय और श्रम दोनों की बचत होगी।उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने भूमि संबंधी दस्तावेज तैयार रखें और सही जानकारी दें, ताकि सुधार का कार्य तेजी से किया जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अभियान के दौरान किसी प्रकार की दलाली या अवैध वसूली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और यदि कोई कर्मचारी गलत तरीके से पैसे की मांग करता है तो तुरंत अंचल कार्यालय को सूचित करें।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान उनके लिए बहुत मददगार साबित होगा, क्योंकि लंबे समय से कई लोगों के रिकॉर्ड में त्रुटियां होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं और लेन-देन में कठिनाई हो रही थी।

# महिला और बच्चे की पेड़ से लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** बाजपट्टी थाना क्षेत्र के पटदौरा टोला के बगीचे में बदमाशों ने एक महिला और एक बच्चे की हत्या कर शवों को पेड़ से लटका दिया। शवों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस वहां पहुंची और आवश्यक जांच कर रही है।

# नशे में धुत्त पड़ोसी ने दंपत्ति पर किया हमला

## पति की मौत, पत्नी गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** सिमरी थाना क्षेत्र की बनौली पंचायत के धनकौल गांव में सोमवार रात करीब 12 बजे मवेशीखाने में सो रहे दंपती पर नशे में धुत पड़ोसी ने रॉड, बांस और हथौड़े से हमला कर दिया। इस हमले में स्वर्गीय खंजन सहनी के पुत्र रामलक्षन सहनी (65) की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि पत्नी सुनैना देवी (60) को डीएमसीएच में इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से हमले का आरोपी राजकुमार सहनी का पुत्र कौशल कुमार सहनी पूरे परिवार के साथ घर से फरार हो गया है।

बता दें कि रामलक्षन सहनी मजदूरी और मवेशी पालन कर अपना जीवन यापन करते थे। बेटे लालबाबू सहनी और रामबाबू सहनी लुधियाना और कर्नाटक में मजदूरी करते हैं। बड़ी बहू रेणु देवी ने बताया कि रात करीब 10 बजे बाबूजी खाना खाने घर आए थे।

वहां से उन्होंने अपने और अपनी पत्नी के लिए खाना लिया और धनकौल कुटी स्थित मवेशी शेड में चले गए जहां मवेशियों को रखा जाता है। रात के करीब 12 बजे,



हमने छत से कुछ शोर सुना और घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि दोनों खून से लथपथ थे। इसके बाद हमने घटना की जानकारी सिमरी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर पंकज रजक, संजीव कुमार और सहायक दारोगा हरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच की।

सुबह पांच बजे रामलक्ष्मण सहनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। पड़ोसी और घटना के प्रत्यक्षदर्शी जगन्नाथ सहनी ने कहा कि रात में कुछ शोर सुनकर जब वे बाहर आए, तो देखा कि कौशल कुमार सहनी उन दोनों पर रॉड और हथौड़े से हमला कर रहा था। जब हमने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो वह हमें मारने के लिए दौड़ा, जिसके बाद हमने दरवाजा बंद कर दिया और अपनी जान बचाने के लिए अपने परिवार के साथ घर के अंदर भाग गए।

# ब्लैकमेल से परेशान नाबालिग ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर।** असम के डिब्रूगढ़ थाने की पुलिस ने देवरिया थाना के माधोपुर धरफरी इलाके से पॉक्सो एक्ट के आरोपित गौतम कुमार उर्फ गौतम साह को गिरफ्तार कर एसीजेएम-एक पश्चिमी की अदालत में पेश किया। अदालत के आदेश पर पांच दिनों के लिए ट्रांजिट रिमांड लेकर असम पुलिस रवाना हो गई।

बताया गया कि आरोपित के पिता असम में दुकान चलाते थे। आरोपित भी वहीं रहता था। इस बीच आरोपित को वहीं की एक किशोरी से प्रेम हो गया। कुछ दिनों बाद आरोपित ने उसकी अश्लील तस्वीर और वीडियो बना ली, फिर इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर यौन संबंध बनाने का दवाब दे रहा था। कई बार आरोपित से मिलकर आरजू-मिन्नत करने के बाद भी वह नहीं माना।अंत में परेशान होकर किशोरी ने 26 जून को अपने घर के कमरे में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मामले में किशोरी के पिता ने 29 जून को डिब्रूगढ़ थाने में प्राथमिकी कराई थी। इसमें देवरिया माधोपुर धरफरी निवासी आरोपित गौतम कुमार उर्फ गौतम साह समेत अन्य को आरोपित किया था।

# सोये में अगवा कर बच्ची से दुष्कर्म

## चंवर में खून से लथपथ मिली बच्ची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक 10 वर्षीय बच्ची को सोये अवस्था में घर से अगवा कर चंवर में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म करने के बाद दरिंदा मौके से फरार हो गया।

बच्ची को बिस्तर पर न पाकर माता-पिता उसकी तलाश करने लगे। खोजबीन के दौरान परिजन चंवर में पहुंचे। जहां बच्ची खून से लथपथ मिली। परिजन बच्ची को घर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए।

परिजनों ने घटना की जानकारी बेलसर थाना प्रभारी को दी। घटना की सूचना मिलते ही सदर दो एसडीपीओ गोपाल मंडल और थाना प्रभारी अनुरंजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की।

पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस बदमाशों की निशानदेही और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर गिरे साक्ष्य को एकत्र किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित फूस के घर में एक बच्ची अपने माता-पिता के साथ सो रही थी। इसी बीच बदमाश मौके पर पहुंचे और बच्ची को उठाकर घर से करीब आधा किलोमीटर दूर चंवर स्थित धान के खेत में ले गए।

वहां उन्होंने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। बच्ची को खोजते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बच्ची के परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ 2 गोपाल मंडल ने बताया कि बेलसर थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। बच्ची के परिजनों से घटना की जानकारी ली गई है। बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को राजधानी पटना और जिले के विभिन्न हिस्सों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पटना से सटे बिहटा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सगुना मोड़ से शुरू होकर शिवाला चौक, नेउरागंज, पैनाल, बिहटा चौक होते हुए विक्रम स्थित गांधी आश्रम में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा के पटना जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, रजनीश तिवारी सहित एनडीए गठबंधन दल के कई नेता मौजूद रहे।

रजनीश कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई है। इसी के तहत भाजपा की ओर से यह तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की सेना के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश देना है। हमारी सेनाएं लगातार देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी हैं और देश की सीमाओं की रक्षा में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश और बिहार में एनडीए की सरकार विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। इसी क्रम में मनेर नगर इलाके में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी के नेतृत्व में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# 22 और 23 अगस्त को राहुल गांधी भागलपुर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से अपनी मतदाता अधिकार यात्रा की शुरूआत करेंगे। उनका भागलपुर दौरा 22 और 23 अगस्त को संभावित है। कांग्रेसियों ने इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी है।

बाढ़ के कारण भागलपुर से अकबरनगर मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग पर विचार किया जा रहा है। सोमवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष परवेज जमाल ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस की टीम मुंगेर से भागलपुर की सीमा घोरघट में राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होगी। अजय वि नाथ में पूजा-अर्चना के बाद वे लोगों से बात करेंगे।

इसके बाद अकबरनगर होते हुए खरैया विद्यालय में जलपान के दौरान लोगों से मिलेंगे। इसके बाद मकंदपुर चौक होते हुए यात्रा चंपानगर, नाथ नगर, मुस्लिम स्कूल, तातारपुर चौक, लोहिया पुल, पटलबाबू मार्ग, घंटाघर, कचहरी चौक और तिलकामांझी चौक होते हुए जीरो माइल चौक पहुंचेगी।

इसके बाद वे विक्रमशिला सेतु होते हुए नवगछिया के लिए रवाना होंगे। नवगछिया के कोर्ट परिसर स्थित गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम की संभावना को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। वहां से वे कटिहार और पूर्णिया के लिए रवाना होंगे।

जिलाध्यक्ष परवेज जमाल ने बताया कि अगर अकबरनगर मुख्य मार्ग में बाढ़ का पानी आता है, तो यात्रा शाहकुंड होते हुए भागलपुर पहुंचेगी। इस विकल्प पर विचार किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विधायकों और पूर्व विधायकों के साथ बैठक होगी।

इसमें यात्रा की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# जमींदारी बांध टूटने से कई गांवों में फैला पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवगछिया। भागलपुर में गंगा और कोसी नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के बीच बाढ़ का खतरा लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को भागलपुर में गंगा का जलस्तर 15 सेंटीमीटर और कहलगांव में 10 सेंटीमीटर घटने का अनुमान है, लेकिन पानी घटने के बावजूद नवगछिया क्षेत्र में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। नवगछिया के रंगरा प्रखंड के साधोपुर में जमींदारी बांध टूटने से कोसी नदी का पानी तेजी से निचले इलाकों में फैल गया है। इससे आसपास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई और लोगों के बीच दहशत का माहौल है। साधोपुर, बनिया और भवानीपुर की बस्तियां पूरी तरह से बाढ़ के पानी से घिर गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बांध पर पिछले कई दिनों से दबाव था, लेकिन मरम्मत के लिए प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अचानक बांध का बड़ा हिस्सा टूटने से भारी मात्रा में पानी साधोपुर की ओर बढ़ गया और तेज बहाव ने घर, खेत और सड़कों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। यदि पानी का बहाव इसी गति से जारी रहा तो कुछ ही घंटों में नवगछिया शहर और राष्ट्रीय राजमार्ग 31 भी प्रभावित हो सकते हैं। हालात से डरकर गांवों से पलायन शुरू हो गया है। लोग अपने घरों से जरूरी

## 30 से 40 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से सहमे हुए हैं, जबकि पशुपालकों को मवेशियों को बचाने में भारी परेशानी हो रही है।

स्थिति को संभालने के लिए सीओ और पुलिस टीम राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई है, जबकि जल संसाधन विभाग के इंजीनियर मौके पर मौजूद हैं। हालांकि, तेज धारा के कारण मरम्मत कार्य में कठिनाई आ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है, लेकिन प्रशासन का कहना है कि आपात स्थिति में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बाढ़ के पानी के फैलाव को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इसी बीच, गोपालपुर प्रखंड के बिंदटोली गांव में गंगा के कटाव ने स्थिति और गंभीर कर दी है। कटाव तेज होने से लगभग चार से पांच सौ मीटर का इलाका गंगा में समा गया। ग्रामीणों को अपने अन्य सामान छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। एसडीओ ने जल संसाधन विभाग को तुरंत फ्लड फाइटिंग कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है।

# हत्यारोपित की संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के गुलजारबाग गांव में रविवार की रात घरेलू कलह के कारण पति ने पत्नी की कुदाल से वार कर निर्मम हत्या कर दी थी। सोमवार सुबह इस घटना का खुलासा हुआ। वहीं मंगलवार को आरोपी का शव गांव के पास संदिग्ध हालात में मिला।

जानकारी के मुताबिक, संजय मांझी ने रविवार देर रात अपनी 50 वर्षीय पत्नी गिरानी देवी की कुदाल से वार कर हत्या कर दी थी। सोमवार सुबह उनका बेटा धनतेरस मांझी घर पहुंचा तो घटना का पता चला। वह उस रात गांव के ही पंचायत भवन में सो रहा था।

मंगलवार को संजय मांझी का शव गांव से करीब 300 मीटर दूर चिमनी भट्ठा के पास बरामद किया गया। बेटे धनतेरस मांझी ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि पिता का शव ईंट भट्ठा के पास पड़ा है। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि पिता मुंह के बल गिरे हुए हैं और चेहरे पर मामूली चोट है। आशंका जताई जा रही है कि भागने के दौरान वह गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई।

# राजस्व कर्मचारी को निगरानी की टीम ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पटना से आई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को 20 हजार की रिश्वत लेते मंगलवार को धर दबोचा। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार ओबरा अंचल कार्यालय में पदस्थापित है। मामले में निगरानी की टीम आगे की कार्रवाई में जुटी है। रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार करने वाली निगरानी की टीम के नेतृत्वकर्ता पुलिस उपाधीक्षक विकास श्रीवास्तव ने बताया कि ओबरा थाना के मानिकपुर गांव निवासी उदय कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पटना स्थित कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि ओबरा अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार द्वारा दाखिल खारिज करने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के आलोक में मामले को लेकर निगरानी थाना में प्राथमिकी संख्या-60/2025 दर्ज किया।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शिकायत के सत्यापन की जिम्मेदारी निगरानी के पुलिस अपर निरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गई। उन्होंने ओबरा पहुंचकर शिकायत का सत्यापन किया। सत्यापन में राजस्व कर्मचारी के खिलाफ शिकायत सत्य पाया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए निगरानी की छः सदस्यीय टीम गठित की गई। टीम मंगलवार की सुबह कार्रवाई के लिए पटना से चली। शिकायतकर्ता उदय कुमार 20 हजार की रिश्वत देने ओबरा अंचल कार्यालय स्थित राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार के कक्ष में गए, जहां उनके द्वारा रिश्वत की रकम लेकर आने की बात कही गई। इसके बाद राजस्व कर्मचारी ने अपना जूट का लंच बैग आगे करते हुए कहा कि रकम बैग के खाली लंच बॉक्स में रख दे, काम हो जाएगा। इसके बाद शिकायतकर्ता लंच बॉक्स में 20 हजार की रिश्वत की रकम रखने के बाद राजस्व कर्मचारी के कक्ष से बाहर निकला और पहले से सादे वेश में घात लगाए निगरानी की टीम को इशारा किया।

CMYK

# मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद, 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, नवादा में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री एवं नवादा जिला के प्रभारी मंत्री जीवेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत के साथ हुई। प्रभारी मंत्री ने



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय बिहारवासियों के लिए ऐतिहासिक और सभी वर्गों, विशेषकर गरीब, मजदूर और किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री का पटना से लाइव संबोधन प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने योजना के उद्देश्यों, लाभों और क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों की प्रतिक्रियाएं और सुझाव भी सुने। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिले के शून्य बिल प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं- सकीला बेगम, मोहम्मद अख्तर अंसारी, सुनीता देवी, रुक्मिणी देवी और शहनाज बेगम को प्रतीकात्मक रूप से शून्य विपत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगे भी जनहित में ऐसे कदम उठाती रहेगी। डीएम रवि प्रकाश ने बताया कि नवादा जिले में नगर भवन सहित 60 चयनित स्थलों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता सीधे मुख्यमंत्री का संदेश सुन और देख सकें। इस अवसर पर विधायक विभा देवी, विधायक अरुणा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और उपभोक्ता मौजूद थे। मंच संचालन शंभु शरण पांडेय ने किया।

# खबर का असर : कादिरगंज मुखिया की पहल पर पइन की हुई सफाई

## पइन की पानी घरों में जाने से लोग थे परेशान , कई घरों को जल-जमाव से मिली निजात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड के कादिरगंज पंचायत अन्तर्गत कादिरगंज बाजार से होकर गुजरी पइन की सफाई होने से लोगों को जल-जमाव की समस्या से निजात मिल गया है। पइन की सफाई कादिरगंज मुखिया पिंकी कुमारी की पहल पर कराई गई है। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने बताया कि बाजार का कचरा लोग पइन में फेंक देते हैं जिसके कारण पइन पूरी तरह से जाम हो गया था। बारिश के बाद कई घरों में पइन का पानी घुस गया जिससे लोग काफी परेशान थे। इस समस्या को लेकर कुछ लोग मेरे घर पर आये थे जिसके बाद पोकलेन मशीन की मदद से पइन की सफाई कराई गई, तब जाकर लोगों को जल-जमाव की समस्या से राहत मिली है। उन्होंने



बताया कि करीब तीन वर्षों से लगातार अपने निजी पैसे से पइन की सफाई करा रहे हैं। वहीं, मौके पर उपस्थित आम लोगों ने मुखिया के कार्यों की प्रशंसा की है और कहा कि पहली बार ऐसा मुखिया मिला, जो हर दुख-सुख में लोगों के बीच खड़ा रहता है। इनके कार्य से हमलोग लोग संतुष्ट हैं। लोगों ने बताया कि कुछ कथित समाजसेवी जेसीबी मशीन लेकर पइन की सफाई कराने आये थे, लेकिन थोड़ी सी सफाई कराकर फोटो और वीडियो बनाकर चलते बने। जिसके बाद मुखिया पिंकी कुमारी की पहल पर पइन की सफाई कराई गई है।

## स्वंतन्त्रता दिवस को लेकर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में मंगलवार को प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा की देखरेख में स्वतंत्रता दिवस को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान स्कूली बच्चों में हर घर तिरंगा फहराने को लेकर प्रभातफ़ेरी निकाली एवं लोगों को जागरूक किया। प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में स्कूली बच्चों ने तिरंगा रंगोली बनाया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# पुलिस-अपराधी के बीच मुठभेड़, एक अपराधी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में पुलिस एवं अपराधी के बीच में मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक गोली अपराधी को पैर में लगी है। हिसुआ थाना क्षेत्र के मंझवे पहाड़ी के समीप हिसुआ पुलिस एवं अपराधी के बीच में सुबह मुठभेड़ हुई है। बताया जाता है कि 25 जुलाई को हिसुआ के दरबार चौक स्थित इलेक्ट्रिक व्यवसायी नीरज प्रकाश के घर हुए हमला व लूट के प्रयास में शामिल अपराधी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। उसी आधार पर कुछ अपराधियों की पहचान हुई थी। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई शुरू हुई थी। मुठभेड़ के दौरान अपराधी की पहचान गया जिले के निखिल कुमार के रूप में




हुई है। नवादा एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि अपराधी को जब हिसुआ पुलिस और एसटीएफ गिरफ्तार कर थाने लाई तो पूछताछ के दौरान जब उसे हथियार के बारे में पूछा गया तो उसने हथियार को मंझवे पहाड़ के समीप छुपाने की बात कही। पुलिस जब उसे मंझवे पहाड़ के समीप लेकर गई तो हथियार खोजने के बाद उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिससे उसके दाहिने पैर में एक गोली जा लगी। फिलहाल उसका इलाज नवादा सदर अस्पताल में किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे विम्स पावापुरी रेफर कर दिया है। इस मामले में अन्य अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की एसपी ने बात कही। इस पूरे मामले में कुल छह अपराधियों की शिनाख़्त हो चुकी है जिसमे दो अपराधियों की गिरफ्तारी पूर्व में ही हो चुकी है और तीन अपराधी अभी भी फरार चल रहे है। फिलहाल घटना स्थल पर नवादा एसपी अभिनव धीमान अपने पूरे दल बल के साथ पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली। वही फोरेन्स्की की टीम घटनास्थल पर जरूरी साक्ष्य इकट्ठा कर रही है।

# रोटरी क्लब ऑफ तथागत ने किया प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब तथागत (जिला 3250) द्वारा सेंट जोसेफ अकैडमी में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके भविष्य निर्माण, स्वयं के विकास, परिवार की भूमिका तथा समाज कल्याण के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनने हेतु प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता शशि भूषण ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि ल्लयुवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत





किए। को-चेयरमैन रोटेरियन जोसेफ टी. टी. ने कहा कि यह समय युवाओं के लिए अपने करियर पर फोकस करने का है; दिशा सही हो, तो सफलता निश्चित है। निदेशक रोटेरियन डॉ. विभास प्रियदर्शी ने युवाओं के मन में भविष्य को लेकर उठने वाले प्रश्नों और चिंताओं को समझते हुए उन्हें सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अरविन्द कुमार सिंहा ने कहा कि आज के बच्चे जागरूक हो रहे हैं और रोटरी क्लब तथागत सदैव उनके लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही हमारे देश की ताकत हैं। इन्हें बस सही मार्गदर्शन और प्रेरणा की आवश्यकता है। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन हर्षित जैन ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि ल्लजो भी करें, पूरे मन और इमानदारी से करें, सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन मधु कंचन (सचिव) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे समाज से अच्छाइयां अपनाएं, बुराइयों से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर इंटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण एवं रोटरी क्लब तथागत के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण प्रेरणादायक और ऊर्ज़ा से भरपूर रहा।

# नवादा नगर परिषद के सभी वार्डों की महिला कमेटियों की बुलाई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर समाजसेवी, शिक्षाविद डॉ अनुज ने नवादा नगरपरिषद के सभी 40 वार्डों के महिलाओं के साथ संवाद किया। इस संवाद के द्वारा उन्होंने नवादा विधानसभा में परिवर्तन को लेकर सभी महिलाओं से विचार विमर्श किया और प्रत्येक वार्ड में अधिक से अधिक महिलाओं को कमेटी से जोड़ने का अपील किया। ज्ञात हो कि इस बार नवादा विधानसभा में पूरे मजबूती के साथ अपनी उम्मीदवारी को रखने का काम डॉ अनुज ने किया है। बैठक मेंउपस्थित सभी वार्ड के आए हुए डॉ अनुज सिंह समर्थक कमेटी के महिलाओं ने कहा कि पूरे एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने का काम



किया जा रहा है जिसका परिणाम आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। यह पूरी महिला कमेटी डॉ अनुज को विधानसभा चुनाव में विजयी बनाने का काम करेगी। सभी महिलाओं ने हर तरह से खुलकर उन्हें समर्थन देने की बात कही। इस पर सभी वार्डों में बूथ स्तर पर महिला कमिटी बनाने का निर्णय भी लिया गया एवं सभी कमेटी के महिला सदस्यों ने अनुज सिंह को जिताने का संकल्प लिया। पिछले कई चुनाव में वोटिंग में महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ दिया है। अब वे चुनावी राजनीति का निर्णायक समूह बन चुकी हैं। मतदान में बढ़ती भागीदारी से उनका रुतबा बढ़ा है।नवादा नगर की प्रभारी निशा देवी एवं राधा देवी ने अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं निशा देवी ने सभी अपने महिला सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम समूह को एकजुट होकर एक-एक बूथ से सभी उम्मीदवारों से आगे रखने का हम करेंगे ताकि जनता के द्वारा इन्हें पूर्ण समर्थन मिले । राधा देवी ने अपने संवाद में कहा कि हम सबों को मिलकर एक-एक घर से महिलाओं को डॉ अनुज सिंह के पक्ष में जोड़ने का काम करेंगे । हम सभी जानते हैं कि चुनाव में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तो इस बार महिला वोटर्स को अधिक से अधिक इनके पक्ष में लाकर इतिहास रचने का काम करेंगे।हम सभी मिलकर इनके पक्ष में पूरी तरह से मतदान करवाने का कम करेंगे। डॉ अनुज सिंह ने सभी महिलाओं के समर्थन को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने सभी कमेटी स्तर की महिलाओं को कम करने का आग्रह किया। साथ ही साथ यह भी कि चुनाव को जिताने में महिलाओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है।

## उपभोक्ताओं ने सुना सीएम का संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के चार विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं को सीएम नीतीश कुमार सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारियों का सम्बोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान सीएम नीतीश ने मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना की जानकारी दी तथा कहा कि पहली अगस्त से बिहार के ग्रामीण इलाकों के घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मुहैय्या कराई जा रही है। कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार एवं विद्युत कनीय अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्रखण्ड के जेपी स्टेडियम सोखोदेवरा, धमनी स्कूल,ओखरिया स्कूल एवं बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में सरकार के निर्देश पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# नवादा की शिवांगी ने नीट की परीक्षा में लहराया परचम

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो**

**नवादा।** नीट की परीक्षा में नवादा की बेटी शिवांगी गौरव ने परचम लहराई है। उनकी इस सफलता पर पूरे परिवार में जश्न का माहौल है। मोहल्ले में मिठाइयां बांटी जा रही है। शिवांगी ने अपनी सफलता का श्रेय व्यवसायी पिता गोपाल गौरव एवं माता मोनिका गुप्ता के साथ अपनी दादी सुशीला देवी को दी है। शिवांगी ने बताया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। अनुशासन में रहकर लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर पढ़ाई करने से सफलता जरूरी मिलती है। वहीं, पिता गोपाल गौरव ने बताया कि शिवांगी शुरू से ही पढ़ाई में काफी मेधावी थी। दीक्षा पब्लिक स्कूल से उसने सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक की परीक्षा पास की जिसमें उसने 98.6 प्रतिशत अंक



प्राप्त कर जिला टॉपर बनी थी। इंटर में भी उसे 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था। आगे की पढ़ाई के लिए वह भुनेश्वर चली गई। उन्होंने बताया कि केमिस्ट्री और बायोलॉजी में इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी उसने क्वालीफाई की थी। आज बेटी ने कड़ी मेहनत और परिश्रम के बादौलत नीट की परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि शिवांगी डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। बता दे कि जैसे ही शिवांगी की सफलता की जानकारी नवादा नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी कुमारी एवं पूर्व अध्यक्ष संजय साव को मिली, वैसे ही उन्होंने स्टेशन रोड स्थित उनके घर पर जाकर पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर उन्हें सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिवांगी ने नीट की परीक्षा में सफलता पाकर जिला ही नहीं, बल्कि देश का नाम भी रोशन की है। शिवांगी की सफलता के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में पूर्व उप मुख्य पार्षद राजेश कुमार मुरारी, समाजसेवी जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# सिविल सर्जन के समक्ष रोष पूर्ण प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रदर्शन के माध्यम से 10 सूत्री मांग पत्र सिविल सर्जन नालंदा को सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष नदीम ने कहा कि बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के निर्णयानुसार आज पूरे बिहार के सभी सिविल सर्जन के माध्यम से 10 सूत्री मांग पत्र अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को इस उम्मीद के साथ संज्ञान में लाना चाहते हैं कि उचित कार्रवाई की जाएगी। संघ के जिला मंत्री सह राज्याध्यक्ष संजय कुमार ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की मांग है जिला स्तरीय संवर्ग को जिससे राज्य स्तरीय संवर्ग किया गया है, परिवर्तन वापस किया जाय, राज्यसंवर्ग के कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति का लाभ प्रदान किया जाय, सभी संवर्ग के कर्मियों को काल अवधि आधारित नियमित प्रोन्नति दिया जाय, एसीपी-एम एसीपी, सेवातं लाभ देने से पूर्व विभाग स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाय, राज्य स्तरीय संवर्ग को सेवा संपुष्टि के लिए जिला स्तर पर सिविल सर्जन को प्राधिकृत किया जाय, गत वर्ष एनएचएम कर्मियों के कार्य बहिष्कार अवधि का वेतन सहित उपार्जित अवकाश में समायोजन किया जाय, एनएचएम सहित बिहार सरकार में 10 वर्षों से अधिक समय तक संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा बगैर परीक्षा के स्थाई किया जाय, स्वास्थ्य विभाग में उर्मिला सहित अन्य आउटसोर्स एजेंसी द्वारा कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं अन्य को सम्मानजनक वेतन तथा निहित लाभ प्रदान किया जाय। इस प्रदर्शन में राजेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार, रितेश कुमार, ज्योत्सना कुमारी, नीलम कुमारी शैलजा वर्मा, अनुपमा कुमारी, रिंकु कुमारी, सुनीता कुमारी, बेबी कुमारी, मनोज कुमार, मनीष कुमार सहित सैकड़ों कर्मियों ने भाग लिया।

# सीआरपीएफ कैंप राजगीर ने निकाली तिरंगा यात्रा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, राजगीर के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। तिरंगा रैली को करूणा राय, कमाण्डेन्ट सह मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी आर.टी.सी. केरिपुबल राजगीर के निर्देशन में आरटीसी राजगीर से ब्रहाकुण्ड से बस स्टेण्ड राजगीर एवं समीपवर्ती इलाके तक के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर आरटीसी राजगीर के अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार सीएमओ (एसजी) कमाण्डेंट, चंदु कोले उपकमा, राज मंगल भक्त, उप कमा, अमित कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट, चंदन कुमार तिवारी, सहायक कमाण्डेन्ट सहित अन्य कार्मियों ने बढ़-चढ़ कर इस रैली में भाग लिया।

# महिलाओं को दिया जा रहा प्रगति प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के 14 वर्ष की बालिकाओं से लेकर 29 वर्ष की ग्रामीण महिलाओं को दसवीं की परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रगति प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि एडुवकेट गर्ल्स की वित्तीय सहायता से ग्राम निर्माण मंडल,सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा द्वारा प्रगति परियोजना का संचालन वर्ष 2024-2025 से किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 14 से 29 वर्ष की 1276 ड्रॉप आउट बालिकाओं को कैंप तक पहुंचाकर उउग्ट्क के माध्यम से दसवीं की परीक्षा लिखने हेतु तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया




कि इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2025- 2026 के लिए भी प्रगति परियोजना के संचालन की स्वीकृति संस्था को मिली है। जिसके लिए दिनांक 12 से 14 अगस्त 2025 तक कार्यकर्ताओं का मोबिलाइजेशन फेज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में कौआकोल एवं रोह प्रखंड के 30 महिलाएं शामिल हुई हैं। प्रशिक्षण में एजुकेट गर्ल्स से पूर्णिमा,प्रतीक एवं प्रकाश,ग्राम निर्माण मंडल से सुचिता तिर्की, शशि, विवेक, धीरेंद्र कुमार मन्नू, राजीव रंजन,कल्पना आदि ने मोबिलाइजेशन के विभिन्न चरणों के बारे में प्रतिभागियों की समझ को विकसित किया।

# रंगारंग कार्यक्रम में झलकी संस्कृति, देशभक्ति एवं भाईचारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया के बहुद्देशीय सभागार में बच्चों ने श्रावण मास, रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर दो सत्रों में भव्य और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सांस्कृतिक और राष्ट्रीय भावनाओं को सजीव रूप में जीवंत किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियां दीं, जो सभी दर्शकों का मन मोह लेने वाली थीं। इस भव्य सांस्कृतिक समारोह ने सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को देशभक्ति एवं श्रावन मास की आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से आलोकित कर दिया। विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को अपूर्व सफलता दिलाई। सभागार के सुसज्जित मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के दौरान विद्यालय के प्राचार्य श्री गोपालचरण दास एवं उप-प्राचार्य श्री सुजय कुमार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से मंच को सुशोभित किया। निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने अपने



प्रेरक संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, यह हमारी आत्मा में देशप्रेम एवं आध्यात्मिक भावना के बीज बोते हैं और विद्यार्थियों को सृजनशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का अमूल्य पाठ पढ़ाते हैं। साथ हीयह भी कहा कि कला और संस्कृति जीवन को सुवासित करने वाले पुष्प हैं, इनकी सुगंध से विद्यालय का वातावरण सदा महकते रहना चाहिए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपालचरण दास ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अपने सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसी गतिविधियां करवाने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में अभिभावकों, स्थानीय गणमान्य लोगों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और बच्चों को उनके सुंदर प्रस्तुति के लिए तालियां बजाकर प्रोत्साहित किया। देशप्रेम की लहरों में डूबे इस आयोजन का समापन राष्ट्रगान की सामूहिक गूंज के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकगण ने इन मनमोहक कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण सुजय कुमार, विपुल कुमार, विजय अकेला, बीएन झा, मुकेश कुमार, चंद्रदीप प्रसाद, आकाश वर्मा, करण प्रकाश, दीक्षित मैम, वंदना मैम,अनुमेहा मैम, ममता मैम, सुमित कुमार, आईके मिश्रा, पुरुषोत्तम सर, पवन सर, अनिल सर के साथ अन्य सभी शिक्षकों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चोरी की छह बाइक पर सात गैलन में लदी 350 लीटर शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल पुलिस को एक बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने सोमवार की देर रात्रि छापेमारी के दरम्यान अलग अलग स्थानों से चोरी की छह बाइक पर सात गैलन में लदे 350 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। वहीं इस दरम्यान पुलिस ने लाइनर की भूमिका निभा रहे एक कार पर सवार चार बदमाशों को एक पिस्टल समेत गिरफ्तार किया है। वहीं एक बालक को भी विधि विरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात्रि गश्ती के दौरान कौआकोल-रोह मुख्य पथ से करमा गांव के अंदर एक संदिग्ध अवस्था में सफ़ेद रंग की कार खड़ी थी। जिसके बाद उसका जांच किया गया। जांच के दौरान वाहन में सवार लोगों से पूछताछ किया गया। जांच में विष्णु कुमार,पिता-वासुदेव यादव,ग्राम-घुघरी टांड़,बाईपास थाना-गया के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। वहीं पिस्टल बरामदगी के बाद वाहन चालक आयुष पांडेय,पिता-आंनद किशोर विमल,ग्राम-ऐरूरी,थाना-पकरीबरावां,जिला-नवादा एवं वाहन में सवार राहुल कुमार पांडेय,पिता-रामानन्द पांडेय,ग्राम-घुघरी टांड़,जिला-गया तथा बबलू कुमार उर्फ करकू,पिता-जगदीश यादव,ग्राम-मड़वा,थाना-पकरीबरावां,जिला-नवादा को हिरासत में लिया गया। वहीं एक बालक को विधि विरुद्ध किया गया।

## इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार, विवाहिता ने छोड़ा पति का साथ

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती एक विवाहिता के जीवन में इस कदर हावी हो गई कि उसने चार महीने पुराने वैवाहिक संबंध को तोड़ प्रेमी के साथ घर छोड़ दिया। मामला कतरीसराय थाना क्षेत्र के छाछुबिगहा गांव का है। यहां के कैलू राम की पुत्री निशा कुमारी की शादी चार माह पूर्व राजगीर विस्थापित नगर निवासी सोनू कुमार के साथ हुई थी। विवाहिता पिछले लगभग छह महीनों से जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मंजोश गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह उर्फ मिंटू सिंह के पुत्र रितिक कुमार से इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क में थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उन्होंने साथ जीने-मरने की कसमें भी खाईं। कुछ दिन पहले निशा कुमारी अपने ससुराल से मायके आ गई। मायके में एक-दो दिन रहने के बाद वह अपने प्रेमी के बुलावे पर घर से गायब हो गई। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उसकी मां सविता देवी ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। कतरीसराय थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच शुरू की गई। युवती के मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन विश्लेषण से पता चला कि वह रितिक कुमार के साथ है। अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार और महिला सिपाही संचिता कुमारी ने तकनीकी निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर पुलिस ने सिकंदरा थाना के सहयोग से मात्र दो दिनों में युवती को युवक के घर से बरामद कर लिया। पुलिस के पहुंचते ही आरोपित युवक मौके से फरार हो गया।

# पैक्स एवं व्यापार मंडलों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर रही सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

## शत-प्रतिशत चावल आपूर्ति करने वाले पैक्स-व्यापार मंडलों को 7.45 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के पैक्स एवं व्यापार मंडलों को सहकारिता विभाग ने 7,45,20,473 की प्रोत्साहन राशि आवंटित की है। यह राशि 30 जून 2025 तक शत-प्रतिशत चावल (सीएमआर) आपूर्ति करने वाली 38 जिलों की 2780 समितियों को प्रबंधकीय अनुदान मद में दी जा रही है। सर्वाधिक राशि रोहतास जिले को मिली है जहां 79 पैक्स/व्यापार मंडलों को 75,94,355 का आवंटन किया गया है। अन्य जिलों को भी उनके योगदान और लक्ष्य पूर्ति के आधार पर राशि प्रदान की गई है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार किसानों के हितों की रक्षा और सहकारिता तंत्र को मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत है। यह प्रोत्साहन राशि पैक्स एवं व्यापार मंडलों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने का एक कदम है। यह न केवल समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के लिए पुरस्कार का कार्य करती है, बल्कि सहकारिता व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा देती है। आने वाले समय में सरकार ऐसे प्रयासों को और सशक्त बनाएगी, ताकि किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें और सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकें। सहकारिता विभाग ने बताया कि प्रबंधकीय अनुदान के रूप में 30 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जा रहा है। जिला सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि यह राशि पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लाभार्थी समितियों के खातों में हस्तांतरित हो, ताकि समिति स्तर पर किसानों के हित में इसका शीघ्र उपयोग हो सके।

## बिहार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली का तोहफा, डॉ. प्रेम कुमार ने की मुख्यमंत्री की पहल की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्यवासियों के लिए बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री ने बिजली उत्पादन और वितरण में सुधार, बिजली के सदुपयोग और उपभोक्ताओं की सुविधाओं पर बल देते हुए संवाद किया। डॉ. कुमार ने कहा कि एक समय था जब बिहार में बिजली की उपलब्धता बेहद सीमित थी और लोग लालटेन तथा किरासन तेल के सहारे जीवन गुजारते थे, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। अब लगभग 22 से 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है और लालटेन युग का अंत हो गया है। लोग एलईडी बल्ब और सौर ऊर्जा से घर-आंगन रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार-झारखंड विभाजन के बाद बरौनी और मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन से मात्र 110-110 मेगावाट बिजली उत्पादन होता था जिसे बढ़ाकर बरौनी में 500 मेगावाट और मुजफ्फरपुर में 400 मेगावाट कर दिया गया है। पहले जहां राज्य की खपत 700 मेगावाट थी, अब यह बढ़कर 8,500 मेगावाट हो गई है। डॉ. कुमार ने कहा कि स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर से उपभोक्ताओं के बिल में बचत हो रही है, वहीं 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से प्रति उपभोक्ता को लगभग 1,000 रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली का दुरुपयोग रोकने और अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की। किसानों के लिए भी सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब उन्हें खेतों की सिंचाई के लिए मात्र 65 पैसे प्रति यूनिट दर पर बिजली दी जा रही है, साथ ही मुफ्त बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में कृषि के लिए अलग से फीडर भी स्थापित किए जा रहे हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि इस तोहफे के लिए बिहार के सभी विद्युत उपभोक्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव और एनडीए सरकार के आभारी हैं।

# एनटीपीसी कहलगांव अस्पताल ने बचाई 14 वर्षीय सोनाली की जान

**पुष्पांकर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव प्रखंड के एक छोटे से गांव की 14 वर्षीय सोनाली कुमारी के जीवन पर उस समय संकट आ गया जब उसे संदिग्ध कोबरा या करैत सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर घबराए परिजन उसे तत्काल एनटीपीसी कहलगांव विद्युत परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल लेकर पहुंचे। सुबह आठ बजे तक उसकी स्थिति गंभीर हो चुकी थी, शरीर में जहर का असर साफ दिखाई दे रहा था और उसकी सांसें थमने लगी थीं। अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बबीता चौरसिया, डॉ. सुरेश राम और उनकी टीम ने हार नहीं मानी। सोनाली को तुरंत इंट्यूबेट कर बैग और ट्यूब से वेंटिलेशन शुरू किया। अगले 24 घंटे तक टीम ने उसकी हर सांस पर नजर रखी और पूरी ताकत से इलाज किया। सोनाली का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत उसका पूरा इलाज निःशुल्क किया गया। एक दिन बाद रक्षाबंधन के अवसर पर स्वास्थ्य में सुधार दिखने पर सोनाली ने अपने भावुक भाई को राखी बांधी। दो दिन में वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई और अस्पताल टीम के साथ अपनी खुशी साझा की। परियोजना प्रमुख रवींद्र पटेल ने चिकित्सकों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि एनटीपीसी न केवल बिजली उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि आसपास के लोगों के जीवन में उम्मीद की किरण भी जगाता है। उल्लेखनीय है कि जीवन ज्योति अस्पताल सर्पदंश के इलाज में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है और हर साल करीब 350 मामलों का सफल उपचार करता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि अगर रोगी में जीवन का एक भी संकेत है तो इस अस्पताल में उसका इलाज संभव है। सोनाली की जिंदगी बचाना केवल एक चिकित्सकीय सफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

# सीआरपीएफ के पूर्व अधिकारी ने समर्थकों के साथ राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों सीआरपीएफ के पूर्व अधिकारी, राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित एवं बाढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता नीरज कुमार सिंह, पटना के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दलित नेता सुनील राम, माहुरी वैश्य समाज गया के अध्यक्ष संजीव कुमार एवं अखिल भारतीय साहसी नट समाज के अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद नट ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इन सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि नीरज कुमार सिंह, सुनील राम, संजीव कुमार एवं राम प्यारे प्रसाद कुमार जैसे समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होना यह दर्शाता है कि आज भी देश की एकता, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ही सबसे उपयुक्त मंच है उनके अनुभव और जनसम्पर्क से पार्टी को लाभ मिलेगा। आज पार्टी में शामिल नेताओं ने हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धान्तों को अपनाया है।

# पूर्व मंत्री छेदी राम बेटे समेत कांग्रेस में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मंत्री छेदी राम ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छेदी राम ने अपने सैकड़ों समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ उनके बेटे राकेश कुमार राम ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। छेदी राम का बक्सर और उसके आसपास के इलाकों में अच्छा प्रभाव है और दलित मतदाताओं के बीच मजबूत पकड़ है। इस अवसर पर छेदी राम ने कहा कि दलितों और वंचितों की असली पार्टी कांग्रेस ही है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने छेदी राम को पार्टी में शामिल करने के बाद कहा कि समाज के सभी वर्गों ने सभी राजनीतिक दलों को मौका देकर देख लिया और आज सबको यह भरोसा हो गया है कि कांग्रेस पार्टी ही सभी वर्ग के लोगों को सत्ता में उचित हिस्सेदारी देती है।

# बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए वरदान बन रहे मुख्यमंत्री : प्रो रणबीर नंदन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2005 में एनडीए की सरकार बनने के साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को हमेशा कई तरह का वरदान के रूप में सुविधा मिल रही हैं। बिहार में जहां तक बिजली के खपत में 10 गुना वृद्धि हुई है वही सरकार के प्रयास से हर घर तक बिजली पहुंच चुकी है। डॉ नंदन मंगलवार को गर्दनीबाग विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत व्हाइट पैलेस सभागार में बतौर मुख्य अतिथि हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान परिषद के सदस्य होने के नाते उन्होंने लगातार 6 साल तक बिजली विभाग के बजट पर चर्चा में भाग लेकर बिहार के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को सदन में उठाया था। उन्होंने कहा कि 2018 तक सभी घरों में बिजली पहुंच गई और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनने पर बिजली के क्षेत्र में तरह-तरह का विकास हुआ। इस योजना के तहत बिहार के एक करोड़ 40 लाख ग्रामीण उपभोक्ता एवं 49 लाख शहरी उपभोक्ताओं के साथ-साथ कुल एक करोड़ 89 लाखों उपयोगकर्ताओं को जुलाई महीने के बिजली बिल में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी और इसके अलावा 125 यूनिट के बाद जो उपभोक्ता जिस श्रेणी के उपभोक्ता हैं उन्हें उनके अनुसार बिजली रियायत दर पर मिलेगी। उन्होंने कहा 2005 के पहले जहां लगभग 715 मेगावाट बिजली का खपत था वहीं अब लगभग 6800 मेगावाट बिजली की खपत बिहार में हो रही है। उन्होंने कहा एक समय था जब गर्दनीबाग प्रमंडल में अच्छे बिजली मिस्त्री वहां और सीढ़ी तक की व्यवस्था नहीं थी बिजली काटने पर मिस्त्री को सचिवालय प्रमंडल से बुलाकर लाना पड़ता था। आज वैसे स्थिति नहीं है अब बिजली हल्की से भी बाधित होती है तो एक कॉल पर मिस्त्री आ जाते हैं यह बिहार के विकासशील मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। इस क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। दोनों नेता जीवन जीने के सभी साधन जो एक आदमी को चाहिए जैसे सड़क बिजली विद्यालय, पीने का पानी, अस्पताल सहित सभी क्षेत्रों में ध्यान दे रहे हैं। डॉ नंदन ने कहा कि इतनी सुविधाओं के बाद अब आपका समय है कि आप लोग इनके लिए बिहार में फिर से एनडीए सरकार लाने के लिए पूरी ताकत के साथ संकल्पित हों।

# चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों को विकसित कर बनेगा स्वास्थ्य विभाग और मजबूत : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित अधिवेशन भवन सभागार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने अपने कर-कमलों से 'जीवनदीप कार्यक्रम' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा चिकित्सकों और स्टॉफ नर्सों की तकनीकी क्षमता को और बेहतर बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए जीवनदीप मेंटरिंग कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी चिन्हित प्रसव केंद्रों के लेबर रूम और एसएनसीयू/एनबीएसयू में मेंटरिंग प्रणाली को मजबूती और विस्तार देना है। पहले चरण में 35 जिला अस्पतालों एवं एसडीएच दानापुर (पटना) के लेबर रूम और एसएनसीयू में मेंटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित किया जाएगा। आगे के चरणों में अधिक प्रसवभार वाले स्वास्थ्य संस्थानों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विभिन्न जिलों में अब तक 45 एसएनसीयू (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) स्थापित किए जा चुके हैं। इसी माह 06 अगस्त को 17 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से 15 जिलों के अनुमंडलीय अस्पतालों में मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) का उद्घाटन किया गया जो मातृत्व एवं नवजात शिशु देखभाल के मानकों में ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा किसी भी राज्य की मजबूत रीढ़ होती है और इसके लिए उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। इस कड़ी में राज्य के लेबर रूम और एसएनसीयू से प्रत्येक जिला अस्पताल के एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक शिशु रोग विशेषज्ञ, एशिया की एक स्टाफ नर्स और लेबर रूम की एक स्टाफ नर्स सहित कुल 140 मेंटर्स का चयन किया गया है। इन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता में उन्नत किया जाएगा। ये लोग आगे चलकर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रषिक्षण देने का कार्य भी करेंगे। श्री पाण्डेय ने स्मरण कराया कि 2017 में स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद उन्होंने अमानत कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसके माध्यम से नर्सों की क्लिनिकल प्रैक्टिस में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

# लाइब्रेरी के छात्रों को दी गई शैक्षणिक सामग्री

## सुगा देवी सीताराम ट्रस्ट और डॉ. रेणुका सिन्हा ने की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जक्कनपुर के राम लखन महतो फ्लैट परिसर स्थित पुरानी लाइब्रेरी जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा का सहारा बनी हुई है। यहां रोजाना दर्जनों बच्चे पढ़ने आते हैं। इनमें से अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं। इन बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट न आए, इसके लिए सुगा देवी सीताराम ट्रस्ट और डॉ. रेणुका सिन्हा की ओर से हर महीने शैक्षणिक सामग्री बांटी जाती है। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलकती है। इससे उन्हें पढ़ाई के काम आने वाले कई जरूरी सामान खरीदने की चिंता नहीं रहती है। वितरण कार्यक्रम का संचालन लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमित राजा अकेला और डॉ. रेणुका सिन्हा स्वयं करते हैं। उनका मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है।

# नंदलाल के स्वागत को सजेगा दादी मंदिर, कृष्ण भक्ति में रमेगा पटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री दादीजी सेवा समिति की ओर से 16 अगस्त को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्‌भुत संगम दिखेगा। नंदलाल के स्वागत के लिए मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। सोमवार को जन्माष्टमी की तैयारी बैठक के बाद समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि यह पावन आयोजन शनिवार दोपहर 1:30 बजे से श्री दादी मंदिर बैंक रोड में आरंभ होगा। इस अवसर पर मंदिर का वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित होगा और भक्ति-भाव की मधुर तरंगें श्रद्धालुओं के हृदय को पुलकित करेंगी। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला दिखेगी जिनमें श्रीकृष्ण झांकी दर्शन, भजनों की रसधारा, अलौकिक दरबार, छप्पन भोग दर्शन तथा सांकेतिक मटकी फोड़ कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। श्रद्धालु इन आयोजनों के माध्यम से नंदलाल के बाल रूप से लेकर उनके अलौकिक लीलाओं का रसास्वादन कर सकेंगे। भक्ति-संगीत को स्वर से सजाने के लिए कोलकाता से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा, सूरजगढ़ की लोकप्रिय गायिका जस्सी सोनी, अन्नू शर्मा और नीरज भारद्वाज अपनी सुरमई प्रस्तुतियों से वातावरण को श्रीकृष्णमय करेंगे।

# बिहार अब औद्योगिक उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार : नीतीश मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग विभाग की ओर से मंगलवार को विकास भवन के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव एवं रोजगार अवसरों की समझ प्रदान करना है, ताकि वे उद्योग-तैयार कार्यबल के रूप में उभर सकें। इस अवसर पर विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार अब औद्योगिक उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना राज्य को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएगी। इस पहल से जहां बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, वहीं एक प्रशिक्षित और दक्ष कार्यबल का निर्माण भी होगा। इस दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि विकसित बिहार के साथ विकसित भारत का सपना साकार हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत जहां पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए 4 साल के लिए लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत श्रम संसाधन विभाग के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12वीं पास प्रशिक्षित या प्रमाणित युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर और मासिक स्टायपेंड प्रदान किया जाता है– 12वीं पासः 4,000 रुपए प्रति माह, आईटीआई/डिप्लोमा पासः 5,000 रुपए प्रति माह, स्नातक/परास्नातक पासः 6,000 रुपए प्रति माह। पात्रता के लिए आवेदक बिहार का स्थायी निवासी होना चाहिए, आयु सीमा 18 से 28 वर्ष और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। इसके अलावा गृह जिले से बाहर लेकिन बिहार में इंटर्नशिप करने वालों को पहले 3 माह तक 2,000 रुपए प्रतिमाह और बिहार से बाहर इंटर्नशिप करने वालों को पूरी अवधि के लिए 5,000 रुपये प्रतिमाह का निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। योजना के तहत चयनित युवाओं को न्यूनतम 3 माह से अधिकतम 12 माह की इंटर्नशिप दी जाएगी जिसमें कम से कम 50% प्रशिक्षण व्यावहारिक होगा।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्िारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# संस्कृत सप्ताह एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत श्रीकृष्ण स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ संस्कृतमय वातावरण में हुआ। यह निरन्तर 35 वां शिविर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा सीखने और लोकप्रिय बनाने के लिए सभी लोगों को प्रयास करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का विस्तार से चर्चा श्रीमद्‌भागवत गीता में है। अपने उद्घाटन उद्‌बोधन में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत के सभी लोगों को श्रीमद्‌भागवत गीता का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना चाहिए। संस्कृत सम्भाषण शिविर में सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सीखाया जाता है। मुख्यातिथि के रूप मे गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो रागिनी वर्मा, मुख्य वक्ता अधिवक्ता उग्र नारायण झा, अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, विशिष्टातिथि के रूप में डा अनिल कुमार चौबे, डा राजेश कुमार मिश्र, डॉ नीरा कुमारी, डॉ महेश केवट, डॉ मिथिलेश कुमार एवं डॉ अवन्तिका कुमारी ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। संस्कृत सम्भाषण शिविर के सदस्यों में विचार व्यक्त करने वालों में सुजाता घोष, मनीष कुमार, तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, राहुल कुमार पाण्डेय, आयुष मिश्र, वन्दना पटोरिया, मधु कुमारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ लीना चौहान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार एवं ऐक्य मन्त्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ आयुष मिश्र, सुजाता घोष, उग्र नारायण झा के क्रमशः मंगलाचरण, गीता श्लोक एवं वैदिक मंगलाचरण से हुआ।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक द्वारा की गयी उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, एसेट मेंटेनेंस, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक मशीनों की कार्यप्रणाली, समपार फाटकों के इंटरलॉकिंग सहित अन्य विषयों पर विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स भारत इंटरप्राइजेज के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति विनय कुमार मिश्रा जो दरभंगा में मानव बल के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी अंजू देवी, पुत्र-दिवाकर मिश्रा को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. विनय कुमार मिश्रा की मृत्यु 16-04-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 350 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (10500/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 157500 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## संपादकीय

# सबसे तेज इकॉनमी

सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। कुछ बॉस भारत से जलते हैं । अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3 प्रतिशत है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मुश्किल में अमेरिका । महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

# एनडीए सरकार- पिछले 20 वर्षों से बिहारी बहनों का भरोसा



– डॉ संजय मयूख

(बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक एवं एनडीए के उप-सचेतक, राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा)

**इस पहल ने न केवल शासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है, बल्कि उनमें स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया है। आज हज़ारों महिलाएँ, जिनमें से कई हाशिए पर मौजूद समुदायों से हैं – मुखिया, वार्ड सदस्य और ब्लॉक-स्तरीय नेता के रूप में काम कर रही हैं। वे अनिश्चित और अनुभवहीन होकर सिस्टम में प्रवेश कर सकती हैं, लेकिन आज अनगिनत महिलाएँ शिक्षा, स्वच्छता और स्थानीय शासन सुधार के लिए मुखर आवाज़ बनकर उभरी हैं। इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, बिहार ने 2006 में प्राथमिक शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण लागू किया और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण बढ़ा दिया।**

रक्षाबंधन का मतलब सिर्फ़ राखी बाँधने का रस्म नहीं है, ये एक रिश्ते की ज़िम्मेदारी होती है। इस दिन संसार का हर एक भाई अपनी बहन से वादा करता है कि बहन कभी अकेली नहीं पड़ेगी, उसके सम्मान, सुरक्षा और तरक्की के रास्ते में वह कभी रुकावट नहीं आने देगा। ये ज़िम्मेदारी सिर्फ़ भाई की नहीं होती, सरकार की भी होती है। पिछले 20 वर्षों से बिहार में एनडीए सरकार ने इस रिश्ते को सिर्फ समझा ही नहीं, निभाया भी है। बिहार में वर्ष 2005 से पूर्व महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विकास के नाम पर राबड़ी देवी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के अलावा कोई भी उपलब्धि भरा काम नहीं किया गया था। लालू परिवार के सिवा, बाकि बिहारी महिलाऐं चूल्हे जलाने से अपने दिनचर्या की शुरुआत करते हुए रात को खाने के बर्तन धोने के साथ अपने दिन को समाप्त करती थीं। महिलाओं के लिए न पढ़ाई की बात होती थी, न रोज़गार की, न आत्मनिर्भर बनाने की। फिर वक्त बदला। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने 2005 में जब बिहार का कमान संभाला, तो सरकार की सबसे पहली चिंता यही थी, हर बिहारी बेटी को हक़, अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। 2005 से बिहार में एक नई शुरुआत हुई; सड़कों, पुलों, स्कूलों के साथ-साथ हमारी बहनों के जीवन में भी बदलाव आने लगा। आज बिहार की महिलाएँ सिर्फ़ घर ही नहीं संभाल रही हैं, बल्कि पंचायत चला रही हैं, स्कूल में पढ़ा रही हैं, पुलिस की वर्दी पहन रही हैं, और अपना कारोबार खड़ा कर रही हैं। एनडीए के कार्यकाल में भारत के सबसे पितृसत्तात्मक और गरीब राज्यों में से एक बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण का एक मॉडल पेश किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों ने न केवल महिलाओं को विकास की कहानी में शामिल किया है, बल्कि उन्हें इसके केंद्र में रखा है।

### महिला सशक्तिकरण- बिहार बना देश का मॉडल राज्य

एनडीए सरकार के नेतृत्व में, बिहार ने महिला सशक्तिकरण की एक ऐसी यात्रा शुरू की है जो अग्रणी और प्रभावशाली दोनों है। 2006 से, नीतीश सरकार ने महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नीतियों को लागू किया है। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण की शुरुआत ने राजनीतिक समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल ने न केवल शासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है, बल्कि उनमें स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया है। आज हज़ारों महिलाएँ, जिनमें से कई हाशिए पर मौजूद समुदायों से हैं – मुखिया, वार्ड सदस्य और ब्लॉक-स्तरीय नेता के रूप में काम कर रही हैं। वे अनिश्चित और अनुभवहीन होकर सिस्टम में प्रवेश कर सकती हैं, लेकिन आज अनगिनत महिलाएँ शिक्षा, स्वच्छता और स्थानीय शासन सुधार के लिए मुखर आवाज़ बनकर उभरी हैं।

इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, बिहार ने 2006 में प्राथमिक शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण लागू किया और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35त्न आरक्षण बढ़ा दिया। कम महिला साक्षरता से त्रस्त राज्य में, इस नीति ने कक्षा की गतिशीलता को बदलने में मदद की और लड़कियों की अगली पीढ़ी को रोल मॉडल प्रदान किया। बिहार के सरकारी स्कूलों में लाखों महिला शिक्षकों की उपस्थिति एक 'साइलेंट रेवोल्यूशन' है जो परिवारों और समुदायों में फैलती रहती है। अभी कुछ दिन पूर्व ही सरकार ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा है कि अब से बिहार की सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के 35त्न आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार की बेटियां को ही मिलेगा, ये निश्चित ही सरकार के द्वारा बिहार की बेटियों को रक्षाबंधन का एक और उपहार है।

### नीति से संस्कृति तक

योजनाओं और कोटा से परे, नीतीश सरकार ने यकीनन सामाजिक विमर्श को नया रूप दिया है। स्वयं सहायता समूह आंदोलन %जीविका% पहल आर्थिक सशक्तिकरण की एक मिसाल है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित करके, इस कार्यक्रम ने 1.44 करोड़ से अधिक महिलाओं को आय-उत्पादक गतिविधियों में शामिल होने में सक्षम बनाया है, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। यह मॉडल इतना सफल रहा है कि इसने केंद्र सरकार के %आजीविका% कार्यक्रम को प्रेरित किया,जो बिहार सरकार के व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना के तहत, लाखों किशोरियों को माध्यमिक विद्यालयों तक पहुँचने के लिए साइकिलें दी गईं, जिससे बुनियादी गतिशीलता का मुद्दा सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक में बदल गया। एक ऐसे समाज में जहाँ लड़कियाँ अक्सर दूरी, सुरक्षा या सामाजिक दबाव के कारण कक्षा 8 के बाद स्कूल छोड़ देती थीं, साइकिल स्वतंत्रता का एक साधन बन गई। नामांकन में वृद्धि हुई। किशोर गर्भधारण में कमी आई। इससे भी अधिक गहरा बदलाव धारणा में आया, साइकिल चलाकर स्कूल जाती लड़की ग्रामीण बिहार में आकांक्षा और स्वायत्तता की मिसाल बन गई। जहां उज्ज्वला योजना के माध्यम से 1.16 करोड़ बिहारी बहनों को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली, वहीं दीदी की रसोई योजना ने उनके लिए सम्मान और रोज़गार के नए द्वार खोल दिए। 4 लाख महिला कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल के पास सरकारी आवास की योजना, काम और परिवार के संतुलन को लेकर बिहार सरकार की महिला हितैषी सोंच को दर्शाती है। बिहार में कन्या उत्थान योजना से 9 लाख बेटियों को सहायता मिली, वहीं 32 लाख से अधिक माताओं को मातृ वंदना योजना का लाभ मिला। आशा और ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी की गयी, 30,000 नई आशा बहनों की भर्ती का भी सरकार ने ऐलान किया है, जिससे इस सेवा को और मजबूती मिलेगी। महिला थानों की स्थापना, नए थाना भवनों में महिला बैरक और स्वच्छता की अनिवार्यता, और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए स्वाभिमान बटालियन, यह सब महिला सुरक्षा के प्रति एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

बिहार की एनडीए सरकार ने लैंगिक संवेदनशीलता को नौकरशाही अभ्यास का हिस्सा बना दिया है। शराब विरोधी नीतियां, हालांकि विवादास्पद थीं, महिला आंदोलनों द्वारा संचालित थीं जिन्होंने घरेलू हिंसा और शराब के सेवन से परिवार के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को कम कर दिया। इस तरह की जमीनी चिंताओं के साथ सरकार का जुड़ाव महिलाओं की आवाज़ के प्रति असामान्य राजनीतिक संवेदनशीलता को दर्शाता है।

### शिक्षा और रोजगार- बिहारी महिलाओं ने सारी बाधाओं को तोड़ दिया

शिक्षा और रोजगार, नीतीश सरकार के सशक्तिकरण एजेंडे का आधार रही है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और खेल संस्थानों में लड़कियों के लिए 33त्न सीटों का आरक्षण एक अग्रणी कदम है, जिसने अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल कायम की है। इस नीति ने अनगिनत युवा महिलाओं के लिए पारंपरिक रूप से पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए दरवाजे खोले हैं, जिससे रूढ़िवादिता को चुनौती मिली है और महिलाओं के सर्वांगीण विकास का द्वार खुला है। रोजगार के क्षेत्र में, पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी पर बिहार की उपलब्धि उल्लेखनीय है। पुलिस कर्मियों में 30,000+पदस्थापना (25.3त्न) महिलाओं के साथ, बिहार कानून प्रवर्तन के भीतर महिला प्रतिनिधित्व में देश में सबसे आगे है। यह उपलब्धि पुलिस भर्ती में शुरू किए गए 35त्न आरक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसने न केवल लिंग संतुलन को बढ़ाया है बल्कि बल की समग्र प्रभावशीलता में भी सुधार किया है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार, महिला सशक्तिकरण के एक समग्र दृष्टिकोण के साथ निरंतर नीति निर्धारण और कार्यान्वयन कर रही है। राज्य के बजट आवंटन महिलाओं के कल्याण, शिक्षा और रोज़गार में महत्वपूर्ण निवेश इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। महिला उद्यमिता प्रोत्साहन की शुरूआत, व्यावसायिक उपक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और भी रेखांकित करता है।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीतियां और समावेशी शासन सामाजिक मानदंडों को बदलते हुए महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं। हालांकि अभी और भी काम किया जाना बाकी है, लेकिन राज्य की उपलब्धियां लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास करने वाले देश के अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरक मॉडल के रूप में काम करती हैं। बिहार में, महिलाएं न केवल नीतियों की लाभार्थी हैं बल्कि वे अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश के भाग्य को आकार देने में भी सक्रिय भागीदार बन चुकी हैं।

रक्षाबंधन के इस शुभ अवसर पर जब हर भाई अपनी बहन को सुरक्षा और सम्मान का वादा करता है, बिहार सरकार भी हर बेटी की शिक्षा, हर बहन की सुरक्षा और हर महिला की तरक्की कोसर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करने का वादा करती है। महिला केन्द्रित नीतियाँ ही बिहार सरकार की तरफ से हर बिहारी बहन को इस राखी का सबसे सच्चा और बड़ा उपहार है।

# पुतिन की ये शर्तें कहीं -युद्ध रुकने की बजाय,हीं युद्ध और तेज ना हो जाये

(नीरज कुमार दुबे)

अगर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं होता तो ट्रंप के संभावित सख्त कदमों के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं। जैसे तेल और गैस के दाम में उछाल आ सकता है जिससे पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ेगी वहीं [illegible] सीमा पर सैनिक तैनाती बढ़ सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली मुलाक़ात न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है, बल्कि इसके वैश्विक असर को लेकर भी अटकलें तेज़ हैं। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति का यह स्पष्ट बयान– 'हम अपनी एक इंच जमीन भी नहीं छोड़ेंगे', यह संकेत देता है कि शांति वार्ता की राह आसान नहीं होगी। वहीं पुतिन भी पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, जिससे टकराव की संभावना बनी हुई है।

हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप वर्तमान समय में खुद को 'शांति दूत' के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके पीछे दो बड़े उद्देश्य हैं। पहला है- नोबेल शांति पुरस्कार की महत्वाकांक्षा। दरअसल ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने का श्रेय लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि को मज़बूत करना चाहते हैं। इसके अलावा अमेरिकी चुनावी राजनीति में दबदबा बढ़ाना उनका दूसरा उद्देश्य है। दरअसल वह घरेलू मोर्चे पर यह दिखाना चाहते हैं कि वह वैश्विक संकटों को सुलझाने में सक्षम हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण अंत उनके लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन सकता है।

अब सवाल उठता है कि यदि पुतिन ने ट्रंप की बात मानने से इंकार किया तब क्या होगा? देखा जाये तो अगर पुतिन ट्रंप के प्रस्तावों को ठुकराते हैं, तो ट्रंप का गुस्सा और रणनीतिक प्रतिक्रिया कई रूप ले सकती हैं जैसे- रूस के खिलाफ नए और कठोर प्रतिबंध लागू हो सकते हैं विशेष रूप से बैंकिंग, ऊर्जा निर्यात और रक्षा क्षेत्र में। इसके अलावा, यूक्रेन को उन्नत हथियार, इंटेलिजेंस और ड्रोन तकनीक मुहैया कराई जा सकती है। साथ ही रूस को वैश्विक मंचों पर अलग-थलग करने के लिए यूरोपीय संघ, जी7 और नाटो देशों को और मजबूती से जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, रूस को समर्थन देने वाले देशों– खासकर भारत, ईरान, उत्तर कोरिया और चीन पर भी अधिक आर्थिक/वित्तीय दबाव डाला जा सकता है।

अगर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं होता तो ट्रंप के संभावित सख्त कदमों के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं। जैसे तेल और गैस के दाम में उछाल आ सकता है जिससे पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ेगी वहीं नाटो सीमा पर सैनिक तैनाती बढ़ सकती है। इसके अलावा, रूस समर्थक देशों के बीच सामरिक सहयोग और गहरा हो सकता है।

साथ ही पुतिन के संभावित जवाब की बात करें तो माना जा सकता है कि यदि ट्रंप दबाव बढ़ाते हैं, तो पुतिन भी ऊर्जा आपूर्ति, साइबर हमलों या एशियाई गठबंधनों के जरिये अमेरिका और उसके सहयोगियों पर पलटवार कर सकते हैं। इसके अलावा, वह यूक्रेन में सैन्य मोर्चा और आक्रामक बना सकते हैं ताकि बातचीत की शर्तें अपने पक्ष में तय करें। लेकिन यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या पुतिन इस युद्ध समाप्त करने को तैयार होंगे, और यदि हां, तो किन शर्तों पर? साथ ही, क्या अमेरिका इन शर्तों को स्वीकार करेगा?

देखा जाये तो पुतिन के लिए युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि रूस की सुरक्षा, भू-राजनीतिक प्रभाव और ऐतिहासिक दावेदारी का मामला है। उनकी रणनीति इस धारणा पर टिकी है कि पश्चिमी दबाव के बावजूद रूस अपने हितों से पीछे नहीं हटेगा। पुतिन का उद्देश्य सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि एक ऐसा समझौता है जो रूस के दीर्घकालिक हितों को सुनिश्चित करे। पुतिन युद्ध समाप्ति के लिए जो संभावित शर्तें रखेंगे उनमें माना जा रहा है कि रूस द्वारा कब्ज़ा किए गए क्षेत्रों (डोनेट्स्क, लुहान्स्क, ज़ापोरिज़्ज़िया, खेरसॉन) पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी संप्रभुता को मान्यता मिले। इसके अलावा, क्रीमिया पर 2014 के अधिग्रहण को भी मान्यता देने की मांग हो सकती है। यह भी शर्त रखी जा सकती है कि यूक्रेन की तटस्थ स्थिति बनी रहे। यूक्रेन को नाटो में शामिल नहीं किया जाये और दीर्घकालिक सैन्य तटस्थता बनाए रखी जाये। साथ ही यह भी शर्त हो सकती है कि पश्चिमी देशों से यूक्रेन को भारी हथियारों की आपूर्ति पर स्थायी प्रतिबंध लगे। रूस अपने खिलाफ लगे प्रतिबंधों में ढील की मांग भी रख सकता है। इसके तहत अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक और वित्तीय प्रतिबंधों को हटाना या कम करना शामिल होगा। इसके अलावा, यूक्रेन में रूसी भाषी आबादी के लिए विशेष संवैधानिक सुरक्षा और स्वायत्तता की मांग की जा सकती है।

अब सवाल उठता है कि क्या अमेरिका इन शर्तों को मानेगा? देखा जाये तो अमेरिका के सामने दोहरी चुनौती होगी। एक तो उस पर सहयोगी देशों का दबाव होगा। यूरोपीय संघ, विशेषकर पूर्वी यूरोप के देश, किसी भी ऐसे समझौते के खिलाफ होंगे जो रूस को कब्ज़े वाले क्षेत्रों पर स्थायी नियंत्रण दे। इसके अलावा, अमेरिकी राजनीतिक परिदृश्य में रूस के प्रति कड़ा रुख दिखाना ट्रंप के लिए जरूरी होगा, खासकर चुनावी वर्ष में। संभावना है कि अमेरिका कुछ शर्तों को आंशिक रूप से मान सकता है। जैसे- यूक्रेन की नाटो सदस्यता पर अस्थायी रोक (लेकिन स्थायी प्रतिबंध पर सहमति मुश्किल)। इसके अलावा, कुछ आर्थिक प्रतिबंधों में ढील (लेकिन तेल-गैस और बैंकिंग प्रतिबंध बरकरार)।

अब सवाल उठता है कि समझौता नहीं होता है तब क्या होगा? मसलन अगर पुतिन की शर्तें अमेरिका के लिए अस्वीकार्य साबित होती हैं, तो वार्ता विफल हो सकती है। इसके नतीजतन यूक्रेन में युद्ध की तीव्रता बढ़ सकती है। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को और उन्नत हथियार व वित्तीय मदद दी जा सकती है।

# पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की धमकी और भारतीय सेनाध्यक्ष के बयान ने दुनिया को कई बड़े संदेश दिये हैं

**असीम मुनीर ने द इकानामिस्कट को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफ कहा– हम पूर्व से शुरू करेंगे। यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहाँ हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। दक्षिण एशिया में सामरिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के ताज़ा बयान ने भारत के पूर्वी मोर्चे पर संभावित खतरे का संकेत दिया है तो दूसरी ओर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आने वाले युद्ध को केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि पूरे देश का युद्ध बताया है। दोनों बयान यह स्पष्ट कर रहे हैं अगला टकराव पारंपरिक सीमाओं से परे होगा, यह सैन्य शक्ति, तकनीक, सूचना युद्ध और जन-भागीदारी का सम्मिलित परीक्षण होगा।**

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि असीम मुनीर ने द इकानामिस्कट को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफ कहा– 'हम पूर्व से शुरू करेंगे।' यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहाँ हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। यहां पुराने इस्लामी नेटवर्क और आतंकी चैनलों के फिर से सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा, मुनीर ने न केवल पूर्वी मोर्चे पर रणनीतिक वार की बात की, बल्कि जल युद्ध की धमकी देते हुए कहा, 'भारत बांध बनाए और हम उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे।' साथ ही, परमाणु हमले की अप्रत्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया, तो 'हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे।'

मुनीर के ये बयान उस समय आए हैं जब पाकिस्तान-अमेरिका रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। अमेरिकी सेंटकॉम के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात और पाकिस्तान को फिर से अमेरिकी रणनीतिक मानचित्र में लाने का दावा, मुनीर के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। महीने भर में दो बार अमेरिका की यात्रा करने के बाद मुनीर जिस तरह परमाणु धमकियां दे रहे हैं और भारत के साथ आधी दुनिया को लेकर डूबने की बात कह रहे हैं उससे अमेरिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

देखा जाये तो पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का अमेरिका की धरती से भारत को सीधी परमाणु धमकी देना केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर संकेत है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच 'शांति दूत' के रूप में प्रस्तुत कर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नैतिक आधार तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। मुनीर ने न केवल 'यदि हमारे अस्तित्व पर खतरा हुआ तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे' जैसी उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिम्मेदार परमाणु शक्ति की तरह व्यवहार करने को तैयार नहीं है। ऐसे में ट्रंप के 'शांति दूत' होने का दावा हास्यास्पद प्रतीत होता है, क्योंकि उनके देश में खड़े होकर ही पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेता ने परमाणु युद्ध की धमकी दी।



यह स्थिति अमेरिका की कूटनीतिक साख पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन अपने मेहमानों के कट्टर और आक्रामक भाषणों को महज 'राजनीतिक बयानबाज़ी' मानकर अनदेखा करता रहेगा? और क्या दुनिया ऐसे 'शांति प्रयासों' को गंभीरता से लेगी, जिनके बीच ही परमाणु युद्ध की आशंका का सार्वजनिक प्रसारण हो रहा हो? मुनीर का यह बयान एक बार फिर याद दिलाता है कि पाकिस्तान की नीति में परमाणु हथियार सिर्फ रक्षा का साधन नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामरिक दबाव का हथियार हैं– और यही वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसके अलावा, असीम मुनीर का अमेरिका में खड़े होकर भारत को परमाणु धमकी देना केवल सैन्य या कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि इसके पीछे एक गहरी आर्थिक मंशा भी झलकती है। पाकिस्तान की यह पुरानी रणनीति रही है कि जब भी उसकी आर्थिक हालत चरमरा जाती है, वह भारत के साथ तनाव बढ़ाकर और परमाणु युद्ध की आशंका पैदा करके वैश्विक वित्तीय संस्थाओं और दाता देशों पर दबाव बनाता है। इस बार भी यही पैटर्न दिखाई देता है– अंतरराष्ट्रीय मंच पर परमाणु धमकी देकर पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से विश्व बैंक, आईएमएफ और अन्य वित्तीय एजेंसियों को यह संदेश दिया कि अगर उसके भुगतान रोके गए तो दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। यह 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' की रणनीति पाकिस्तान दशकों से अपनाता आ रहा है और कई बार उसे आपातकालीन वित्तीय पैकेज भी इसी दबाव के चलते मिल चुके हैं।

समस्या यह है कि वैश्विक संस्थाएँ पाकिस्तान की इस रणनीति को भलीभांति जानती हैं, फिर भी क्षेत्रीय अस्थिरता के डर से उसके आगे झुक जाती हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून और जिम्मेदार परमाणु आचरण के खिलाफ है, बल्कि इससे पाकिस्तान को यह गलत संदेश भी जाता है कि वह धमकी की राजनीति से आर्थिक लाभ उठाता रह सकता है। वास्तव में, यदि दुनिया सचमुच दक्षिण एशिया में स्थिरता चाहती है तो उसे इस तरह की परमाणु धमकियों को पुरस्कृत करने की बजाय इन पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाने की नीति अपनानी होगी।

दूसरी ओर, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आईआईटी मद्रास में स्पष्ट शब्दों में कहा– अगला युद्ध निकट हो सकता है और हमें इसकी तैयारी अभी करनी होगी। उन्होंने '[illegible]' दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस बार लड़ाई सिर्फ सीमाओं पर तैनात सैनिक नहीं लड़ेंगे; नागरिक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और सूचना प्रबंधन उतने ही निर्णायक होंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में सटीक हमले किए गए। इस अभियान में तकनीक, सामरिक संदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नैरेटिव सेट करने का संयोजन किया गया। पाकिस्तान के भीतर जहाँ इसे जीत के रूप में पेश किया गया, वहीं भारत ने 'जस्टिस डन' संदेश के साथ वैश्विक स्तर पर समर्थन हासिल किया। इस संदेश को महिला अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग और विशेष ऑपरेशन लोगो जैसे प्रतीकों से और मज़बूत किया गया।

देखा जाये तो यह साफ है कि पाकिस्तान की धमकियों में केवल सैन्य टकराव का इशारा नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सूचना युद्ध का भी संकेत है। मुनीर का 'पूर्व से शुरू' करने का दावा भारत की बहु-मोर्चीय सुरक्षा चुनौतियों को रेखांकित करता है, जहाँ चीन-पाकिस्तान की सामरिक साझेदारी, बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा और आतंकी नेटवर्क एक साथ सक्रिय हो सकते हैं। वहीं, भारत की 'पूरे राष्ट' वाली रक्षा अवधारणा, केवल पारंपरिक हथियारों पर निर्भर रहने की बजाय, तकनीक, नागरिक सुरक्षा ढांचे और सामूहिक संकल्प को भी युद्ध के निर्णायक तत्व मान रही है। बहरहाल, मुनीर के बयानों और जनरल द्विवेदी की चेतावनी में एक साझा संदेश छिपा है– अगला संघर्ष बहु-आयामी होगा। यह पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों से लेकर सूचना और साइबर स्पेस तक फैला होगा। भारत के लिए यह समय केवल सैन्य तैयारी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक साथ साधने का है। क्योंकि इस बार, खतरा न सीमा जानता है, न पारंपरिक युद्ध के नियम।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद से हिल कॉलोनी, रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी एवं डीएस कॉलोनी होते हुए धनबाद रेलवे स्टेडियम तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### एक शाम स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज फरोग- ए - अदब, गिरिडीह गाजी नगर, बरवाडीह में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष नौशाद अहमद चांद ने कहा कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएमएम नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह ने की, मंच संचालन सरफराज चांद ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएमएम के वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद बारिश थे, इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से वशिष्ठ अतिथि नौशाद अहमद चांद, सतीश केडिया, राजेश सिंहा, इमरान आलम सहित मुख्य रूप से शामिल रहे, इस सफल आयोजन में विशेष सहयोग सलमान रिजवी, मुख्तार हुस्नी, जावेद हुसैन, सलीम परवाज, सरफराज चांद, एकरामुल हक, राशिद जमील, मोइनद्दीन शम्सी, वसीम अहमद वसीम, क्रांति कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे



### अखिल भारतीय यादव महासभा ने जन्मष्ठमी को लेकर की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा गिरिडीह संकट मोचन मंदिर में जन्मष्ठमी को लेकर बैठक राजेन्द्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक मैं (स्वयं), दिपक यादव, गबर यादव, रंजित यादव, कृष्ण यादव, महेन्द्र यादव,सरजू यादव, अशोक यादव, नंदकिशोर यादव,नमन यादव, अरुण यादव,आशीष यादव समेत उपस्थित रहे।आप सभी गिरिडीह वासियों के सहयोग से लगातार 36 वर्षो से कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आप सभी गिरिडीह वासियों से आग्रह है कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें और पुण्य के भागी बने अखिल भारतीय यादव महासभा के सभी पदाधिकारी ने एक स्वर में बोला की इस बार भी बहुत धूम धाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा।



### अभिनंदन समारोह में सम्मानित हुए डॉ महाचंद्र सिंह

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज प्रखंड के बजरहिया में स्थित प्रो सुबोध कुमार सिंह के निवास स्थान पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह का नागरिक अभिनंदन एक समारोह आयोजित कर किया गया। इस अवसर पर महाराजगंज के पूर्व विधायक हेम नारायण शाह तथा काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रो सुबोध कुमार सिंह द्वारा डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह एवं उपस्थित सभी माननीय गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले प्रो सुबोध सिंह ने पूर्व मंत्री बिहार सत्कार डॉ महाचंद्र सिंह को स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस उपलब्धि के बाद महाचंद्र बाबू द्वारा स्वर्ण समाज को उचित अधिकार प्राप्त होगा। वही डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह ने विश्वास दिलाया कि समाज के उत्थान के लिए मैं हमेशा प्रयत्नशील रहूंगा.



### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद न सिर्फ झारखंड बल्कि पुरे देश में शोक की लहर है, हर कोई दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर दुःख व्यक्त कर रहा है और उन्हें श्रद्धाजलि दे रहा है। इसी कड़ी में गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बरगंड़ा स्थित चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा का आयोजन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, वस्त्र व्यवसायी संघ, माईका एकस्पोर्ट्स एसोसिशन व सीए एसोसिशन ने संयुक्त रूप से किया इस दौरान जहां उपस्थित लोगों ने सबसे पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा झ सुमन अर्पित किया, वंही उपस्थित लोगों ने झारखण्ड अलग राज्य निर्माण में दिशोम गुरु के द्वारा किये गए आंदोलन ओर उनके योगदान को विस्तार से बताया और कहा की दिशोम गुरु न सिर्फ आदिवासियों बल्कि पिछडों, शोषितों, वंचितों के लिए कई ऐसे कार्य किये हैं जिन्हे कभी भूला नहीं जा सकता, शिबू सोरेन को ऐसे ही नहीं दिशोम गुरु कहा जाता है।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई का मिला आश्वासन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।



## किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई

**विष्णुगढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में 12 अगस्त मंगलवार को विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल प्रभारी मिथिलेश पाठक, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) की गरिमामई उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से भव्य तिरँगा यात्रा निकाली गई। तिरँगा यात्रा सात मील चौक से प्रखंड मुख्यालय होते हुए अस्पताल चौक,अखाड़ा चौक ,चेडरा पंचायत के ढंगरटोली में समापन किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने भारत के वीर सपूतों आजादी के जननायकों को याद कर नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में विष्णुगढ़ पश्चिम मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मधुसूदन प्रसाद, सुनील मिश्रा, शंकर प्रसाद बर्मन, रवि पांडे, डोमन प्रसाद गुप्ता, सुखदेव मंडल, गोवर्धन महतो, अशोक कुमार, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राजेश सोनी, डब्ल्यू सोनी, विनोद गुप्ता द्वारका साव, संतोष साव नकुल साव, राजू साव, दीपक रजक, अनूप कसेरा, शंकर सिंह, वकील सिंह, तिलेश्वर साव, राजेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, रामधन माली, विनोद साव, तुकलाल महतो समेत भाजपा कार्यकर्ता दर्जनों शामिल थे ।



## उपायुक्त ने किया सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर डीआरडीए सभागार में चल रही जिला स्तरीय काउंसलिंग का निरीक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर डीआरडीए सभागार में चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग कार्य का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने सहायक आचार्य (6-8 वर्ग, गणित एवं विज्ञान) पद के लिए चल रहे काउंसलिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार का आदेश विज्ञापन प्रकाशन में दिए गए मानदंड तथा नियुक्ति नियमावली के नियमों को शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया दस्तावेजों का किया जा रहा है सत्यापन काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ-साथ दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों की जांच की जा रही है। ये दस्तावेज दो अलग-अलग फोल्डरों में क्रमवार जमा किये जा रहे हैं। जिन पर अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक, विषय, पिता का नाम और श्रेणी स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। दस्तावेजों की जांच के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है, तो मौके पर ही सुधार का विकल्प दिया जाएगा, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक मानकों पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन पत्र जारी किए जाएंगे और उन्हें संबंधित विद्यालयों में नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संचालित की जा रही है। उपायुक्त के निर्देश पर शिक्षा विभाग और चयन आयोग समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द पूरी की जा सके।



# अति शीघ्र जमीन सर्वे शुरू होने की प्रबल संभावना

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर अति शीघ्र जमीन सर्वे शुरू होने का प्रबल संभावना तथा दूसरी ओर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अंचल अधिकारी तिसरी द्वारा किसानों के जमीन से संबंधित मूल रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देने के तानाशाही रवैये के साथ उपायुक्त गिरिडीह श्री राम निवास यादव एवं नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी के खड़े होने से उत्पन्न हुई चुनौतियों का सामना करने हेतू रणनीति बनाने को लेकर किसान जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक किजपा कार्यालय न्यू बरगंडा गिरिडीह में हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति किसी रैयत के पास नहीं होने के वजह से ही आज अंचल अधिकारी किसी रैयत का जमीन ऑनलाइन रजिस्टर टू में अवैध तरीके से भूमाफियाओं के नाम पर चढ़ा दे रहे हैं। यदि एक बार किसी मौजा के संपूर्ण रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति निकल जाएगा तो अंचल अधिकारी उस मौजा के रजिस्टर टू में छेड़ छाड़ नहीं कर सकेंगे और गरीब रैयत का जमीन कोई हड़प नहीं सकेगा। उपायुक्त का यह सवाल कि एक आदमी पूरे मौजा के रजिस्टर टू का प्रति मांगनेवाला होता कौन है, पर नाराजगी जताते हुए किसान जनता पार्टी के कार्यालय सचिव विजय कुमार ने कहा कि एक ओर उपायुक्त कार्यालय से गिरिडीह जिला के सभी अंचल अधिकारी को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के रिट याचिका संख्या 5925/2022 के आलोक में रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति याचिकाकर्ता अवधेश कुमार सिंह को देने का आदेश दिया जाता है वहीं दूसरी ओर मौखिक रूप से उपायुक्त महोदय रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देने को कहते हैं जो जिला प्रशासन का दोहरा चरित्र है। जिला प्रशासन के इस दोगलापन का मजबूती से खिलाफत करना होगा। किसान जनता पार्टी के तिसरी अंचल अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि हम तिसरी अंचल के 32 मौजा के किसानों से रजिस्टर टू का प्रति हेतु रुपैया लेकर नाजीर रसीद तक काट दिया है और अब उपायुक्त महोदय पूछते हैं कि पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति एक व्यक्ति को क्यों दें? तो उपायुक्त महोदय को भी यह बताना पड़ेगा कि अंचल अधिकारी ने एक ही व्यक्ति से पूरे मौजा के रजिस्टर टू के प्रति हेतू राशि अब से 20 महीना पहले क्यों लिया था? उपायुक्त कार्यालय से एक व्यक्ति को पूरे गिरिडीह जिला के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने को अंचल अधिकारी को क्यों कहा गया था? बुद्धूडीह, बूढ़ाचांच, बहुरियाडीह, दूधवाटोल, लोहारी सहित अन्य मौजा में एक ही व्यक्ति को पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति क्यों दिया गया और तिसरी अंचल के हरिजन आदिवासी गांवों के पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति क्यों नहीं दिया जाता है? बैठक में सर्वसम्मति से, गिरिडीह जिला के सभी मीडिया कार्यालय के प्रमुख से यह प्रार्थना करने का निर्णय लिया गया कि वे पीड़ित किसानों की ओर से उपायुक्त गिरिडीह से यह सवाल पूछें कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी वे तिसरी अंचल के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति याचिकाकर्ता को क्यों नहीं दिलाना चाहते हैं? रजिस्टर टू का प्रति हेतू तिसरी अंचल में शुल्क जमा लेने और रजिस्टर टू का प्रति नहीं देने को उपायुक्त उचित कैसे मान रहे हैं। बैठक में कुंजलाल साव, दासो मुर्मू, जोशील मरांडी, घनश्याम पंडित, टिप्पण ठाकुर, मुंशी मुर्मू, खुशबु देवी, गीता देवी, महादेव विश्वकर्मा, भागीरथ राय, जहाँगीर अंसारी, ललिया देवी, दहनी देवी, सामू हेम्ब्रोम, संतोष बास्के, बसिया टुडू, ठुडा हेम्ब्रोम, मालती देवी, बडकी किस्कु, संझली हेम्ब्रोम, सबीना हेम्ब्रम सहित अनेको किसान उपस्थित रहें बैठक के बाद सभी किसान सभी अखबार के कार्यालय प्रमुख को जाकर ज्ञापन दिए।

## झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला मरीज की हुई मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**विष्णुगढ़ हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग एक्सिस बैंक के समीप चेडरा पंचायत में स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला मरीज की मौत हो गई। इसको लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने लक्ष्मी नर्सिंग होम में ताला जड़ दिया और लाश को बाहर रखकर हंगामा खड़ा कर दिया। इस संबध में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त अस्पताल में महिला मरीज का एपेंडिक्स तथा बच्चेदानी का ऑपरेशन करना था और महिला मरीज की खून की कमी थी उसके बावजूद भी ऑपरेशन किया गया। दो दिनों के इलाज के उपरांत मरीज की तबियत बिगड़ने लगी तो मरीज को रेफर कर दिया गया, जिसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह जब मृतका के परिजन अस्पताल में शव लेकर आये तो अस्पताल के सारे स्टाफ और कथित डॉक्टर वहाँ से फरार हो गए। यह लक्ष्मी नर्सिंग होम में मरीजों का मौत का अड्डा बन गया है, ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी एक बुजुर्ग महिला की हल्की फुल्की बुखार में चालीस सलाइन की बोतल उस महिला के शरीर में चढ़ा दी गई थी, जिसके चलते बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद में ग्रामीणों ने हंगामा किया था। विष्णुगढ़ में कई ऐसे नर्सिंग होम है जो धडल्ले से चलाए जा रहे हैं, निजी नर्सिंग होम में मरीजों के साथ प्रायः घटना घटती रहती है, बिचौलियों एवं हनक रखनेवालो की वजह से मामले ऐसे हीं दबा दिए जाते है। विष्णुगढ़ में निजी अस्पताल संचालको एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों में भ्रूण की अवैध जाँच, गर्भपात धड़ल्ले से किए जाते है, वहीं निजी अस्पतालों में कन्या भ्रूण हत्या आम सी हो गई है। बिना डिग्री के फर्जी डॉक्टर भी बेरोकटोक बड़े-बड़े ऑपरेशन करते है, जिससे मरीजो की जान पर बन आना या मौत आम सी घटना हो गई है।

# सीएससीए के 36वें चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**पहले दिन पदमा, एकतारा, तुरिया करमा और मलकपुर की जीत**

**चौपारण (हजारीबाग) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चौपारण स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 36वां चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालक इमरान खान, सीएससीए अध्यक्ष तस्लीम रजा और सेना के जवान राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में दर्शकों ने रोमांचक खेल का आनंद लिया। उद्घाटन मैच में पदमा ने मयुरहंड को एकतरफा अंदाज में 4-0 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में एकतारा ने गंगा आहार को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरे मैच में तुरिया करमा ने सिंघरांवा को 2-0 से मात दी, जबकि चौथा मुकाबला मलकपुर और सेवाल करमा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में राहुल कुमार, अजय यादव, अंशु राय, राजा कुमार, सूरज कुमार, अमरजीत कुमार, विक्रम कुमार, सचिन कुमार, बबन कुमार और अमन कुमार के नाम उल्लेखनीय रहे। सीएससीए परिवार द्वारा बताया गया कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को खेला जाएगा। उस दिन विविध खेलकूद कार्यक्रम होंगे। पुलिस प्रशासन और स्थानीय टीम का प्रदर्शनी मैच भी होगा। आयोजन स्थल चौपारण ब्लॉक मैदान पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया है।



## उपायुक्त ने गाण्डेय प्रखण्ड में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गण्डेय एस एक्शन फोर रिसाइकिलिंग वास्ते एंड वैल्यू चैन (प्रोजेक्ट गर्व) से संबंधित समन्वय बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में गिरिडीह जिला अन्तर्गत गाण्डेय प्रखण्ड में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गण्डेय एस एक्शन फोर रेसाइकिलिंग वास्ते एंड वैल्यू- चैन (प्रोजेक्ट गर्व) से संबंधित समन्वय बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि गांडेय प्रखंड अंतर्गत सभी 26 पंचायतों में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रसंस्करण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कूड़ा कचड़ा और ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों को रीसाइकल किया जाएगा। आगे उपायुक्त ने कहा कि गांडेय प्रखंड के सभी 26 पंचायतों में ठोस अपशिष्ट को संग्रहित करना, परिवहन करना और वैज्ञानिक तरीके से उसका प्रबंधन करने की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु रणनीति तैयार करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में जनसहभागिता भी काफी महत्वपूर्ण है। सभी के सहयोग और समन्वय से ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बनाए गए रणनीति को लागू किया जा सकेगा, जिसका लाभ वहां के स्थानीय लोगों मिल सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, श्री कुमार प्रेमचन्द, वॉश विशेषज्ञ, यूनिसेफ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जसलपीएस समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक मुआवजा कार्यक्रम में बवाल, ग्रामीणों ने अधिकारियों व पुलिस पर किया पथराव

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग जिले के बड़का गांव प्रखंड में मंगलवार को एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के भूमि मुआवजा भुगतान कार्यक्रम के शुरू होने से पहले ही माहौल तनावपूर्ण हो गया। यह कार्यक्रम किसानों को अर्जित भूमि के लिए मुआवजा राशि देने और उससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिला भू-अर्जन कार्यालय के कर्मी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी एवं एनटीपीसी के कुछ अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे। पहले यह आयोजन प्रखंड मुख्यालय में होना था, लेकिन बाद में स्थान बदलकर महंगाई कला पंचायत भवन कर दिया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अधिकारियों एवं पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते-देखते हिंसक रूप ले ली। आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थरों से हमला कर एनटीपीसी बादाम परियोजना के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। इस दौरान सरकारी व पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई तथा कुछ समय के लिए अधिकारियों को बंधक बना लिया गया। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसी तरह स्थिति को काबू में किया गया। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, लेकिन भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में मनाया गया एंटी-रैगिंग डे और सप्ताह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय और संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में एंटी-रैगिंग डे एवं सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर बिहार वेटरनरी कॉलेज में हिंदी और अंग्रेजी में वाक्पटुता प्रतियोगिता तथा ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ह्लसीनियर और जूनियर के बीच मित्रतापूर्ण संबंध रैगिंग के बिना भी संभव हैह्व विषय पर आधारित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रैगिंग न करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जब बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर पेशेवर शिक्षा के संस्थानों में प्रवेश लेते हैं, तो उन्हें घर से अलग एक नया माहौल मिलता है, जिसमें खुद को ढालना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में हर छात्र और उनके अभिभावक चाहते हैं कि उन्हें सुरक्षित, मित्रतापूर्ण और सहज वातावरण मिले। इस माहौल को बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सीनियर विद्यार्थियों की होती है। उन्होंने कहा कि पहले कई संस्थानों में रैगिंग के मामले सामने आते थे, जिनमें विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सिस्टम ने इसे गंभीरता से लिया है और किसी भी हाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुलपति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे करियर निर्माण के इस दौर में रैगिंग से दूर रहें और अपने जूनियर्स के लिए प्रेरणादायक, सहयोगी और प्रोत्साहन देने वाला माहौल तैयार करें, जिससे उनकी प्रतिभा पूरी शक्ति से विकसित हो सके। बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद ने कहा कि कोई भी प्रतिभा कुंठित माहौल में विकसित नहीं हो सकती, इसलिए स्वच्छ और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, विशेषकर विद्यार्थियों की कि वे अपने जूनियर्स का ख्याल रखें और उन्हें प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने ह्यशेयरिंग इज केयरिंगह्ण के मंत्र को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि सीनियर छात्र अपने जूनियर्स के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उन्होंने रैगिंग से जुड़ी शिकायतों के गंभीर परिणामों पर भी चर्चा की और छात्रों से प्रोफेशनलिज्म के साथ आगे बढ़ने तथा अपने जूनियर्स को सदैव मोटिवेशन, स्नेह और सहयोग देकर आगे बढ़ाने की सलाह दी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वाति कुमारी ने प्रथम, आयुष आर्यन ने द्वितीय और अनुष्का प्रिय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रहनुमा अंजुम प्रथम, निखिल कुमार झा द्वितीय और अमृत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश कुमार चौधरी, डॉ. शाहदेव डे, डॉ. सिउली शाहा रॉय, डॉ. भूमिका, डॉ. सोनी, डॉ. रोहित सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।



## बाजार में अस्थिरता के बावजूद इक्विटी फंडों में रिकॉर्ड 42702 करोड़ का निवेश

### एयूएम 75 लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टैरिफ वार से प्रभावित शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंडों में रिकॉर्ड 42,702 करोड़ रुपये का निवेश आया ।यह जून के 23,587 करोड़ की तुलना में 81 फीसदी अधिक है। खास बात है कि इक्विटी म्यूचुअल फंडों में लगातार 53वें महीने निवेश आया है। रिकॉर्ड निवेश के दम पर म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य पहली बार 75 लाख करोड़ के पार 75.36 लाख करोड़ हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों




के मुताबिक, थीमैटिक फंड में सबसे अधिक 9,426 करोड़ रुपये का निवेश आया ।फ्लेक्सीकैप फंड में 7,654 करोड़, स्मॉलकैप में 6,484 करोड़, मिडकैप में 5,182 करोड़ और लार्ज-मिडकैप में 5,035 करोड़ का निवेश आया। इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) को छोड़कर सभी इक्विटी श्रेणियों में निवेश हुआ। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में जुलाई में 1.8 लाख करोड़ का निवेश हुआ। यह जून के 49,000 करोड़ और मई के 29,000 करोड़ से अधिक है। डेट फंडों में 1.06 लाख करोड़ का निवेश हुआ है, जबकि जून में 1,711 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश घटकर 1,256 करोड़ रह गया, जो जून में 2,081 करोड़ रुपये था।

**एसआईपी में लगातार भरोसा, 28,464 करोड़ रुपये का निवेश-** एसआईपी के जरिये निवेश में खुदरा निवेशकों का भरोसा लगातार बना हुआ है। जुलाई में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत 28,464 करोड़ का निवेश आया।

## अडानी पर पैसों की बारिश, मस्क से रह गए थोड़ा पीछे

### टॉप 20 में वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में कई दिनों की गिरावट के बाद सोमवार को अच्छी तेजी रही। इस तेजी का सबसे ज्यादा फायदा अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को हुआ। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ 5.74 अरब डॉलर यानी करीब 5,03,01,57,16,000



बढ़कर 79.7 अरब पहुंच गई। इसके साथ ही उनकी दुनिया के टॉप 20 अमीरों की लिस्ट में धमाकेदार वापसी हुई है। भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस की नेटवर्थ में इस साल 1.01 अरब की तेजी आई है। सोमवार को कमाई के मामले में अडानी से आगे केवल एलन मस्क रहे। दुनिया के सबसे बड़े रईस की नेटवर्थ में 6.69 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 378 अरब डॉलर पहुंच गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 54.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। ओरेकल के फाउंड लैरी एलिसन 305 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 3.30 अरब डॉलर की तेजी आई।

पर्सनल लोन का नया चेहरा

# घूमना-फिरना मध्य वर्ग की बड़ी प्राथमिकता

- **विदेश यात्रा पर खर्च रक्षा बजट के बराबर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दशक पहले तक पर्सनल लोन लेने का मतलब शादी, घर की मरम्मत या बच्चों की पढ़ाई जैसी जरूरतों को पूरा करना माना जाता था, लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। नए सर्वे के मुताबिक, 2024-25 में 27 फीसदी भारतीयों ने सिर्फ घूमने-फिरने के लिए पर्सनल लोन लिया। एक दशक पहले की तुलना में यह करीब 10 गुना वृद्धि है। घर की मरम्मत के लिए 24 फीसदी, क्रेडिट कार्ड बकाया चुकाने के लिए 11 फीसदी, इलाज के लिए 9.6 फीसदी, शिक्षा के लिए 6.01 फीसदी और शादी के लिए महज 5.4 फीसदी लोगों ने पर्सनल लोन लिया। आरबीआई और प्रमुख वित्तीय कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि 2015-16 में पर्सनल लोन का बड़ा हिस्सा करीब 25 फीसदी शादी और 30 फीसदी घर की मरम्मत के लिए लिया जाता था। उस समय घूमने-फिरने पर खर्च के लिए गए कर्ज का हिस्सा पर्सनल लोन का 3 फीसदी से भी कम था। 2017 से 2019 के दौरान



ऑनलाइन ट्रैवल बुकिंग, लो-कॉस्ट एयरलाइंस और अभी घूमो-बाद में चुकाओ जैसी स्कीमों ने ट्रैवल लोन का हिस्सा 8 से 10 फीसदी तक पहुंचा दिया।

### रिवेंज ट्रैवल ट्रेंड ने फिर से तस्वीर बदली

कोविड-19 के दौरान 2020-21में अंतरराष्ट्रीय यात्रा लगभग ठप हो गई और ट्रैवल लोन का हिस्सा घटकर 2 फीसदी के आसपास रह गया।इस दौरान इलाज और क्रेडिट कार्ड बकाया चुकाने के लिए लोन की मांग बढ़ी। 2022 के बाद रिवेंज ट्रैवल ट्रेंड ने फिर से तस्वीर बदल दी और 2024-25 में घूमने-फिरने के लिए पर्सनल लोन लेने वालों का हिस्सा रिकॉर्ड 27 फीसदी पहुंच गया।

# ट्रंप टैरिफ से निपटने के लिए 50 देशों में निर्यात बढ़ाएगी सरकार

### चार उपायों पर काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के 50 फीसदी के भारी टैरिफ से निपटने और निर्यातकों की सुरक्षा के लिए सरकार पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका जैसे क्षेत्रों के 50 देशों में निर्यात बढ़ाने की तैयारी कर रही है।खास बात है कि भारत के कुल निर्यात में इन देशों की हिस्सेदारी करीब 90 फीसदी है।

एक अधिकारी ने सोमवार को बताया, वाणिज्य मंत्रालय निर्यात विविधीकरण, आयात प्रतिस्थापन और निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने सहित चार उपायों पर काम कर रहा है। इन स्तंभों पर विस्तृत विश्लेषण जारी है। मंत्रालय हर प्रत्येक उत्पाद पर बारीकी से काम कर रहा है।

मंत्रालय पहले से ही 20 देशों में निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था।अब इस रणनीति में 30 और देशों को शामिल किया गया है। इससे न सिर्फ निर्यात बढ़ाने में मदद




मिलेगी, बल्कि अमेरिका से होने वाले नुकसान की भरपाई भी होगी। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत का निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा।

### नए बाजार तलाशें सी-फूड निर्यातक

उच्च टैरिफ के बीच सरकार ने सी-फूड निर्यातकों से झींगा और दूसरी मछलियों के निर्यात के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशने को कहा है ।केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और कई देश भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए उपलब्ध हैं।

# ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ से मुकेश अंबानी के शेयर में लगातार गिरावट, 17 पर आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर लगातर चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। आज आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर 17.84 रुपये पर आ गए। इसमें 1 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के शेयर बीते 5 दिन में 4 पर्सेंट और इस साल अब तक 15 पर्सेंट तक टूट गया है। बता दें कि ट्रंप टैरिफ के बाद से बाद से ही इसमें गिरावट देखी जा रही है। बता दें कि एनालिस्ट का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद आलोक इंडस्ट्रीज सहित कई कपड़ा कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई।



एनालिस्ट के मुताबिक, ट्रंप के टैरिफ से यह उद्योग प्रभावित हो सकता है।

**जून तिमाही के नतीजे-** आलोक इंडस्ट्रीज का शुद्ध घाटा जून 2025 को समाप्त तिमाही में 171.56 करोड़ रुपये रहा, जबकि जून 2024 को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान शुद्ध घाटा 206.87 करोड़ रुपये था। जून 2025 को समाप्त तिमाही में बिक्री 7.33 प्रतिशत घटकर 932.49 करोड़ रुपये रह गई, जबकि जून 2024 को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान बिक्री 1006.30 करोड़ रुपये थी। बता दें कि 1986 में स्थापित, आलोक इंडस्ट्रीज एक एकीकृत कपड़ा निर्माता है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। कपास और पॉलिएस्टर, दोनों ही क्षेत्रों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। कपास क्षेत्र में, कंपनी कताई से लेकर बुनाई, प्रोसेसिंग, तैयार कपड़े, चादरें, तौलिए और परिधानों तक एकीकृत है। 2020 में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन के साथ मिलकर, बकाया ऋणों की वसूली के लिए ऋणदाताओं द्वारा आयोजित दिवाला और दिवालियापन कानून नीलामी के माध्यम से आलोक इंडस्ट्रीज का सफलतापूर्वक अधिग्रहण किया।

### क्या है डिटेल

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कपड़ा, आईटी सेवाएं, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटो कंपोनेंट जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों पर नए अमेरिकी टैरिफ का असर पड़ने की आशंका है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख और रणनीतिकार शेषाद्रि सेन ने कहा, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र कपड़ा, रसायन और ऑटो एंसिलरीज हैं, जिनका अमेरिका से निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है।

# सोना हुआ सस्ता, 100000 से नीचे आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी के दाम मामूली रूप से ऊपर चढ़े। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोना 408 गिरकर 99,549 प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो 8 अगस्त 2025 के ऑल-टाइम हाई 1,01,406 से 1,857 सस्ता है। वहीं, चांदी 92 प्रति किलो की बढ़त के साथ 1,13,593 प्रति किलो पर पहुंच गई। जीएसटी समेत सोना 1,02,535 और चांदी 1,17,000 प्रति किलो के भाव से बिक रही है। ध्यान रहे, ये कीमतें जीएसटी और मेकिंग चार्ज से पहले हैं। इन्हें जोड़ने पर ज्वैलरी की असली लागत 5-10 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। इस साल अब तक सोने में जबरदस्त उछाल देखा गया। 1 जनवरी 2025 को 24 कैरेट सोना 76,162 प्रति 10 ग्राम था, जो अब तक 23,387 की बढ़त के साथ 99,549 पर पहुंचा। चांदी 86,017 प्रति किलो से 27,576 की छलांग लगाकर 1,13,593 पर आई।



## एचएएल ने इस डिफेंस कंपनी को दिया 10 करोड़ रुपये का काम, शेयरों में 4 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर की कंपनी एवंतल लि के शेयरों में मगंलवार 12 अगस्त को 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। शुरुआती कारोबार में इस उछाल के पीछे की वजह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से मिला वर्क ऑर्डर है। बता दें,एवंतल लि के शेयर आज सुबह बीएसई में मामूली गिरावट के साथ 129.70 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ है। हालांकि, इसके कुछ ही देर के बाद यह स्टॉक 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 133.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। जोकि 9.44 बजे तक इंट्रा-डे हाई भी रहा है।

### 10 करोड़ रुपये से अधिक का है ऑर्डर

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ सेएवंतल लि को 10.11 करोड़ रुपये का काम मिला है। यह कंपनी को 11 अगस्त को मिला था ।एवंतल लि को सैटकॉम इक्विपमेंट (एयरबोन वर्जन) बनाना है। इस ऑर्डर को 10 अगस्त 2026 से पहले पूरा करना है। कंपनी को 24 महीने की वारंटी भी देनी होगी। इस पहले जून के महीने में कंपनी को 24.73 करोड़ रुपये के दो बड़े ऑर्डर मिले थे। इसमें एक ऑर्डर मझगांव डॉक ने भी दिया था। जिसकी कुल वैल्यू 11.06 करोड़ रुपये थी।

**जून तिमाही में इस डिफेंस कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा-** नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 56 प्रतिशत गिरा है। अप्रैल से जून के दौरान कंपनी का कुल नेट प्रॉफिट 3.23 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 7.38 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू के मोर्चे पर भी कंपनी के लिए बहुत अच्छी खबर नहीं है।

# मेगा डील से आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी शेयरों में बड़ी हलचल

### कंपनी ने जीता बड़ा कांट्रैक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी के शेयरों में मंगलवार को करीब 5 प्रतिशत का उछाल आया और वे बीएसई पर 163 रुपये तक पहुंच गए। यह उछाल कंपनी द्वारा एक बड़े समझौते की खबर के बाद आया। दोपहर डेढ़ बजे के करीब इसके शेयर 3 पर्सेंट अधिक ऊपर 161.20 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले छह महीने में इसने 20 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। आईनॉक्स ग्रीन ने भारत के सबसे बड़े कॉन्लोमरेट्स (समूहों) में से एक की अक्षय ऊर्जा शाखा के साथ करार किया है। इस समझौते के तहत कंपनी पश्चिमी भारत के विभिन्न स्थानों पर स्थित, अपने ही सामान्य ढांचे से जुड़े, 182 मेगावाट के चालू पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स की पूरी देखभाल और संचालन की जिम्मेदारी लेगी।



### कंपनी का बयान

आईनॉक्स ग्रीन के सीईओ एस के माथू सुधाना ने कहा, हम भारत के सबसे बड़े ग्रुपों से एक की अक्षय ऊर्जा शाखा के साथ 182 मेगावाट के पूर्ण ह×रू समझौतों पर साइन करने की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि इस समझौते के साथ, यह प्रतिष्ठित ग्राहक के साथ हमारे सारे प्रोजेक्ट फिर से हमारे पास आ गए हैं।

## हुंडई के शेयरों पर गोल्डमैन का दांव, शेयर खरीदने की सलाह, 2600 रुपये का दिया टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंडई मोटर इंडिया के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई के बिल्कुल करीब पहुंच गए हैं। हुंडई मोटर इंडिया के शेयर मंगलवार को बीएसई में करीब 4 पर्सेंट के उछाल के साथ 2239.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2265.05 रुपये है। पिछले 4 ट्रेडिंग सेशंस में से 3 में कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली थी। अब ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। गोल्डमैन सैक्स के मुताबिक, ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है।

**बाय रेटिंग के साथ 2600 रुपये का टारगेट-** विदेशी ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैक्स ने हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज फर्म ने ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयरों के लिए 2600 रुपये का टारगेट दिया है। यानी, सोमवार के क्लोजिंग लेवल से हुंडई मोटर के शेयरों में करीब 21 पर्सेंट का उछाल देखने को मिल सकता है। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि कंपनी वित्त वर्ष 27-28 के दौरान अपने प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने के लिए अच्छी पोजिशन में है। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, कंपनी को अपने आगामी प्रॉडक्ट लॉन्चेज से काफी फायदा होगा। वित्त वर्ष 25 से 28 के बीच कंपनी के मार्केट शेयर में 120 बेसिस प्वाइंट (1.20 पर्सेंट) की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# 70 रुपये का शेयर पहले ही दिन 120 रुपये के पार

### 75 प्रतिशत से ज्यादा का फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत की है। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर मंगलवार को बीएसई में 67.14 पर्सेंट के फायदे के साथ 117 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट और चढ़कर 122.84 रुपये पर पहुंच गए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 70 रुपये था। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 70 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले पहले ही दिन 75 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ दांव लगाने के लिए 5 अगस्त 2025 को खुला था और यह 7 अगस्त तक ओपन रहा।

### कंपनी का कारोबार

हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की शुरुआत साल 1995 में हुई है। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर, एक इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट और मैनेजमेंट कंपनी है। कंपनी टोलवे कलेक्शन, इंजीनियरिंग, प्रेक्योरेमेंट एंड कंस्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और रियल एस्टेट डिवेलपमेंट बिजनेस में सक्रिय है। रोड, हाईवे, ब्रिज और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के कंस्ट्रक्शन एंड मेंटीनेंस में कंपनी का स्पेसलाइजेशन है।

### ह्रस्श्व में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग

हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर ह्रस्श्व पर 64.29 पर्सेंट के फायदे के साथ 115 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 120.75 रुपये पर जा पहुंचे हैं। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 130 करोड़ रुपये तक का था। कंपनी के प्रमोटर अरुण कुमार जैन, अनूप अग्रवाल और रिद्धार्थ जैन हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 94.95 पर्सेंट थी। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 316.64 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 164.48 गुना दांव लगा, जबकि गैर संस्थागत निवेशक (नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स) कैटेगरी में आईपीओ को 473.10 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 432.71 गुना दांव लगा। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशक कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 13 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 211 शेयर थे। यानी, आम निवेशकों को एक लॉट के लिए 14,770 रुपये का निवेश करना पड़ा।

बुलेट ट्रेन की तरह भाग रहा है यह रेलवे स्टॉक

# शेयरों में 5 प्रतिशत की तेजी, कंपनी के पास 26000 करोड़ का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर तिमाही नतीजों के बाद भी तीतागढ़ रेल सिस्टम के शेयरों में मंगलवार को 5.2 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस उछाल के बाद बीएसई में 818 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। मंगलवार की सुबह कंपनी के शेयर मामूली गिरावट के साथ 775 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ था। बता दें, सोमवार को मार्केट बंद होने के बाद इस रेलवे कंपनी ने तिमाही नतीजों का ऐलान किया था।

**नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट-**तीतागढ़ ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि सालाना आधार पर उनका नेट प्रॉफिट 54 प्रतिशत लुढ़क गया है। अप्रैल से जून के दौरान कंपन का कुल नेट प्रॉफिट 30.86 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में इस रेल सेक्टर की कंपनी का नेट प्रॉफिट 67.01 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का रेवन्यू (ऑपरेशन्स) 679.30 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की जून तिमाही में यह 903.05 करोड़ रुपये रहा था।



### बीते एक साल से संघर्ष कर रहा है रेलवे स्टॉक

ज्यादातर मल्टीबैगर स्टॉक की तरफ तीतागढ़ रेल सिस्टम का शेयर भी बीते एक साल के दौरान संघर्ष करता नजर आया है। इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 45 प्रतिशत की गिरावट आई है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 1.03 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, 5 साल में यह रेलवे स्टॉक 1845 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 12-08-2025 21:59 Page 1



# चाचा ने की भतीजे की पिटाई, इलाज के दौरान मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के बहेराटांड़ मुहल्ले में सोमवार रात आपसी विवाद के बाद चाचा ने अपने भतीजे को लाठी-डंडे से बेरहमी से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल भतीजे की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मंटू भुईयां और उसके भतीजे विपिन भुईयां के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ने पर चाचा ने भतीजे की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले सदर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिजन शव को घर ले आए और सदर थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मंटू भुईयां को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

# उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## बरसात में विभिन्न मार्गों पर बने गड्ढे को जल्द दुरुस्त कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से जुलाई महीने में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। बताया गया कि जुलाई में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें 14 लोगों की मृत्यु व 29 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जबकि 28 सामान्य रूप से घायल हैं।

डीटीओ ने बताया कि जुलाई माह में अधिकांश सड़क दुर्घटना में बाइक वाले शामिल थे। उन्होंने कहा कि जिन 14 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें 8 बाइक सवार शामिल हैं। सभी बगैर हेलमेट के थे।




समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन की भी समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने बारिश के कारण पांकी, हुसैनाबाद स्टेशन रोड, पंड़वा सहित अन्य सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने के लिए आरसीडी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए। डीसी ने गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों को 15 अगस्त के दिन सम्मानित करने की बात कही।इसी क्रम उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही।

इसके अलावे उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि की समीक्षा की। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, तीनों एसडीएओ, जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

# सांसद ने लोकसभा में उत्खनन व विस्थापितों को नौकरी देने का उठाया मामला




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू सांसद ने लोकसभा में राजहरा कोलियरी में उत्खनन शुरू करने व विस्थापितों को नौकरी देने का मामला उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है। हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी हैं। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है। इस पर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जा रहा है। सांसद ने केंद्रीय कोयला मंत्री से अनुरोध किया कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राजहरा कोलियरी में विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित मामले को दूर कर अविलंब कोयले का उत्खनन प्रारम्भ कराने की कृपा करें। इसकी जानकारी संसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

# खुद को पुलिसकर्मी बता दो बहनों को स्टेशन से उठाया

## सामूहिक दुष्कर्म, आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात एक सनसनीखेज घटना में दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर रेलवे स्टेशन से दो बहनों को अपने साथ ले जाकर बड़ी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस की तत्परता से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शाहपुर निवासी सोनू कुमार और सुमित कुमार के रूप में हुई है। दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पीड़िता पाटन थाना क्षेत्र की रहने वाली है और अपनी छोटी बहन के साथ पंजाब काम करने जा रही थी। बीते सोमवार की रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर दोनों आरोपित पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए पूछताछ के बहाने दोनों बहनों को बाइक से अपने साथ ले गए।



आरोपी उन्हें चैनपुर के सुनसान इलाके में ले गए, जहां बड़ी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।इसके बाद आरोपित दोनों बहनों को लेकर मेदिनीनगर पहुंचे। यहां शहर के सद्दीक मंजिल चौक के पास छोटी बहन बाइक से कूद गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को नाबालिग के आवेदन में शहर थाना में मामला दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# कई ट्रेनों को किया गया रद्द, कई के मार्ग बदले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में मंगलवार पांच अगस्त से 10 अगस्त तक पटरियों की मरम्मत, विद्युतीकरण और संचार से जुड़े कार्यों के लिए विशेष ब्लॉक लिया जाएगा। इस अवधि में कई गाड़ियां रद रहेंगी, कुछ गाड़ियों का मार्ग आंशिक रूप से बदलेगा, जबकि कई के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है।

रेल प्रशासन ने यात्रियों को आगाह किया है कि वे यात्रा से पहले संबंधित गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

जारी सूचना के अनुसार, झारग्राम और धनबाद के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 18019/18020 दिनांक 6 अगस्त को नहीं चलेगी। भोजुडीहझचंद्रपुरा खंड की गाड़ी संख्या 68079/68080 दिनांक 8 अगस्त को रद रहेगी। आद्रा-मिदनापुर-आद्रा के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 68090/68089 दिनांक 7 अगस्त को निरस्त रहेगी।

वहीं, आसनसोल -आद्रा-आसनसोल मेमू गाड़ी संख्या 68046/68045 10 अगस्त को नहीं चलेगी, जबकि खड़गपुर से हटिया जाने वाली गाड़ी संख्या 18035 8 और 10 अगस्त को निर्धारित समय से दो घंटे बाद चलेगी। हटिया से खड़गपुर की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 18036 दिनांक 6 और 9 अगस्त को तीन घंटे की देरी से खुलेगी।

बक्सर से टाटानगर की ओर चलने वाली गाड़ी संख्या 18184 दिनांक 10 अगस्त को डेढ़ घंटे बाद प्रस्थान करेगी। नई दिल्ली से पुरी की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 12802 को 6 और 9 अगस्त को राजाबेरा-बोकारो खंड में लगभग आधे घंटे तक रोका जाएगा।

खड़गपुर से हटिया की ओर जा रही गाड़ी संख्या 18035 को 7 अगस्त को मार्ग में लगभग एक घंटे तक रोके रखने की योजना है।

# गुरुजी का गांव बना आस्था का तीर्थ स्थल : अविनाश देव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य, युवा झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव शिबू सोरेन के गांव नेमरा पहुंचे। वे शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मिट्टी निर्मित बर्तन सौंपे। साथ ही मिट्टी के पात्र में पेड़ा नामक मिष्ठान को सौंपा। मुख्यमंत्री से कहा कि दिनों गुरु को पेड़ा मिष्ठान बेहद पसंद था। ऐसे में गुरूजी के नाम पर पेड़ा का नामकरण होना चाहिए।

मुख्यमंत्री से कहा कि उनके पिता सुदामा पंडित 90 के दशक से अंतिम सांस तक झामुमो के साथ जुड़े रहे। उस समय वे छोटे थे। सामाजिक- राजनीतिक कार्यकर्ताओं का घर पर लगातार आना-जाना रहता था। रात तक मां लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं, क्योंकि तब गैस प्रचलन में नहीं था। सुबह उनके पिता क्षेत्र में निकल जाते थे।

श्री देव ने कहा कि वे उस समय दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन के संघर्ष को पूरी तरह नहीं समझते थे। परंतु उनके पिता हमेशा बड़े आदर से गुरुजी का उल्लेख करते थे। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद ही गुरुजी के व्यक्तित्व व संघर्ष का असली अर्थ समझ आया। झामुमो में शामिल होने के बाद गुरुजी से मिले व आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। गुरुजी ने उनके माथे पर हाथ रखकर कहा था - तुम बहुत आगे बढ़ोगे। कहा कि गुरुजी के अस्वस्थ होने की खबर से वे बेहद दुखी हुए। 28 जून को हवाई मार्ग से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनसे मुलाकात की। परंतु 4 अगस्त को वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। 5 अगस्त को विधानसभा में श्रद्धांजलि व अंतिम यात्रा का दृश्य अद्वितीय था। बरसात के बीच पहाड़ों से घिरे नेमरा गांव में हजारों लोग मौजूद थे। नेमरा अब गंगासागर, मक्का-मदीना, ननकाना साहिब व रोम की तरह तीर्थ बन चुका है। जहां गुरुजी के अनुयायी वर्ष में एक बार अवश्य आएंगे।



# मूसलाधार बारिश से बभनबे पहाड़ में हुआ भूस्खलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनबे पहाड़ में बड़ा भूस्खलन हुआ। मूसलाधार बारिश के चलते पहाड़ का लगभग 10 हजार वर्गफीट हिस्सा खिसककर नीचे गिर गया। इससे भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। भूस्खलन का मलबा पहाड़ी की तलहटी स्थित बंद पत्थर खदान में गिरा।

इससे करीब 50 फीट गहरी खदान का तीन-चौथाई हिस्सा भर गया। पत्थर के टुकड़े 100 मीटर दूर सड़क तक लुढ़क कर पहुंच गए। सुबह की सैर पर निकले लोग इस घटना के चश्मदीद बने और उन्हें भी भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।

पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हादसा सुबह लगभग 6 बजे हुआ और इसके बाद से पहाड़ का हिस्सा धीरे-धीरे टूटता रहा। उन्होंने कहा कि पिछले 50 दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी कमजोर हो गई है।

इससे यह हादसा हुआ। उन्होंने वन विभाग और जिला प्रशासन से तुरंत बैरिकेडिंग कराने की मांग की है। स्थानीय निवासी मोहम्मद मुरूल्ला ने बताया कि हजारीबाग में यह पहली बार है जब भूस्खलन हुआ है।

**▸ आपदा प्रबंधन की टीम अलर्ट मोड में ▸ 300 पेड़ों को पहुंची क्षति, ▸ लोगों में दहशत**

आमतौर पर सुबह के समय लोग सैर और व्यायाम के लिए यहां आते हैं, लेकिन घटना के वक्त क्षेत्र खाली था। दूर से मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाया, जिसमें पहाड़ का खिसकना और मलबे का गिरना बेहद भयावह दिख रहा है।

मासीपीढ़ी पहाड़ की ऊंचाई जमीन से करीब 200 मीटर है और भूस्खलन पांच सौ फीट की ऊंचाई से हुआ। इस दौरान करीब 300 पेड़ नष्ट हो गए। प्रशासन ने इलाके में लोगों की आवाजाही रोक दी है।

आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट पर रखा गया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए आसपास के और हिस्सों में भी भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। घटना की खबर फैलते ही सैकड़ों लोग पहाड़ को देखने पहुंच गए। सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं और इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

# चूहा पकड़ने जा रहे लोगों की नाव डूबी, एक की मौत



## 32 लोग थे नाव पर सवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** गंगा नदी थाना क्षेत्र के महाराजपुर गदाई दियारा के पास यात्रियों से भरी एक नाव गंगा नदी में डूब गई। इसमें कुल लगभग 32 लोग सवार थे, जिनमें से 28 लोग तैर कर निकल गए। तीन लोग लापता हैं जबकि एक का शव बरामद किया गया है। घटनास्थल झारखंड व बंगाल की सीमा पर है।

इसकी सूचना मिलने के बाद गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार नाव से दियारा पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। बताया जा रहा है कि सुबह छह बजे तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर से नाव पर सवार होकर लगभग कुल 32 लोग गदाई दियारा की जा रहे थे।

इनमें 17 लोग रांगा थाना क्षेत्र के विंध्यवासिनी पहाड़ के रहने वाले थे। वे सभी चूहा पकड़ने के लिए वहां जा रहे थे। रास्ते में नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह गंगा में डूब गई। 28 लोग तैरकर किसी तरह बाहर निकल गए। चार लोग गंगा में डूब गए।

इनमें से एक युवक की मौत हो गई। विंध्यवासिनी पहाड़ के रहने वाले सपन कर्मकार ने बताया कि गांव से 17 लोग चूहा पकड़ने के लिए दियारा जा रहे थे। उस नाव में अन्य लोग भी शामिल थे।

नाव खचाखच भरा हुआ था। बीच गंगा में नाव डगमगाने लगा और लोगों की हड़बड़ाहट के कारण पलट गया। 28 लोग किसी तरह तैर कर निकल गए। चार लोगों को तैरने नहीं आता था वे गंगा में डूब गए।

# टेंडर की प्रक्रिया पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका के लोगों के लिए अच्छी खबर है। खबर यह है कि दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एनएच 114-ए के इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आमंत्रित किया था। दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण की प्रोजेक्ट राशि 189.36 करोड़ रुपये है। दो वर्ष में इस कार्य को पूरा कराने की मियाद तय की गई है। टेंडर की प्रक्रिया में कुल छह कार्यकारी एजेंसियों ने भाग लिया था, जिसमें ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने सबको पछाड़ते हुए बाजी मार ली है। ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड फिलहाल देवघर से बासुकीनाथ फोरलेन सड़क निर्माण का काम भी पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर लेकर करा रहा है।

देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क निर्माण का काम पंजाब की गावर नामक कार्यकारी एजेंसी को मिला है जिससे तय मानकों के तहत एकरारनामा कर यह काम भी आल वन करा रही है। देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य एनएचआइ के जिम्मे है।

# जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया व विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के निर्देश दिये। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री व नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि इन दिनों छोटे रेलवे स्टेशन के जरिये भी नशीले पदार्थों का परिवहन होने की सूचना है। उन्होंने आरपीएफ के प्रतिनिधि को छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी सक्रियता के साथ चेकिंग पर बल दिया।

बैठक में डीसी ने सीएस से डीएडिक्शन सेंटर के अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली। मौके पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी,तीनों एसडीएओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# लखपति भी उठा रहे मुफ्त राशन, होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय के बंगाली टोला में रहने वाले अमित कुमार डालमिया का पक्का मकान है। उनके पास हल्दीराम सहित कई कंपनियों की एजेंसी है। उन्होंने बजाप्ता जीएसटी नंबर ले रखा है और उनका सालाना कारोबार 25 लाख रुपये से अधिक है।

इसके बाद भी उनके नाम पर राशन कार्ड बना हुआ है। इस राशन कार्ड में उनके पिता मुरलीधर डालमिया, माता सुलोचना देवी व अमित डालमिया का नाम है। हालांकि, विगत कुछ माह से वह मुफ्त राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं।

इसी तरह राजमहल प्रखंड के मुर्गी टोला के अब्दुल माजिद के पुत्र अब्दुल अनिन का कई तरह का कारोबार है। उन्होंने भी जीएसटी नंबर ले रखा है और उनका सालाना कारोबार 25 लाख रुपये से अधिक है लेकिन राशन कार्ड बनवा रखा है।राजमहल के ही पंचकठिया के राजेश चौरसिया तो खुद मजदूरी करते हैं लेकिन बेटी चंदा कुमारी की शादी कुछ साल पूर्व पीरपैंती के एक खाते-पीते परिवार में की। पति साहिबगंज में रहते हैं और कपड़े का बड़ा कारोबार है लेकिन चंदा देवी के नाम पर आज भी उनके स्वजन राशन का उठाव कर रहे हैं।

यह चंद उदाहरण मात्र हैं। जिले में 25 लाख से अधिक के टर्नओवर वाले 18 लोगों तथा चारपहिया वाहन रखने वाले 124 लोगों का नाम खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बनने वाले राशन कार्ड की सूची में शामिल है।

जिले के 1413 लोग एक तरफ आयकर दे रहे हैं तो दूसरी ओर गरीबों को मिलने वाला मुफ्त अनाज उठा रहे हैं। चूंकि सब सभी प्रकार के कार्यों में आधार नंबर अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में आधार के विश्लेषण के क्रम में ये सभी नाम सामने आए हैं। जांच पड़ताल के बाद विभाग ने इन नामों को काटकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

# धनबाद बार एसोसिएशन के 16 पदों के चुनाव हेतु 103 उम्मीदवारों ने किये पर्चे दाखिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के 16 पदों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुल 103 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। नामांकन के आखिरी दिन 11 अगस्त को 15 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। कोर्ट परिसर का माहौल पूरी तरह चुनावी हो चुका है।

अध्यक्ष पद के लिए अमरेंद्र कुमार सहाय और हृदय नारायण सिंह ने नामांकन किया, जबकि महासचिव पद के लिए अजय किशोर नारायण, विदेश कुमार दां और वसीह अहमद आजाद ने पर्चा भरा। संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) के पद के लिए अभिजीत कुमार साधु और संजीव कुमार महतो ने, और कार्यकारिणी सदस्य के लिए फिरोज कुमार दत्ता, विभास कुमार महतो, सुप्रिया कुमार मजुमदार, पूनम कुमारी, रोहित राहुल वर्मा, साधन राय, प्रवीण कुमार ओझा और पम्मी खातून ने नामांकन दायर किया।

उपाध्यक्ष पदः धनेश्वर महतो, पी के भट्टाचार्य, राजदेव यादव, अरुण कुमार उर्फ अरुण तिवारी, सुबोध कुमार उर्फ चीकू केशरी, जयंत चक्रवर्ती।

महासचिव पदः जितेन्द्र कुमार, मेघनाथ रवानी, दीपनारायण रंजीत कुमार साव, प्रवीर कृष्णा, जया कुमार।

कोषाध्यक्ष पदः जयदेव कुम्हार, शिव कुमार प्रसाद सिंह, कृष्ण बिहारी सहाय, मुकुल तिवारी, केदारनाथ महतो, गणेश नारायण पांडेय, दीपक शाह।

सहायक कोषाध्यक्ष पदः राजीव कुमार, मुकुंद महतो, दिलीप कुमार प्रसाद, मनोज प्रमाणिक, दिवाकर श्रीवास्तव, अनिल कुमार त्रिवेदी, आनंद कुमार मिश्रा, महेन्द्र गोप।



संयुक्त सचिव (प्रशासन): अमरदीप कुमार राय, गजेंद्र यादव, नंदलाल झा, जगन्नाथ महतो, अमित कुमार सिंह, गोपाल जी पाण्डेय, ब्रज किशोर, नीरज कुमार, धनंजय सिंह।

संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी): राजेंद्र गोप, अमल कुमार महतो, राणा बिक्रम कुमार सिंह, अतीश कुमार, मोहम्मद ऐनुल हक, जयराम मिश्रा, शुभाशीष चटर्जी, नरेंद्र त्रिवेदी, कुंदन वर्मा।

इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि कई अनुभवी और युवा वकीलों ने विभिन्न पदों के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। कार्यकारिणी सदस्य (गवर्निंग काउंसिल) के लिए अधिवक्ता दीपक रुइया ने भी अपना नामांकन दाखिल किया है।

उनके नामांकन का समर्थन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि व्यापारी वर्ग से संबंध रखने वाले दीपक रुइया को उनके सेवा भाव को देखते हुए मौका दिया जाना चाहिए, जिससे बार एसोसिएशन और भी सशक्त होगा।

नामांकन दाखिल करते समय उनके साथ अंबर रजवार, राजेश कपड़दार, दिलीप गोप, महेश झा, गोपाल शर्मा, मनीष पसारी, भारतेश सपरिया, ब्रज किशोर कर्ण, सुनील शर्मा, सोहेल अख्तर, मनोज सिन्हा, शिवम कुमार, प्रवीण सिंह, अशोक कुमार, गौतम बनर्जी, संदीप सिन्हा और सौरभ चटर्जी सहित कई अन्य अधिवक्ता भी मौजूद थे।

C M Y K

# रोहित और विराट ने 'गलत प्रारूप' से संन्यास लिया



Madhav Library

## रोहित-विराट के टेस्ट क्रिकेट छोड़ने पर पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के जल्द ही वनडे से संन्यास लेने की मीडिया रिपोर्टों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारतीय दिग्गजों ने गलत प्रारूप से संन्यास लिया और वर्तमान समय में वनडे क्रिकेट के अभाव के कारण उन्हें टेस्ट क्रिकेट की बजाय 50 ओवर के प्रारूप को छोड़ना चाहिए था।

कप्तान शुभमन गिल द्वारा भारत को 2-2 से शानदार ड्रॉ दिलाने के कुछ दिनों बाद ऐसी खबरें आने लगीं कि रोहित और विराट वनडे भी छोड़ सकते हैं। दोनों ही 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की योजना में नहीं हैं, जब तक कि दोनों अपनी मैच फिटनेस और फॉर्म साबित करने के लिए घरेलू 50 ओवर का क्रिकेट नहीं खेलते। दोनों क्रिकेटरों ने मई में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए चोपड़ा ने कहा, सच्चाई यह है कि उन्होंने गलत फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था, लेकिन अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और वनडे को अलविदा कह देते तो कहानी कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारत ने सिर्फ 6 वनडे खेले थे।

उन्होंने आगे कहा, हो सकता है कि आप साल में सिर्फ छह टेस्ट खेलें, लेकिन अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर सिर्फ छह वनडे खेले जाते हैं, तो ये एक समयावधि में सिर्फ छह दिन का क्रिकेट होगा। आपके आखिरी आईपीएल मैच से लेकर अगले वनडे मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय लगेगा। आप बिल्कुल नहीं खेल रहे हैं। आप बिल्कुल भी अभ्यास नहीं कर रहे हैं।

चोपड़ा ने यह भी बताया कि इन दिनों वनडे सीरीज के बीच का अंतराल भी बेहद बड़ा है और सिर्फ कुछ वनडे मैचों से फॉर्म, फिटनेस, डाइट के प्रति प्रतिबद्धता आदि को बनाए रखना मुश्किल होगा। मौजूदा कमेंटेटर ने कहा, तीन मैचों की एक सीरीज सात से आठ दिनों में खत्म हो जाती है। फिर अगली सीरीज तीन महीने बाद होगी। अंतराल बहुत बड़ा है और आप बीच में प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलेंगे। यह सच है कि अगर वे टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखते और वनडे छोड़ देते, तो लय में बने रहना बहुत आसान होता।

# एशिया कप-2025 का आगाज नौ सितंबर से

- **एशिया कप टी20 में अब तक दो खिलाड़ियों ने लगाए शतक, सबसे ज्यादा रन और विकेट हैं इनके नाम**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज अगले महीने से होने जा रहा है। नौ सितंबर से 28 सितंबर तक टी20 प्रारूप में चलने वाले इस टूर्नामेंट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खासतौर पर इंतजार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले को लेकर है। टूर्नामेंट के शेड्यूल के मुताबिक, यह मैच 14 सितंबर को दुबई में होना है। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं है कि भारतीय टीम यह मैच खेलेगी या नहीं। वहीं, भारत अपना पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले हम आपको इस टूर्नामेंट के कुछ बड़े रिकॉर्ड्स और स्टैट्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक कितने शतक लगे, किस-किस बल्लेबाज ने शतक लगाए, किसने सबसे ज्यादा रन बनाए और किसके नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं।

### भारत-श्रीलंका के नाम एक-एक एशिया कप टी20 का खिताब

सबसे पहले आपको यह बता दें कि एशिया कप वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में खेला जाता है। अगले साल होने वाले आईसीसी के मेजर टूर्नामेंट को देखते हुए इसका प्रारूप तय किया जाता है। उदाहरण के तौर पर अगले साल टी20 विश्व कप खेला जाना है, इस वजह से इस साल एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है। वहीं, 2023 में वनडे विश्व कप हुआ था। इस वजह से उस साल एशिया कप वनडे प्रारूप में खेला गया था।1984 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत हुई थी और तबसे लेकर 2014 तक यह टूर्नामेंट वनडे प्रारूप में ही खेला गया था। 2016 में पहली बार एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में हुआ था। फिर 2022 में दूसरी बार यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला गया। 2018 और 2023 में यह वनडे प्रारूप में खेला गया था। 2016 में भारत ने, जबकि 2022 में श्रीलंका ने एशिया कप टी20 अपने नाम किया था। वनडे और टी20, दोनों प्रारूपों को मिला दिया जाए, तो भारत कुल आठ बार चैंपियन बना है। इसके बाद श्रीलंका का नंबर आता है। यह टीम छह बार एशिया कप का खिताब जीत चुकी है। वहीं, पाकिस्तान की टीम दो बार चैंपियन बनी है।

### एशिया कप 2025 ग्रुप स्टेज का कार्यक्रम



| दिनांक | दिन | मैच | जगह |
|---|---|---|---|
| 9 सितंबर | मंगलवार | अफगानिस्तान vs हांगकांग | अबु धाबी |
| 10 सितंबर | बुधवार | भारत vs यूएई | दुबई |
| 11 सितंबर | गुरुवार | बांग्लादेश vs हांगकांग | अबु धाबी |
| 12 सितंबर | शुक्रवार | पाकिस्तान vs ओमान | दुबई |
| 13 सितंबर | शनिवार | बांग्लादेश vs श्रीलंका | अबु धाबी |
| 14 सितंबर | रविवार | भारत vs पाकिस्तान | दुबई |
| 15 सितंबर | सोमवार | यूएई vs ओमान | अबु धाबी |
| 15 सितंबर | सोमवार | श्रीलंका vs हांगकांग | दुबई |
| 16 सितंबर | मंगलवार | बांग्लादेश vs अफगानिस्तान | अबु धाबी |
| 17 सितंबर | बुधवार | पाकिस्तान vs यूएई | दुबई |
| 18 सितंबर | गुरुवार | श्रीलंका vs अफगानिस्तान | अबु धाबी |
| 19 सितंबर | शुक्रवार | भारत vs ओमान | अबु धाबी |

## नारियल फोड़कर की पूजा...हाथ जोड़कर किया प्रणाम

- **इस मुस्लिम क्रिकेटर ने मैदान पर एकता की पेश की मिसाल**



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई की प्रतिष्ठित कांगा लीग, जिसे शहर का सबसे पुराना और पारंपरिक क्रिकेट टूर्नामेंट माना जाता है, इस साल 10 अगस्त 2025 से शुरू हुई। बरसात के मौसम में खेले जाने वाली यह लीग अक्सर कठिन पिचों, खास माहौल और खेल के प्रति जुनून के लिए मशहूर है। इस बार इसकी शुरुआत ने क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा, क्योंकि पहले ही दिन मैदान पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं। स्टार ऑलराउंडर शम्स मुलानी, जो घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं, एक मैच शुरू होने से पहले पिच के पास पहुंचे। वहां उन्होंने एक धार्मिक अनुष्ठान किया। उन्होंने पिच पर फूल और मिठाई चढ़ाई, विकेट्स के पास नारियल फोड़ा और उसका पानी विकेट्स पर छिड़का। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की और फिर अपनी टीम के साथ मैच के लिए तैयार हो गए। यह पूरा दृश्य कैमरे में कैद हो गया और थोड़े ही समय में इंटरनेट पर वायरल हो गया।

### खेल मंत्री मनसुख मांडविया बोले-

## आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा- यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदेही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है। हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं।

## टी-20 सीरीज में डेवाल्ड ब्रेविस ने 56 बॉल पर 125 रन बनाए, 8 छक्के मारे



**डार्विन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 219 रन का टारगेट दिया। डार्विन ग्राउंड पर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 218 रन बनाए। उसकी ओर से 22 साल के डेवाल्ड ब्रेविस ने 56 बॉल पर 125 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 8 छक्के लगाए।ब्रेविस के अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वार्शिस ने 2-2 विकेट झटके।

# मानहानि केस- धोनी की अर्जी पर सुनवाई होगी

## मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके।धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चैनलों से हर्जाने की मांग की गई थी। आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी।

### एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त

जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो।

### 2013 में हुई थी स्पॉट फिक्सिंग

आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे।राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे। हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था।



### 2020 में इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास लिया था

धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। उन्होंने 2020 में इंटनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम

आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वह अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। उन्होंने 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए है। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाया। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

### आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली।

# फैब-4 के चारों खिलाड़ी फिलहाल लंदन में

- **पकी हुई दाढ़ी-मूंछ पर फैंस ने इस तरह किया विराट कोहली को ट्रोल**

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का शानदार अंत हुआ। शुभमन गिल की अगुआई में युवा भारतीय टीम ने अनुभवी इंग्लिश टीम को 2-2 की बराबरी पर रोका। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना भी टीम दमदार दिखी। कोहली ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास लिया था। हालांकि, भारत के दौरे के वक्त वह भी लंदन में ही थे। दरअसल, लंदन में विराट का अपना घर है और वह पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ वहीं रह रहे हैं।



सिर्फ विराट नहीं, बल्कि फैब-फोर के चारों सदस्य लंदन में हैं। इनमें कोहली के अलावा केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ और जो रूट शामिल हैं।

दरअसल, विलियम्सन, स्मिथ और रूट इंग्लैंड में शुरू हुई 100 गेंदों की लीग 'द हंड्रेड' का हिस्सा हैं। स्मिथ इस लीग में वेल्श फायर की टीम से, केन विलियम्सन लंदन स्पिरिट की टीम से और रूट ट्रेंट रॉकेट्स की टीम का हिस्सा हैं। वहीं, फैंस ने कोहली की हाल ही में वायरल हुए लुक पर तंज कसा है। उनकी पकी हुई दाढ़ी और मूंछों की तस्वीर वायरल हुई थी। इस पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि फैब-फोर के तीन सदस्य द हंड्रेड में खेल रहे हैं।

## डब्ल्यूटीसी में नए सिस्टम को लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट की चिंता बढ़ी, शीर्ष स्तर की टीमों से हो सकती बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज 9 टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक चिंतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहरिंग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डेहरिंग ने कहा, 'इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।



# फुटबॉलर रोनाल्डो ने इंगेजमेंट की

**पुर्तगाल (एजेंसी)।** पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई कर ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की फोटो शेयर की है।

जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की फोटो पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में। हालांकि, रोनाल्डो ने अब तक इसे लेकर कोई पोस्ट नहीं किया है।

रोनाल्डो और जॉर्जिना नौ साल (2016) से डेट कर रहे हैं। दोनों ने 2017 की शुरुआत में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी और ज्यूरिख में फीफा फुटबॉल अवार्ड्स में पहली बार एक साथ दिखाई दिए थे।

जॉर्जिना एक स्पेनिश मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इन दोनों के साथ में चार बच्चे हैं। एवा मारिया और मातेओ का जन्म 2017 में सरोगेसी से हुआ था। वहीं, 2017 में ही जॉर्जिना ने बेटी अलाना मार्टिना और 2022 में बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर, जिनका जन्म 2010 में हुआ था।

पिछले दिनों रोनाल्डो के नवजात बेटे का निधन हो गया था। रोनाल्डो और जॉर्जिना ने अक्टूबर में कहा था कि वह जुड़वा बच्चों के माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। इन्हीं में से एक बेटे का निधन हो गया था। वहीं, बेटी सुरक्षित और अच्छी है।

रोनाल्डो ने पिछले साल 5 सितंबर को क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में अपने करियर का 900वां गोल किया था। ऐसा करने वाले वे दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। रोनाल्डो ने यह माइलस्टोन हासिल करने के बाद सोशल मीडिया पर अपने फुटबॉल के सफर का एक क्लिप शेयर किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के शालीमार बाग में वीकली बाजार को मंजूरी, पर हाईकोर्ट ने लगाई कड़ी शर्तें

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के शालीमार बाग स्थित बीएच ब्लॉक में सोमवार के साप्ताहिक बाजार को जारी रखने की अनुमति दे दी। हालांकि, अदालत ने दुकानदारों की संख्या और सामानों की बिक्री से जुड़े मानदंडों के अनुपालन को लेकर कड़ी शर्तें भी लगाईं। यह फैसला सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई याचिका के जवाब में आया। याचिका में एमसीडी और दिल्ली सरकार को बाजार बंद करने से रोक लगाने की मांग की गई थी। इस वीकली मार्केट को 28 अक्टूबर 2020 में टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की ओर से 300 दुकानदारों की लिमिट के साथ मंजूरी प्रदान की गई थी। हालांकि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायतों और उसके बाद के निरीक्षणों में निर्देशों के उल्लंघन सामने आए। निरीक्षणों में बाजार में लगभग 600 दुकानदारों की मौजूदगी, सड़कों पर अतिक्रमण, अनधिकृत संरचनाओं, बाजार का समय का बढ़ाया जाना, खुले में लपटों का उपयोग, ट्रैफिक भीड़ और प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल जैसी खामियां पाई गईं। अधिकारियों ने बाजार को लगभग एक किलोमीटर दूर केला गोदाम रोड पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा लेकिन संबंधित व्यापारी संघ ने इस सुझाव को खारिज कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस नितिन वासुदेव साम्ब्रे और जस्टिस अनीश दयाल की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणियों में कहा कि केवल दुकानदारों का सीमा से अधिक होना या बाजार का अनुमत घंटों से अधिक संचालन इसे बंद करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। अदालत ने अधिकारियों को बाजार को प्रभावी ढंग से लगाए जाने और 300 विक्रेताओं की सीमा लागू करने और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ ऐक्शन के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि सोमवार का बाजार शाम 4 बजे से रात 10 बजे के बीच 300 से अधिक विक्रेताओं के साथ जारी रखा जा सकता है लेकिन दुकानदारों के पास वैध विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) होने चाहिए।

### तिहाड़ जेल में चल रहा उगाही का खेल, भड़के दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से कहा- केस दर्ज करिए

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की नामी जेल यानी तिहाड़ जेल में उगाही का रैकेट चल रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में अब सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह तिहाड़ जेल के अंदर चल रहे उगाही रैकेट के आरोपों पर एफआइआर दर्ज करे। इस रैकेट में कथित तौर पर जेल अधिकारी और कैदी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.के.उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने इन आरोपों को हैरान करने वाला बताया और कहा कि सरकार को इस पर तुरंत और गंभीरता से सोचने की जरूरत है। इससे पहले,बेंच ने सीबीआई को इन आरोपों की शुरुआती जांच करने का आदेश दिया था। सोमवार को कोर्ट ने शुरुआती जांच के नतीजों पर गौर किया,जिसमें पता चला कि जेल के अंदर अलग-अलग तरह की गैरकानूनी और भ्रष्ट गतिविधियों में कैदी और जेल अधिकारी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट और शुरुआती जांच रिपोर्ट को देखने के बाद,हम निर्देश देते हैं कि इनके आधार पर सीबीआई (नियमित मामला) दर्ज करे और जांच करे। अगली सुनवाई तक, सीबीआई इस आदेश के तहत की गई कार्रवाई को एक बंद लिफाफे में स्थिति रिपोर्ट के रूप में अदालत के सामने पेश करे। इससे पहले, 2 मई को कोर्ट ने दिल्ली सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश दिया था कि वे एक तथ्यों के साथ जांच करें और पता लगाएं कि तिहाड़ जेल में प्रशासनिक और निगरानी की खामियों के लिए कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं। सोमवार को सरकारी वकील ने बेंच को बताया कि विभाग को जांच पूरी करने के लिए कुछ और समय चाहिए। कोर्ट ने तिहाड़ जेल के कामकाज पर चिंता जताने वाली याचिका पर अगली सुनवाई 13 अगस्त को तय की है। इस याचिका में जेल अधिकारियों और कैदियों दोनों की ओर से हो रही अनियमितताओं, गैरकानूनी कामों,गलत हरकतों और दुर्व्यवहार को उजागर किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि जेल के अंदर कुछ खास सुविधाएं पाने के लिए जेल के अंदर और बाहर के कुछ लोग,जेल अधिकारियों के साथ मिलकर उगाही करते थे। कोर्ट ने सीबीआई के वकील को निर्देश दिया कि वे अधिकारियों को बताएँ कि जांच सिर्फ जेल अधिकारियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि इसमें शामिल हर व्यक्ति के खिलाफ की जाए,जिसमें कुछ कैदियों के रिश्तेदार और खुद याचिकाकर्ता भी शामिल हो सकते हैं ।बेंच ने पूछा कि जिस तरह की रिपोर्ट हमें मिली है।

# दिल्ली के 10 लाख आवारा कुत्ते कहां रहेंगे

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एमसीडी बना रहा खास प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर अपना आदेश सुना दिया। दिल्ली में अब 8 हफ्तों के भीतर सभी स्ट्रे डॉग्स को हटाना होगा और उन्हें शेल्टर होम्स में डालना होगा। कोर्ट ने यह भी आगाह किया है कि कोर्ट के बताए आदेश के बाद होने वाली प्रक्रिया में बाधा बनने वाले पर कार्रवाई भी होगी। इसके बाद पशु प्रेमी खिलाफ हो गए हैं। इस आदेश को चैलेंज देने की भी बात कही जा रही है। इस बीच, दिल्ली का नगर निगम शीर्ष अदालत के आदेश के बाद कुत्तों के शेल्टर होम्स पर माथापच्ची करने में जुट गया है। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि उनका शुरुआती ध्यान उन खाली पड़ी निगम की संपत्तियों की पहचान करने पर होगा,जिन्हें कुत्तों के शेल्टर में बदला जा सके। इसके अलावा,उन हमलावर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा जिनके खिलाफ कई शिकायतें हैं और कुत्तों से जुड़ी शिकायतों के लिए एक खास हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद त्तों से जुड़े मामलों पर एमसीडी की उप-समिति और पशु चिकित्सा विभाग की एक ज़रूरी बैठक बुलाई गई, जिसमें इन कदमों पर चर्चा हुई। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा,जिन्होंने इस बैठक की अध्यक्षता की,ने बताया कि नगर निगम ने आदेश का पालन करने के लिए अपने संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की।

शर्मा ने कहा,हमने अनुभवी संस्थाओं और अलग-अलग गैर-सरकारी संगठनों की मदद से कुत्तों के शेल्टर केंद्र बनाने के लिए सही जगहों की पहचान करने का निर्देश दिया है,ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वहाँ सभी ज़रूरी सुविधाएं मौजूद हों। नगर निगम एक खास हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा,जिस पर नागरिक आवारा कुत्तों से जुड़ी शिकायतें और जानकारी दर्ज करा सकेंगे। कुत्तों के लिए जगह कहां से लाएंगे?

यूं तो ल्ली में अभी कोई स्थायी डॉग शेल्टर नहीं है। इसके बजाय यहां 20 अस्थायी केंद्र चल रहे हैं,जिनका इस्तेमाल मुख्य रूप से नसबंदी के लिए होता है और जहां हर महीने करीब 10,000 कुत्तों को रखा जाता है। मौजूदा नियमों के हिसाब से नसबंदी के बाद कुत्तों को 5 से 10 दिनों तक निगरानी में रखने के बाद वापस छोड़ दिया जाता है,लेकिन सुप्रीम कोर्ट के नए आदेश से यह व्यवस्था बदल जाएगी,क्योंकि अब कुत्तों को स्थायी रूप से रखना जरूरी होगा। यह साफ नहीं है कि दिल्ली की एमसीडी और हृष्ठस्ष्ट, राजधानी के अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों के लिए जगह कहां से लाएंगी।सोमवार की बैठक में शामिल स्थायी समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति ने तय किया है कि एमसीडी के हर ज़ोन में कम से कम एक शेल्टर होगा। इन शेल्टरों में पकड़े गए कुत्तों को सुरक्षित और इंसानियत के साथ रखा जाएगा। शर्मा ने कहा, हमारा मकसद सिर्फ इनकी संख्या को काबू करना नहीं, बल्कि जानवरों के कल्याण और लोगों के स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाना भी है। समिति ने कर्मचारियों,जगह और पैसों की कमी की बात भी मानी। शर्मा ने कहा,हम दिल्ली सरकार से मदद मांगेंगे। पशु चिकित्सा विभाग को दो दिन के भीतर अपनी कमियों और जरूरतों की जानकारी देने को कहा गया है। स्वतंत्रता दिवस के बाद काम की गति बढ़ेगी। समिति के सदस्य और केशवपुरम के अध्यक्ष,योगेश वर्मा ने बताया कि अभियान के पहले चरण में उन हमलावर और खूंखार कुत्तों को पकड़ा जाएगा जिनके काटने की कई शिकायतें मिली हैं।

## डॉक्टर सुसाइड केस : दिल्ली हाईकोर्ट ने दोषियों संग समझौते पर मृतक के बेटे से मांगा हलफनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने डॉक्टर सुसाइड केस में मृतक राजेंद्र सिंह के बेटे से हलफनामा मांगा है। डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने 2020 में आत्महत्या कर ली थी। दोषियों में से एक कपिल नागर ने हाईकोर्ट का रुख कर इस आधार पर दोषसिद्धि को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की है कि वह मृतक के बेटे के साथ समझौता कर चुके हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 26 अगस्त को होगी। बता दें कि, निचली अदालत ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक प्रकाश जरवाल सहित तीन लोगों को दोषी ठहराया था।

जस्टिस अमित महाजन ने सोमवार को मृतक राजेंद्र सिंह के बेटे हेमंत सिंह को 10 दिनों के भीतर एक हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें यह उल्लेख हो कि वह याचिकाकर्ता कपिल नागर के साथ समझौते पर सहमत हो गए हैं।

याचिकाकर्ता कपिल नागर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने कहा कि मृतक के बेटे ने दो दोषियों हरीश जारवाल और कपिल नागर के साथ समझौता कर लिया है।

एक वरिष्ठ वकील ने बताया कि हाईकोर्ट ने 30 अगस्त, 2024 को हरीश जारवाल की दोषसिद्धि को समझौते के आधार पर पहले ही रद्द कर दिया है।

यह भी दलील दी गई कि एक न्यूज चैनल ने कालापानी नामक एक स्टिंग ऑपरेशन किया था, जिसमें मृतक का पर्दाफाश किया गया था। स्टिंग ऑपरेशन का टेप आरोपपत्र का हिस्सा था। निचली अदालत ने स्टिंग ऑपरेशन के टेप पर विचार नहीं किया था।

वरिष्ठ वकील ने दलील दी कि निचली अदालत ने मृतक की डायरी पर विचार किया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि दोषी उस पर दबाव डाल रहे थे। उन्होंने यह भी दलील दी कि मृतक के बेटे ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि दोषियों ने उसके पिता को धमकी नहीं दी थी।

अदालत ने कहा कि हरीश जारवाल और कपिल नागर दोनों की भूमिकाएं और दोषसिद्धि अलग-अलग हैं। आरोप हैं कि याचिकाकर्ता ने मृतक को धमकी दी थी।पिछले साल की शुरुआत में, हरीश जारवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पारित 28 फरवरी, 2024 के फैसले को चुनौती दी थी।

## बाढ़ के साये में दिल्ली, खतरे के निशान के बिल्कुल करीब पहुंची यमुना; अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसने राजधानी को बाढ़ के खतरे की कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार रात को लोहा पुल पर जलस्तर 204.12 मीटर तक पहुंच गया, जो चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से बस कुछ ही कदम दूर है। हथिनीकुंड बैराज से पानी की भारी मात्रा छोड़े जाने और हाल की बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दिल्ली सरकार ने तुरंत कदम उठाते हुए यमुना बैराज के सभी गेट खोल दिए हैं और प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

रविवार रात 8 बजे लोहा पुल पर यमुना का जलस्तर 204.12 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से थोड़ा ही कम है। यह स्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर के बेहद करीब है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जलस्तर इसी रफ्तार से बढ़ता रहा, तो अगले कुछ घंटों में यह खतरे की सीमा को पार कर सकता है। दिल्ली के लिए 206 मीटर पर निकासी की प्रक्रिया शुरू होती है, जिसके चलते प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां तेज कर दी हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर का मुख्य कारण हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी है। रविवार को बैराज से 12,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। आमतौर पर, बैराज से छोड़ा गया पानी दिल्ली पहुंचने में 48 से 50 घंटे लेता है, जिसका मतलब है कि अगले दो दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

इसके अलावा, हरियाणा और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में हुई बारिश ने भी यमुना के जलस्तर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने यमुना बैराज के सभी गेट खोल दिए हैं, ताकि पानी का प्रवाह सुचारू रहे। यह कदम 2023 की बाढ़ की स्थिति से सबक लेते हुए उठाया गया है, जब बंद गेटों के कारण पानी का बहाव रुक गया था। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी ने बताया, हम हर पल स्थिति पर नजर रख रहे हैं। सभी संबंधित एजेंसियां अलर्ट पर हैं और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

## सीएम रेखा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित दिल्ली विधानसभा से राजघाट तक लड़कियों के लिए 'तिरंगा साइक्लोथॉन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रेखा गुप्ता ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी की तारिफ करते हुए राहुल गांधी को आड़े हाथ लिया।

**क्या आपने 2014 से पहले कभी...** मुख्यमंत्री गुप्ता ने 'बाइक रैली' में कहा, क्या आपने 2014 से पहले कभी देखा है कि कोई प्रधानमंत्री हाथों में तिरंगा थामे लोगों का नेतृत्व कर रहा हो? उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि नेताओं ने आजादी से पहले ही तिरंगा छोड़ दिया था। पीएम की तारीफ करने के बाद रेखा गुप्ता ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर निशाना साधा।

**नाम लिए बगैर राहुल गांधी पर साधा निशाना:** राहुल गांधी का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए सीएम रेखा ने कहा- आज, जो लोग संविधान की प्रति अपनी जेब में रखते हैं, उनके हाथों में तिरंगा नहीं है। आगे कहा, ये वही लोग हैं जो दावा करते थे कि उन्होंने देश को आज़ाद करवाया, लेकिन आज वही लोग देश की अखंडता में विश्वास नहीं रखते।





**पीएम मोदी को दिया धन्यवाद :** प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की असली महिमा तब साकार होगी जब लड़कियों को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त होगी और उनकी सरकार उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद सीएम रेखा ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस राष्ट्रीय पर्व को घर-घर पहुंचाने के लिए धन्यवाद देती हूं।

**साइक्लोथॉन को दिखाई गई हरी झंडी :** महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस 'साइक्लोथॉन' को मुख्यमंत्री गुप्ता ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बीच, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की 'हर घर तिरंगा बाइक रैली' को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मुख्यमंत्री गुप्ता और कई सांसदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### न सैलरी, न काम फिर भी रोज़ दफ्तर जाते हैं लोग? चीन में बढ़ रहा 'नकली ऑफिस' का चौंकाने वाला ट्रेंड

**बीजिंग , एजेंसी।** जहां एक ओर लोग नौकरी पाने के बाद सैलरी की उम्मीद करते हैं वहीं चीन में एक अजीबोगरीब चलन सामने आया है। यहां युवा और बेरोजगार लोग नौकरी के लिए नहीं बल्कि काम करने का दिखावा करने के लिए पैसे दे रहे हैं। यह हैरान कर देने वाला चलन चीन की खराब अर्थव्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी के कारण तेज़ी से फैल रहा है। चीन में असली नौकरी मिलना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में कई युवा घर पर बैठने के बजाय पैसे देकर नकली ऑफिस में जाते हैं। यह एक ऐसा चलन है जहां लोग हर दिन ?300 से ?500 तक का किराया देकर किसी ऑफिस में बैठते हैं। इन जगहों पर असली दफ्तर जैसा माहौल होता है जिसमें कंप्यूटर, इंटरनेट, मीटिंग रूम और चाय-कॉफी जैसी सभी सुविधाएँ होती हैं। इस दिखावे की नौकरी का मकसद सिर्फ समय बिताना नहीं है।

### कनाडा सरकार की नाकामी या मिलीभगत: खालिस्तानी तत्वों का सर्रे गुरुद्वारों पर बेखौफ कब्जा! प्रबंधक कमेटी की शिकायत भी बेअसर

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में खालिस्तानी समर्थक लगातार उकसावे और हिंसा फैलाने वाली हरकतों में लगे हैं, और सरकार की ढिलाई ने उन्हें पूरी तरह बेखौफ बना दिया है। यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था के लिए शर्मनाक है, बल्कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। हाल ही में सरे (ब्रिटिश कोलंबिया) में हुए एक नए मामले ने साफ कर दिया है कि खालिस्तानी तत्व अब धार्मिक स्थलों को भी अशांति फैलाने का अड्डा बना रहे हैं।

गुरुद्वारा गुरु नानक सिख टेम्पल के अंदर स्थित लंबे समय से चल रहे सीनियर सेंटर पर कब्जा करने के बाद, अब इन शरारती तत्वों ने यॉर्क बिजनेस सेंटर में स्थित गुरुद्वारा खालसा दीवान सोसाइटी को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, गुरुद्वारे की सीमा दीवार पर खालिस्तानी झंडे लगा दिए गए, जिसका उद्देश्य संगत और प्रबंधन समिति में डर और तनाव फैलाना था। सूत्रों के मुताबिक, गुरुद्वारा प्रबंधन ने इस घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस और प्रशासन से की है, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई के संकेत नहीं मिले हैं।




यह प्रशासनिक उदासीनता खालिस्तानी नेटवर्क को और मजबूत करती दिखाई दे रही है। शहर के शांति-प्रिय संगठनों और प्रमुख नागरिकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और मांग की है कि तुरंत दोषियों को पकड़ा जाए, ताकि शहर में शांति, कानून व्यवस्था और जनता का भरोसा बहाल हो सके।

## ताइवान पर भारत की वकालत से भड़का चीन: कहा-कोई फायदा नहीं होगा, दुनिया में अपनी इमेज न बिगाड़ लेना

**बीजिंग , एजेंसी।** भारत में ताइवान के साथ संबंधों को मजबूत करने की बढ़ती मांग ने चीन को असहज कर दिया है। इस कूटनीतिक बहस में अब चीनी सरकारी अख़बार ग्लोबल टाइम्स ने खुलकर भारत पर निशाना साधा है। अख़बार ने अपने ताज़ा लेख में कहा कि ताइवान के मुद्दे को हवा देने से भारत को कोई फायदा नहीं होगा और इस रणनीति से केवल उसकी वैश्विक साख को नुकसान पहुंचेगा।

ग्लोबल टाइम्स की यह प्रतिक्रिया भारत के प्रमुख थिंक टैंकों और रणनीतिक विशेषज्ञों की उस वकालत के बाद आई है, जिसमें ताइवान के साथ आर्थिक और सीमित रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की बात कही जा रही है।



ऑब्ज़र्वर रिसर्च फ़ाउंडेशन ने हाल ही में भारत-ताइवान के बीच 30 साल के अनौपचारिक संबंधों के उपलक्ष्य में एक शोधपत्र प्रकाशित किया था, जिसमें चीन को भड़काए बिना आर्थिक रिश्ते गहरे करने की सिफारिश की गई थी।लेख में चीन ने दावा किया कि यह विचार नया नहीं है और भारतीय रणनीतिक हलकों में लंबे समय से मौजूद है। मई में पूर्व राजदूत विजय गोखले और जुलाई में विश्लेषक ईरीशिका पंकज ने भी ताइवान को भारत की सुरक्षा और तकनीकी सहयोग के लिहाज़ से महत्वपूर्ण बताया था।ग्लोबल टाइम्स ने आरोप लगाया कि भारत ताइवान के मुद्दे का इस्तेमाल चीन पर दबाव बनाने के लिए करना चाहता है, लेकिन यह एक खराब रणनीति है जो कभी सफल नहीं होगी। अख़बार ने कहा कि इस दृष्टिकोण से भारत की रणनीतिक विश्वसनीयता घटेगी और यह संकेत जाएगा कि वह चीन के साथ संबंध प्रबंधन में नाकाम है।साथ ही, अख़बार ने यह भी दावा किया कि ताइवान अपनी उन्नत तकनीक, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में, भारत को नहीं देगा।

### हमारे पास कोई विकल्प नहीं..., असीम मुनीर के बाद बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान लगातार भारत को युद्ध की धमकियां दे रहा है। पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के बाद अब बिलावल भुट्टो ने ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल समझौते पर भारत को गीदड़भभकी देना शुरू कर दिया है। बिलावल भुट्टो ने कबूल किया है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान का बड़ा नुकसान किया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पूरे पाकिस्तान को एकजुट होने का राग अलापा है। पीपीपी पार्टी के अध्यक्ष और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री रहे बिलावल भुट्टो ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रद्द रखेगा तो पाकिस्तान के पास युद्ध लड़ने के अलावा कोई और चारा नहीं बचेगा। पाकिस्तान की आवाम को भड़काते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा- आप लोग युद्ध लड़कर सभी 6 नदियों का पानी फिर से हासिल कर सकते हैं।

# वाशिंगटन डीसी में सार्वजनिक सुरक्षा आपातकाल लगा

**वाशिंगटन डीसी , एजेंसी।** दुनिया के कई देशों के बीच सीजफायर का क्रेडिट लेने के बाद अब डोनाल्ड ट्रंप की नजर अपने खुद के देश पर जा टिकी है। ट्रंप ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी को अपने कब्जे में लेने की घोषणा की है। वाशिंगटन डीसी में सार्वजनिक सुरक्षा आपातकाल लगा दिया गया है। साथ ही ट्रंप ने वाशिंगटन में नेशनल गार्ड के 800 सैनिक तैनात किए हैं।

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जो ट्रंप ने रातोंरात वाशिंगटन में केंद्रीय कानून लागू कर दिया? वाशिंगटन ट्रंप के लिए इतना जरूरी क्यों है? आइए जानते हैं अमेरिकी राजधानी के बारे में विस्तार से...

**वाशिंगटन डीसी क्यों है खास? :** अमेरिका के चमचमाते शहरों में शुमार वाशिंगटन सिर्फ नाम की राजधानी नहीं है बल्कि यह कई मायनों में अहम है। अमेरिकी सत्ता का केंद्र होने के साथ-साथ अमेरिका की न्यायपालिका भी यहीं से चलती है। वाशिंगटन में अमेरिका के कई बड़े स्कूल और बिजनेस हब मौजूद हैं। इस शहर की आबादी 7 लाख से अधिक है। व्हाइट हाउस (राष्ट्रपति भवन), कैपिटोल और सुप्रीम कोर्ट भी यहीं है।



**ट्रंप ने क्यों लगाया आपातकाल?**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप वाशिंगटन में बैठकर ही दुनिया को फरमान सुनाते हैं। मगर, इन दिनों उनकी खुद की राजधानी पर संकट मंडरा रहा है। वाशिंगटन में अपराध लगातार बढ़ रहा है। दिनदहाड़े गोलीबारी और लूटपाट वाशिंगटन में आम हो गए हैं। पिछले दिनों ऐसी कई वारदातें देखने को मिली हैं। यही वजह है कि अब ट्रंप अपने तरीके से वाशिंगटन को सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**संसद के हाथ में है वाशिंगटन डीसी की कमान :** अमेरिका में वाशिंगटन डीसी काफी हद तक भारत की राजधानी दिल्ली की तरह है। वैसे तो अमेरिका में 50 राज्य हैं और सभी राज्यों का अपना अलग कानून है। मगर वाशिंगटन में काफी हद तक केंद्रीय कानून लागू होता है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते अमेरिकी संसद अगर चाहे तो वाशिंगटन डीसी के स्थानीय मुद्दों में भी दखल दे सकती है।

**कैसे बना था वाशिंगटन डीसी? :** 1790 में वाशिंगटन डीसी की नींव रखी गई। मैरीलैंड और वर्जिनिया के कुछ हिस्से को मिलाकर यह पूरा शहर तैयार हुआ था। हालांकि, 1847 में वर्जिनिया का हिस्सा उसे लौटा दिया गया। वाशिंगटन में केंद्रीय कानून लागू होता है और यहां का प्रशासन सीधे संसद के अंतर्गत चलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा मेला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



किया जा रहा है। इस कड़ी में धनबाद क्लब के सामने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत धनबाद नगर निगम के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने हेतु तिरंगा मेला का उद्घाटन प्रशासक -सह- नगर आयुक्त धनबाद के द्वारा किया गया।। जिसमें समूहों द्वारा निर्मित झंडा, टोपी,रिस्ट बैंड, बांस से बना उत्पाद, गोबर से बने उत्पादों,इत्यादि का स्टॉल लगाया गया।

### गया पुल अंडरपास की मरम्मत कार्य शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर गया पुल अंडर पास की मरम्मती कार्य मंगलवार व बुधवारवकी मध्य रात्रि से शुरू की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि अंडरपास की सड़क पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए उसमें सीमेंट कंक्रीट के पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। पेवर ब्लॉक की टेस्टिंग कर ली गई है। अंडरपास में बिछाए जाने वाले पेवर ब्लॉक में भार वहन करने की क्षमता प्रति वर्ग मिलीमीटर 45.37 टन है। उपायुक्त ने बताया कि आज मध्य रात्रि से अंडरपास में पेवर ब्लॉक लगाने की प्रक्रिया पथ निर्माण विभाग द्वारा आरंभ की जाएगी। वहीं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि अंडरपास में श्रमिक चौक से बैंक मोड की ओर जाने वाले मार्ग पर पेवर ब्लॉक लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान अंडरपास में वन-वे लागू रहेगा। इसके बाद बैंक मोड़ से श्रमिक चौक वाले मार्ग पर पेवर ब्लॉक लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### एसीआईबी को मिला राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुसुम कमानी ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में डेहरी डालमियानगर निवासी मनीष शरण एवं झारखंड की टीम भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो को जूलूतो फाउंडेशन, जमशेदपुर द्वारा आयोजित अल्टीमेट ग्लोरी अवॉर्ड्स समारोह में "अधिकारों की रक्षा और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष हेतु चीफ गेस्ट हॉलीवुड एक्टर्स मिथुन



चक्रवर्ती एवं पूर्व संसद जया प्रदा ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया। यह सम्मान मनीष शरण राष्ट्रीय मुख्य सचिव के दिशा निर्देश से निरंतर जनसेवा, पारदर्शिता और ईमानदारी की दिशा में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों की पहचान है। समारोह में ए सी आई बी के मनीष शरण राष्ट्रीय मुख्य सचिव, शत्रुंजय कुमार राज्य प्रमुख, झारखंड, अरविंद कुमार सिंह राज्य प्रभारी, झारखंड, सुजीत कुमार पाठक मुख्य सचिव, झारखंड एवं बाबूलाल नाग जिला प्रमुख, जमशेदपुर शामिल हुए।

### एसीआईबी को मिला राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुसुम कमानी ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में डेहरी डालमियानगर निवासी मनीष शरण एवं झारखंड की टीम भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो को जूलूतो फाउंडेशन, जमशेदपुर द्वारा आयोजित अल्टीमेट ग्लोरी अवॉर्ड्स समारोह में "अधिकारों की रक्षा और भ्रष्टाचार के



विरुद्ध संघर्ष हेतु चीफ गेस्ट हॉलीवुड एक्टर्स मिथुन चक्रवर्ती एवं पूर्व संसद जया प्रदा ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया। यह सम्मान मनीष शरण राष्ट्रीय मुख्य सचिव के दिशा निर्देश से निरंतर जनसेवा, पारदर्शिता और ईमानदारी की दिशा में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों की पहचान है। समारोह में ए सी आई बी के मनीष शरण राष्ट्रीय मुख्य सचिव, शत्रुंजय कुमार राज्य प्रमुख, झारखंड, अरविंद कुमार सिंह राज्य प्रभारी, झारखंड, सुजीत कुमार पाठक मुख्य सचिव, झारखंड एवं बाबूलाल नाग जिला प्रमुख, जमशेदपुर शामिल हुए।

### उपायुक्त ने अपने आवास व सर्किट हाउस में किया पौधारोपण

**पदाधिकारी व आमजनों से की पौधारोपण की अपील**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज उपायुक्त आवास तथा सर्किट हाउस में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपायुक्त आवास तथा सर्किट हाउस में 50-50 फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया। वहीं उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा आमजनों से पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति की रक्षा करने तथा वातावरण को हरा भरा बनाने के लिए अपने-अपने प्रांगण में पौधारोपण कर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।



# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों की डीडीसी ने की सुनवाई





**ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 41 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अंचल कार्यालय जरीडीह/ चंदनकियारी/ पेटरवार, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने की महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत पार्टी निकालेगी तिरंगा यात्रा**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज बोकारो नगर के द्वारा शहर में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की साफ सफाई एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम के मंडल प्रभारी कुमार अमित के नेतृत्व में नयामोड़ स्थित भगवान बिरसा मुण्डा और एडीएम बिल्डिंग के पास डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा स्थलों की भी साफ सफाई की। इसके उपरांत कार्यकताओं में प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कुमार अमित ने बताया कि पार्टी के इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद जवानों के परिजन को भी सम्मानित किया जाएगा एवं बुधवार को बोकारो नगर के द्वारा 12 बजे दिन में सेक्टर 4 गांधी प्रतिमा के पास स्वच्छता के उपरांत वहाँ से तिरंगा यात्रा भी निकाला जाएगा। इस अवसर



मंडल अध्यक्ष अनील सिंह, महामंत्री गोलू उपाध्यक्ष, अमित सिंह, गौरी शंकर दुबे, राज रंजन, मॉन्टी सिंह, निलम उपाध्याय, ममता गोस्वामी, नीरज पांडे, मनोज झा, विशाल गौतम, लालबाबू, शंकर त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों ने वृक्षारोपण और संरक्षण का लिया संकल्प

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में इको क्लब के तत्वाधान में विद्यालय के मध्य खंड एवं सोशल सर्विस लीग के विद्यार्थियों द्वारा 'वृक्षारोपण' आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण की भावना तथा प्रकृति के साथ अटूट संबंध को सुदृढ़ करना था। यह पहल मानव और प्रकृति के मधुर रिश्ते के साथ-साथ पर्यावरण की देखभाल एवं संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश देती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने अपने संबोधन में कहा, पेड़ केवल प्रकृति की शोभा नहीं बढ़ाते, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार हैं। उनका संरक्षण हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। रक्षाबंधन के



इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने एक अनूठी पहल करते हुए पौधों पर राखी बाँधी और उन्हें 'हरे-भरे मित्र' मानकर उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया। परिसर के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण किया गया।उपस्थित सभी ने यह वचन दिया कि वे इन पौधों की रक्षा वैसे ही करेंगे जैसे अपने परिवार के सदस्यों की करते हैं।

### उपायुक्त की पहल पर होनहार गरीब छात्रा का कॉलेज में हुआ एडमिशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की पहल पर एक होनहार गरीब छात्रा का कॉलेज में एडमिशन हो गया। दरअसल, दोनीडीह टोला, बाघमारा हरिजन बस्ती, बलियापुर की रहने वाली तुलसी कुमारी ने गत शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त को आवेदन देकर प्रार्थना की थी कि उनके माता-पिता दोनों शारीरिक रूप से दिव्यांग है। घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि वह इंटर पास है। आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए बलियापुर के बी.बी.एम. कॉलेज में नामांकन करवाना चाहती है। घर की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण माता-पिता आगे पढ़ाने में सक्षम नहीं है। उपायुक्त ने छात्रा का कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए बलियापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल दो ट्रैक्टर जब्त किए गए और संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।



**पेटरवार थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई**

पेटरवार थाना अंतर्गत ओबरा फोरलेन क्रॉसिंग के समीप मुख्य पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द किया गया तथा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

**सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में भी हुई कार्रवाई**

सेक्टर-12 थाना अंतर्गत जेप-4 कार्यालय मुख्य द्वार के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का प्रेषण करते हुए एक अन्य ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर को जब्त कर सेक्टर-12 थाना को सुपुर्द किया गया और प्राथमिकी दर्ज की गई। इस अभियान में खान निरीक्षक श्री सीताराम टुडू एवं पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया का पुनर्गठन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया वार्ड संख्या 21 के सदस्यों की बैठक दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रद्युत कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। श्री राय ने बताया कि ठाकुर कुल्ही में दुर्गा पूजा 2009 में प्रारंभ की गई थी । तब से पारंपरिक रूप से पूजा होती आ रही है । इस वर्ष भी पारंपरिक उल्लास के साथ पूजा मनाई जाएगी। पूजा के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जो तीन श्रेणी में होगी। तीनों श्रेणी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पूजा समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में 16 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी महोत्सव दुर्गा मंदिर में मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों के सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। मदन मोहन सिंह अध्यक्ष, मनीष मिश्रा सचिव, रंजीत जायसवाल कोषाध्यक्ष, जगन्नाथ पाठक, प्रद्युत कुमार राय, शशिकांत मिश्रा, बबलू सिंह, पूरन सिंह, नीरज सिंह संरक्षक, विमल कुमार, ओम शंकर ठाकुर, भीमसेन चौरसिया, भोलानाथ पांडे, प्रभास प्रसाद, मनोज सिंह, रतन उपाध्याय, बरमेश्वर चौधरी, उमेश जायसवाल उपाध्यक्ष, विकास राय, राजकुमार शर्मा, प्रदीप पाठक, मनीष पाठक सहसचिव, शशिकांत पांडे, श्रवण चौरसिया, संतोष रजक, मृत्युंजय सिंह, जयशंकर ठाकुर, अजय चौबे संगठन सचिव, सुमित पाठक, विकास राय सह कोषाध्यक्ष, रंजीत जायसवाल मीडिया प्रभारी, जयंत मिश्रा, संजीव मिश्रा, सुनील वर्मा समिति संयोजक, संजय मिश्रा, सुशील मिश्रा अंकेक्षण, प्रद्युत कुमार राय, मनोज सिंह, प्रसून पांडे पूजा प्रभारी, सुनील चौरसिया, मनीष जायसवाल, दीपक कुमार, जितेंद्र सिंह, शुभम मिश्रा कार्यक्रम संयोजक, अभिषेक सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, द्वारिका नाथ मंडल सक्रिय सदस्य, आयुष ठाकुर, दीपक दे, प्रवीर दास, आशीष जायसवाल, राकेश कुमार मिश्रा, जितेश चौरसिया, पारिजात राय, निलेश कुमार, अप्पू चौरसिया, मुकेश वैध, सुशील सिंह, कुमार कौशल, अजीत शर्मा, संजीत सिंह, अनीश सिंह, अजय सिंह, विवेक सिंह, मेघनाथ सिंह, सुभाष मंडल, राजू यादव एवं मिथिलेश ठाकुर को सदस्य बनाया गया।



### पारसनाथ स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव जरुरी-महेश पोद्दार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जैन धर्मावलंबियों की सुविधा हेतु पारसनाथ स्टेशन पर लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को जरुरी बताते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने माननीय रेलमंत्री को पत्राचार किया। यह कहा कि मधुबन (पारसनाथ) में जैन समाज के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी के दर्शन हेतु वर्ष भर में देशभर से हजारों की संख्या में जैन तीर्थयात्रियों (जिनमें प्रायः वृद्ध, महिला और बच्चों का अनुपात अधिक होता है) का आवागमन होता है। इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 1500 से 1600 यात्रियों का आवागमन होता है किंतु लंबी दूरी की कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण पारसनाथ के साथ-साथ यहां देश के विभिन्न शहरों से आनेवाले यात्रियों (विशेषकर दर्शनार्थियों) को कठिनाइयां होती है श्री पोद्दार ने यह सुझाया कि राजस्थान जानेवाली तीन जोड़ी प्रमुख ट्रेनों ट्रेन सं0 12323/12324 हावड़ा बाड़मेर-हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन सं0 12371/12372 हावड़ा-बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस तथा ट्रेन सं0 12496/12495 कोलकाता-बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस का ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर करने से यहां आनेवाले यात्रियों की समस्या का समाधान काफी हद तक संभव है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ प्रांतीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर, भूली में मंगलवार को प्रांतीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईआईटी धनबाद की प्रो. मृणालिनी पाण्डेय, विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रांतीय सचिव नकुल शर्मा, सह मंत्री एवं सप्तशक्ति संगम की क्षेत्रीय संयोजिका डॉ पूजा, प्रांतीय पालक अधिकारी अखिलेश कुमार , धनबाद विभाग प्रमुख नीरज लाल, प्राचार्य रण सुमन सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रांतीय संयोजिका रंजना सिंह, संजय शर्मा सहित झारखंड प्रांत के 24 जिलों से आय प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि प्रो. मृणालिनी ने कहा कि आप माताओं पर अपनी संस्कृति को बचाने की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। आप देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकती हैं। आप अपने मूल्य को पहचाने। संगठन मंत्री ख्यालीराम ने कहा कि मातृशक्ति से हीं परिवार चलता है। मातृशक्ति बच्चे की पहली पाठशाला होती है। कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावक माताओं एवं समाज की महिलाओं को उनके दायित्व एवं कर्तव्य से अवगत कराना है। उनको पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति भी जागरूक करना है। पयह कार्यक्रम आगे विद्यालय स्तर पर पूरे देश में आयोजित की जाएगी। प्रदेश सचिव ने कहा कि माताओं को अपनी शक्ति ज्ञात होनी चाहिए। देश की नारी जग जाएगी तो देश का कल्याण हो जाएगा। जब भी देश पर संकट आया है देश की महिलाओं ने देश को संकट से निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ पूजा ने आगे इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। सप्तशक्ति कार्यक्रम की आवश्यकता को बताया। कहा कि हम महिलाओं को देश, परिवारके लिए बड़ी भूमिका निभानी है। इसके लिए हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहना आवश्यक है।



## स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर पुलिस रहे अलर्ट : एसपी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी को लेकर सभी थाना प्रभारी को बोकारो एसपी ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश बोकारो एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान थाना प्रभारी और संबंधित डीएसपी को दिया है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बोकारो जिला नक्सली जिला रहा है ,ऐसे में 15 अगस्त शांतिपूर्ण तरीके से बीते इसके लिए सभी को निर्देश जारी किया गया है। 16 अगस्त को जन्माष्टमी है, इस दृष्टिकोण से भी विधि व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले से काफी फोर्स और अधिकारी देवघर गए थे जो वापस लौट आये है। विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से यह हमारे लिए काफी अच्छा रहेगा। पिछले दिनों माराफारी थाना क्षेत्र में जुआ खेलने के दौरान हुई हत्या पर एसपी ने कहा कि पुलिस की टीम इस पर लगी हुई है और जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।



### विधायक के विरोधियों को जमुआ का विकास हजम नहीं हो रहा है

गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कल जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से बनने जा रहे डोमनपहाड़ी चुंगलो पिच रोड से केंदुआ पिच रोड भाया दिवदाहा तक पथ निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया था। इस दौरान वहां शिलापट्ट भी लगाई गई थी। मगर बीती रात असामाजिक तत्वों ने इसे तोड़ दिया । इससे उनके समर्थकों में खासा रोष है ।

## सरस्वती विद्या मंदिर में 'कृष्ण रूप सज्जा' प्रतियोगिता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी बोकारो में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य ने मंच पर उपस्थित अतिथियों का परिचय कराकर सभी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न रूपों में सजे छोटे-छोटे प्रतिभागी रहे। किसी ने यशोदा माता का वात्सल्य रूप अपनाया, तो किसी ने माखन चुराते नटखट कृष्ण की छवि को जीवंत कर दिया। मंच पर कृष्ण भगवान और उनके विभिन्न रूप—बाल कृष्ण, वंशी बजाते मुरलीधर, और गोवर्धनधारी- ने दर्शकों को कृष्ण लीलाओं के अलग-अलग रंगों से रूबरू कराया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य में छोटी-छोटी राधाओं की मनमोहक झलक ने कार्यक्रम को और भी मनोरम बना दिया। उनके भावपूर्ण हावभाव और तालबद्ध नृत्य ने पूरे सभागार को भक्ति और आनंद से भर दिया। कक्षा अरुण, उदय, प्रभात, प्रथम व द्वितीय के भैया बहनों ने मंच पर अपनी रचनात्मकता और सजीव अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। कक्षा प्रभात और प्रथम के प्रतिभागियों ने भी सज्जा और अभिनय से आयोजन में अलग चमक भरी। कक्षा द्वितीय के भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्वीटी बहन की एकल गीत प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। गीत की मधुरता और भावनात्मकता ने सभी को कृष्ण प्रेम में डुबो दिया। यह प्रतियोगिता केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि कृष्ण भक्ति, भारतीय परंपरा और बच्चों की सृजनात्मकता का अद्भुत संगम रही। विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों और प्रतिभागियों के सामूहिक प्रयास से यह दिन सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।




## किरण पब्लिक स्कूल में शिबू सोरेन की जीवनी पर परिचर्चा का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोलडीहा स्थित किरण पब्लिक स्कूल में झारखंड के नायक स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष अशोक सिंह , निदेशक राजीव रंजन सिंह एवं प्राचार्य राघव भोक्ता ने दिवंगत शिबू सोरेन के फोटो पर माल्यार्पण करके किया । इस परिचर्चा में वर्ग सप्तम से दसवीं तक के चालीस से अधिक छात्र - छात्राओं ने उनकी जीवनी एवं योगदानों पर प्रकाश डाला । इनमें से प्रिया कुमारी , सौम्या गुप्ता , इशरत जहॉं , इफा जावेद , रेहान कादरी, सुमति कुमारी इत्यादि ने दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन ने आदिवासियों एवं पिछडे. वर्ग की जनता के लिए जो संघर्ष किया। उन्होंने महाजनी प्रथा, जमीन खोरों और सामंत किसानों की मनमानी से मुक्ति दिलवाई। इस विषय पर बच्चों ने विस्तृत रुप से अपने अपने विचार रखे।इस कार्यक्रम को करीब 400 बच्चों ने देखा और सुना। कार्यक्रम लगभग दो घंटे तक चला । इस कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्ताव रखा कि दिशोम गुरु को उनके संघर्ष एवं आदिवासियों को हक दिलवाने में अहम भूमिका रही। अतः उनकी जीवनी को सी.बी.एस.ई. के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि बच्चे पढ़े और प्रेरित हों । साथ ही विद्यालय के बच्चों एवं चेयरमैन ने दूसरा प्रस्ताव रखा कि दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को भारत रत्न व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए भारत सरकार अनुशंसा करें । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक राजीव रंजन सिंह , प्राचार्य राघव भोक्ता, शिक्षक छोटी रवानी सहित अन्य शिक्षक - शिक्षिकाओं का पूरा योगदान रहा ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK